आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 11:19 तक
उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 जून 2025
वर्ष 5, अंक 126, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल : उच्च सदन में अल्पमत में ओली सरकार 14

हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं 12

एक नजर

चांद दिखने का एलान पहला मोहर्रम आज

लखनऊ। शिया व सुन्नी चांद कमेटियों ने मोहर्रम का चांद हो जाने का एलान कर दिया है। 27 जून दिन शुक्रवार को पहला मोहर्रम होगा। मरकज़ी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी और मरकजी चांद कमेटी के फिरंगी महल के महासचिव मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने बताया कि 26 जून को मोहर्रम का चांद हो गया है। 27 जून को पहली मोहर्रम और 6 जुलाई को यौमे आशूरा मनाया जाएगा।

टैक्स मांगने पर टोल कर्मी पर चलाई गोली

कपूरथला। जालंधर-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढिलवां टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आधी रात के बाद एक कार टोल प्लाजा पर पहुंची। जब टोल कर्मचारियों ने चालक से टोल टैक्स मांगा तो उसमें से एक व्यक्ति बाहर आया और उसने गोलीबारी शुरू कर दी। टोल कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

एनआईए ने होशियारपुर में की छापेमारी

होशियारपुर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की दो टीमों ने गुरुवार तड़के उड़मड़ के गढ़ी मोहल्ला में दो घरों पर छापेमारी की। छापेमारी सुबह पांच बजे शुरू हुई और करीब छह घंटे तक चली। अभियान के दौरान एनआईए की टीमों ने व्यापक तलाशी ली।

एससीओ के साझा दस्तावेज पर हस्ताक्षर से भारत का इनकार

पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने पर रक्षामंत्री का कदम

- संयुक्त वक्तव्य के बिना समाप्त हुआ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन
- राजनाथ ने कहा-आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को त्यागना होगा

किंगदाओ, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने को लेकर गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मामले से परिचित व्यक्तियों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा वक्तव्य का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा कि मसौदा वक्तव्य में न तो पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रुख का जिक्र किया गया। सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक साधन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

बुधवार को किंगदाओ पहुंचे रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में बदलाव की व्यापक रूपरेखा रखी और एससीओ सदस्य देशों से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने तथा दोहरे मानदंडों को त्यागने का आग्रह किया। सम्मेलन में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून भी शामिल हुए। सिंह ने कहा कि शांति व समृद्धि, आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों तथा आतंकवादी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार देने की नीति साथ नहीं चल सकते। कहा कि अपने संकीर्ण व स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

चीन के क़िंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ना होगा

भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की।

तीन सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई डॉकिंग प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यान 'ड्रैगन' के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था।

यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि गुरुवार को सुबह 6:31 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे) एक्सिओम मिशन-4 के तहत स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा।

नासा के अनुसार 'डॉकिंग' प्रक्रिया भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई। अंतरिक्ष यान और आईएसएस के बीच संचार और ऊर्जा संपर्क स्थापित होने के साथ ही डॉकिंग (जुड़ने) प्रक्रिया पूरी हो गई। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। इनके अलावा, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं।

लखनऊ में जन्मे 39 वर्षीय शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे।

अपने सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद शुभांशु शुक्ला।

बच्चे की तरह चलना, खाना-पीना सीख रहा हूं: शुभांशु

नई दिल्ली। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को कहा कि वह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में एक बच्चे की तरह रहना सीख रहे हैं और जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की अपनी यात्रा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था तो निर्वात में तैरना एक अद्भुत अनुभव था। अंतरिक्ष यान से एक वीडियो लिंक के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए शुक्ला ने कहा कि बुधवार को एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण से पहले 30 दिनों तक पृथक वास के दौरान बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहने के बाद मेरे दिमाग में केवल यही विचार आया था कि हमें बस जाने दिया जाए। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से 14 दिन के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए थे।

यूपी और उत्तराखंड में ईडी की छापेमारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून/बरेली

- एनएच-74 चौड़ीकरण घोटाला से जुड़ा है मामला
- पीसीएस अफसर और करीबियों के ठिकाने खंगाले
- यूपी के सीतापुर और बरेली जिले में भी की छानबीन

अमृत विचार : उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में चर्चित राष्ट्रीय राजमार्ग-74 चौड़ीकरण घोटाले के वर्ष 2017 के एक मामले से जुड़े धन शोधन जांच के तहत गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने उत्तराखंड के एक पीसीएस अधिकारी के देहरादून, काशीपुर, बरेली और सीतापुर के ठिकानों पर एक साथ छापामारी की।

पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह वर्तमान में देहरादून स्थित डोईवाला चीनी मिल के कार्यकारी निदेशक हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में उनसे जुड़े सात ठिकानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापेमारी की गई। काशीपुर में भी ईडी की दस सदस्यीय टीम ने एक ठिकाने पर छापा मारा। यहां टीम ने घर में सभी के मोबाइल जमा करा लिए। घर का मेन गेट भी बंद करा लिया। जिसके चलते न कोई बाहर आ रहा था और न ही कोई अन्दर जा रहा है। टीम के आने की भनक पड़ोसियों तक को नहीं थी। टीम ने स्थानीय पुलिस को भी कोई सूचना नहीं दी थी।

वहीं, उत्तर प्रदेश के सीतापुर में ईडी की दो टीमों ने पीसीएस अधिकारी डीपी सिंह और उनके भाई एनपी सिंह के महोली इलाके के भुड़िया और बद्दापुर गांव स्थित आवासों पर साक्ष्य संकलित किए। इस दौरान टीम ने एनपी सिंह और उनके करीबियों से लंबी पूछताछ की। वहीं, ईडी टीम ने बरेली में डीपी के बिथरी चैनपुर स्थित इंटरनेशनल सिटी कॉलोनी स्थित आवास पर छापा मारा। घर पर कोई मौजूद नहीं मिला लेकिन टीम ने गेट में लगे कुंडे को तोड़कर देर शाम तक कागजात खंगाले।

अलकनंदा में गिरी मिनी बस, 3 की मौत व 9 लापता

- रुद्रप्रयाग में हादसा, आठ लोग घायल, ट्रक की टक्कर लगने से बस हुई अनियंत्रित
- महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश राजस्थान के श्रद्धालुओं को लेकर बद्रीनाथ जा रही थी बस

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड में गुरुवार को चारधाम यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ धाम जा रही मिनी बस (टेंपो ट्रेवलर) अनियंत्रित होकर उफनाई अलकनंदा नदी में समा गई।

बस में चालक समेत 20 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई जबकि 9 श्रद्धालु लापता हैं। आठ लोग घायल हैं। बस चालक का दावा है कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से बस बेकाबू होकर नदी में जा गिरी थी। हादसा रुद्रप्रयाग और गौचर के बीच घोलतीर गांव के पास हाइवे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मोड़ पर सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। पुलिस को इसकी सूचना करीब 7:50 बजे मिली। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय कोंडे ने बताया कि 31 सीटर मिनी बस में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे। वहीं, जिस समय बस पहाड़ी से टकराकर नदी में गिरी तो उससे पहले आठ श्रद्धालु छिटक कर नदी में गिरने से बच गए। इनमें बस चालक समेत चार गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मिनी बस नदी में समाकर लापता हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया।

घायल यात्रियों को हेलीकॉप्टर द्वारा एम्स ऋषिकेश ले जाया गया। ● एजेंसी

मृतक और घायल

तीन शवों की पहचान राजगढ़, मध्यप्रदेश निवासी विशाल सोनी (42), गौरी सोनी (41) और सूरत गुजरात निवासी ड्रिमी (17) के रूप में हुई है जबकि गंभीर घायलों में राजस्थान निवासी हेमलता पत्नी ललित सोनी, दीपिका और भावना सोनी के अलावा सुमित निवासी कनखल हरिद्वार की हालत गंभीर है। अन्य घायल-पार्थ, भव्य, अमिता सोनी और भावना सोनी निवासी राजस्थान हैं।

लापता श्रद्धालु

रवि भवसार (28), संजय सोनी (55) और सुशीला सोनी (77) निवासी उदयपुर राजस्थान, मौली सोनी (19) निवासी गुजरात, ललित सोनी (48) निवासी राजस्थान, मयूरी (24) निवासी गुजरात, चेतना सोनी (52) निवासी राजस्थान, चेष्ठा (12) निवासी गुजरात, कट्टा रंजना अशोक (52) निवासी महाराष्ट्र।

गैर मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये 2019 से पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। आयोग ने बताया कि इन राजनीतिक दलों के कार्यालय भी कहीं भौतिक तौर पर पता नहीं लगाया जा सका। इसने कहा कि ये 345 राजनीतिक दल देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में आयोग के पास पंजीकृत 2,800 से अधिक आरयूपीपी में से कई ऐसे राजनीतिक दल आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

- निर्वाचन आयोग में पंजीकृत हैं ऐसे 345 सियासी दल

नौसेना भवन में कार्यरत बाबू जासूसी में गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को दे रहा था संवेदनशील जानकारी
- ऑपरेशन सिंदूर संबंधित सूचना देने को लिए थे 50 हजार रुपये

नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में काम करने वाले एक बाबू (अपर डिवीजन क्लर्क -यूडीसी) को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने पैसों के लिए एक पाकिस्तानी जासूस को संवेदनशील रक्षा जानकारी उपलब्ध करवाई। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने आरोपी विशाल यादव को बुधवार को गिरफ्तार किया था।

पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी-सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि आरोपी यादव ने एक पाकिस्तानी जासूस को गोपनीय जानकारी साझा की जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विवरण शामिल है। इस कथित महिला जासूस ने खुद को भारतीय युवती प्रिया शर्मा बताया था। गुप्ता ने कहा कि यादव ने जानकारी देने के बदले कुल मिलाकर लगभग दो लाख रुपये प्राप्त करने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा कि इसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी लीक करने के लिए 50,000 रुपये शामिल थे।

कार खाई में गिरी, तीन युवकों ने दम तोड़ा

देहरादून। थाना कालसी क्षेत्र में कालसी-चकराता मोटर मार्ग पर जज रेट के पास गुरुवार सुबह एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, कार में चार युवक सवार थे। हादसे की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ ने पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। खाई से देहरादून नंबर की फ्रॉनक्स सिग्मा कार बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि खाई में घायल मिले मयंक चौहान पुत्र चमन चौहान निवासी मटियावा, तहसील चकराता, देहरादून को रेस्क्यू कर विकास नगर अस्पताल भेजा गया जबकि तीन युवकों के शव बरामद हुए। इन शवों की पहचान चकराता के कोटी कनासर गांव निवासी मुकेश राणा (21), सहसपुर निवासी प्रियांशु चौहान (22) और भाऊवाला, देहरादून के दीपक सती (25) के रूप में हुई।

- हादसे में एक युवक घायल अस्पताल में कराया भर्ती

सुरक्षाबलों ने जैश आतंकी को मार गिराया

जम्मू, एजेंसी

- उधमपुर में अभियान जारी, तीन आतंकी अब भी घिरे
- कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सेना सतर्क

जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के एक वन क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि तीन अन्य आतंकी अब भी घिरे हुए हैं। अधिकारियों ने बतायाा कि चार आतंकवादियों के इस समूह की पिछले एक वर्ष से तलाश की जा रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के एक संयुक्त खोज दल ने गुरुवार को सुबह जिले में बसंतगढ़ के सुदूर बिहाली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है और खराब मौसम के बावजूद व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अभियान में अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। अभियान अभी जारी है। ऑपरेशन बिहाली कोड नाम वाला यह अभियान ऐसे वक्त में शुरू किया गया है जब एक सप्ताह बाद कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होगी।

जम्मू रेंज के आईजी भीम सेन टूटी ने बताया कि आतंकवादियों का सुबह करीब साढ़े आठ बजे पता चला। बताया कि कोहरा होने के बावजूद तलाश अभियान जारी है और मौसम में सुधार होने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि जिन आतंकवादियों को घेरा गया है, वे पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं और सेना के पैरा कमांडो की अगुवाई में संयुक्त तलाश दल ने करूर नाला के पास उन्हें छिपे हुए पाया।

अहमदाबाद में क्रैश हुआ था एयर इंडिया का विमान

विमान के ब्लैक बॉक्स का निकाला जा रहा डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जांच

सरकार ने गुरुवार को कहा कि 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के ब्लैक बॉक्स से डेटा निकाला जा रहा है और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि दुर्घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

सरकार ने इस दुर्घटना में 270 लोगों के मारे जाने के करीब 15 दिन बाद इस घटना की जांच को लेकर जानकारी दी है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने तुरंत जांच शुरू की और निर्धारित नियमों के अनुसार 13 जून को एएआईबी प्रमुख की अगुवाई में एक बहु-विषयक टीम गठित की। बयान में कहा गया है कि इस टीम में एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) का एक अधिकारी और अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।

डीटीयू के वीसी जोशी का इस्तीफा

नई दिल्ली। दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) के पहले कुलपति (वीसी) प्रोफेसर धनंजय जोशी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

इस्तीफा बुधवार को उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को सौंप दिया गया, हालांकि इसे अभी आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया गया है। इस्तीफे या इसकी स्वीकृति के बारे में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। जोशी ने कहा मैंने बुधवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसे अब तक स्वीकार नहीं किया गया है। मैंने अपने पिछले संस्थान गुरु गोबिंद इंद्रप्रस्थ विवि में लौटने का भी अनुरोध किया है।

पूरे राज्य में एक दिन होगा विशेष तहसील और थाना दिवस

मुख्यमंत्री ने की सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा, छह माह से ज्यादा लंबित शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से ज्यादा समय से लंबित शिकायतों के समाधान को विशेष अभियान चलाएं।

छह माह से ज्यादा लंबित शिकायतों पर नाराज होते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करें। उन्होंने जन शिकायतें अनावश्यक फोर्स क्लोज (जबरन बंद) न करने के निर्देश देते कहा कि सीएम हेल्पलाइन राज्य की बेस्ट प्रैक्टिस में लाने को प्रभावी प्रयास करें।

गुरुवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा करते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक-एक दिन पूरे राज्य में तहसील और थाना दिवस का आयोजन करें। सीएम तहसील व थाना दिवस में किसी एक जिले में औचक रूप से प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के शीघ्र निस्तारण को जनता दर्शन, तहसील दिवस और बीडीसी का नियमित आयोजन करें। पुलिस और प्रशासन अतिक्रमण और सत्यापन अभियान और प्रभावी व संयुक्त रूप से चलाएं। प्रत्येक जिले में दो-दो गांवों को आदर्श ग्राम बनाने के लिए शीघ्र नोडल अधिकारी बनाएं।

मुख्यमंत्री ने ट्रांसफार्मरों का सेफ्टी ऑडिट कराने, खराब पोल व ट्रांसफार्मर बदलने के साथ चेतावनी दी कि अगर कहीं कम वोल्टेज और बिजली के तार लटकने की समस्या मिली तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी प्राधिकरणों को निर्देश दिए कि लोगों के घरों के नक्शे पास करने में अनावश्यक देरी न हो। सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जिलों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने शिकायतों का लिया फीडबैक

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी लिया। उत्तरकाशी के उपेन्द्र रावत की पेयजल लाइन की समस्या की डीएम को एक सप्ताह में समाधान कराने के निर्देश दिए। हरिद्वार से आलम की स्ट्रीट लाइट संबंधित शिकायत का समाधान हो चुका है। देहरादून के हृदेश नेगी की पुलिया निर्माण संबंधी शिकायत पर भी काम शुरू हो चुका है। चमोली के गौरव नौटियाल की पेयजल संबंधी शिकायत और नैनीताल के देवेंद्र की कम वोल्टेज की शिकायत का भी समाधान हो चुका है।

पंचायत चुनाव पर रोक बरकरार, आज फिर सुनवाई

हाईकोर्ट में उत्तराखंड सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने की गुरुवार को जोरदार बहस, कई दलीलें भी दीं

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मामले में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं आलोक महरा की खंडपीठ ने गुरुवार को लंबी सुनवाई के बाद रोक को बरकरार रखा। खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई के लिए आज शुक्रवार की तिथि निर्धारित की है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में पंचायत चुनाव में आरक्षण निर्धारण के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। पिछले तीन दिन से लगातार सुनवाई कर रही है। गुरुवार को भी इस मामले में सुनवाई हुई। सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता सीएससी चंद्र शेखर रावत की ओर से आरक्षण रोस्टर के पक्ष में जोरदार बहस की गई और कई दलील दी गयीं। सरकार की ओर से सीटों का आरक्षण चार्ट भी खंडपीठ के समक्ष पेश किया गया। आरक्षण रोस्टर पर दोपहर एक बजे से सुनवाई शुरू हुई, लेकिन याचिकाकर्ताओं ने अध्ययन के लिये एक दिन का समय मांगा जिसे खंडपीठ ने स्वीकार कर लिया और सुनवाई के लिए 27 जून की तिथि निर्धारित कर दी। अधिवक्ता योगेश पचोलिया ने कहा कि राज्य सरकार ने आरक्षण को लेकर गठित एकल आयोग की रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की है। उच्च न्यायालय में पंचायत चुनाव में आरक्षण तय करने के खिलाफ छह याचिकाएं दायर हैं। अधिकांश याचिकाओं में सरकार की आरक्षण प्रक्रिया को चुनौती दी गई है।

यह है मामला

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया 21 जून को चुनाव आयोग की अधिसूचना के साथ शुरू हो गई थी। राज्य चुनाव आयोग की ओर से प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार 10 और 15 जुलाई को दो चरणों में मतदान तथा 19 जून को मतगणना का कार्य होना था, लेकिन अदालत ने आरक्षण नियमावली का हवाला देते हुए गत 23 जून को अंतरिम आदेश पारित कर चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए एक दिन बाद 24 जून को चुनाव स्थगित करने की घोषणा कर दी थी।

एसएसपी नैनीताल को अवमानना का नोटिस

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रह्लाद नारायण मीणा को अवमानना का दोषी पाते हुए उन्हें अवमानना का नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। मामले के अनुसार रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर) निवासी भारती सागर ने अवमानना याचिका में कहा कि उनके पति वर्ष 2007 में थाना काठगोदाम जिला नैनीताल में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान 22 अक्टूबर 2007 को उनकी मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी थी। वर्ष 2018 में उनके द्वारा पेंशन और अन्य लाभ दिलाए जाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को निस्तारित करते हुए विभाग को निर्देश दिए कि उनको इसका लाभ दिया जाए। उनको इसका लाभ न देते हुए सरकार ने खंडपीठ में इस आदेश के खिलाफ विशेष अपील दायर की। खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को सही पाते हुए विभाग की अपील को सिरे से खारिज कर दिया। उसके बावजूद भी उन्हें पेंशन लाभ नहीं दिए गए।

दून घाटी अधिसूचना पर अब 27 को सुनवाई

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने दून घाटी अधिसूचना 1989 को राज्य सरकार द्वारा निरस्त करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई 27 जून को भी जारी रखी है। कोर्ट ने कहा कि क्यों न याचिकाकर्ता को एक मौका दिया जाए कि वे इस सम्बंध में अपना पक्ष केंद्र सरकार के इस विभाग में रखें जिसमे सर्वोच्च न्यायलय ने आदेश दिए थे कि दून घाटी को इको सेंसेटिव जोन ही रहने दिया जाए। कोर्ट ने केंद्र सरकार से स्थिति से अवगत कराने को कहा है। अभिनव थापर ने याचिका में कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 1989 में दून घाटी को पर्यावरणीय दृष्टि से इको सेंसेटिव जोन घोषित किया था। राज्य सरकार इसका स्वरूप बदल रही है। इसका स्वरूप बदलने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति लेनी आवश्यक है। उसी का नोटिफिकेशन है जबकि राज्य सरकार प्रदेश के मुख्य प्रदूषित क्षेत्र देहरादून, काशीपुर व ऋषिकेश को साफ करने के नाम पर बजट केंद्र से ले रही है जोकि नोटिफिकेशन के विरुद्ध है। कई शर्त रखी गयी हैं। उनका अनुपालन करने के बाद ही राज्य सरकार केंद्र की अनुमति के बाद नोटिफाइड कर सकती है।

हाईकोर्ट ने नहीं दी हत्यारोपी दिलबाग सिंह को राहत

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की खंडपीठ ने नानकमत्ता के डेरा साहिब प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्यारोपी दिलबाग सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए आरोपी को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तिथि नियत की है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान आरोपी को सजा दिलाए जाने को लेकर कई सुबूत न्यायालय में पेश किए गए। कहा गया कि, आरोपी व उसके अन्य साथी बुलेट मोटरसाइकिल में आए थे, जिसकी पुष्टि सीसीटीवी कैमरे, गवाह, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुई है जबकि आरोपी की तरफ से कहा गया कि जांच में कई नए तथ्य आए हैं, लिहाजा उनको कोर्ट के सामने पेश करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तिथि नियत की है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार व अन्य द्वारा जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि बाबा तरसेम सिंह की बिना किसी दोष के हत्या हुई है इसलिए अपराधी को फांसी या आजीवन कारावास की सजा दी जाए। मामले के अनुसार, नानकमत्ता के डेरा साहिब प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च, 2024 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने काफी जांच के बाद आरोपी गिरफ्तार किए थे।

तीन जजों की लार्जर बेंच ने एकलपीठ को भेजा मामला

विधि संवाददाता, नैनीताल

- बीएड डिग्रीधारक अभ्यर्थियों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई

अमृत विचार : उत्तराखंड हाईकोर्ट के तीन जजों की लार्जर बेंच ने बीएड डिग्रीधारक अभ्यर्थियों को सहायक अध्यापक प्राथमिक के पदों पर नियुक्ति देने के खिलाफ राज्य सरकार की स्पेशल अपील की सुनवाई के बाद इस मामले को सुनवाई के लिए पुनः एकलपीठ को भेज दिया है।

यह मामला हाईकोर्ट में वर्ष 2008 से विचाराधीन है। तब से सहायक अध्यापक के 31 पदों को हाईकोर्ट के निर्देश पर रिजर्व रखा गया है। गुरुवार को सरकार की स्पेशल अपील की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र, न्यायमूर्ति आलोक वर्मा एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय के समक्ष हुई। बता दें कि वर्ष 2006 में सरकार ने सहायक अध्यापक प्राथमिक शिक्षा के 1100 पदों के लिये विज्ञप्ति जारी की जिसके लिये बीएड डिग्रीधारी मनोज कुमार व कई अन्य ने भी आवेदन किया लेकिन विभाग ने बीएड डिग्री को सहायक अध्यापक प्राथमिक शिक्षा के लिये योग्य नहीं माना और उन्हें नियुक्ति नहीं दी जिसे मनोज कुमार व अन्य ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। वर्ष 2022 में न्यायधीश रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में आदेश दिया जिसके खिलाफ सरकार ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में स्पेशल अपील दायर की। खंडपीठ में दूसरे न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल थे। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी ने बीएड डिग्रीधारकों के पक्ष में जबकि न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने बीएड डिग्रीधारियों के खिलाफ आदेश दिया था। खंडपीठ के एकमत न होने के कारण याचिका लार्जर बेंच को भेजी गई थी। इसी तरह के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने देवेश शर्मा केस में बीएड डिग्री को सहायक अध्यापक के योग्य नहीं माना है। उत्तराखंड हाईकोर्ट की लार्जर बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश के क्रम में यह याचिका एकलपीठ को लौटा दी है।

मंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

पुस्तक का विमोचन करते मंत्री डॉ. धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने हिमालयन ग्रीन ट्रेजर यूजफुल प्लांट्स ऑफ उत्तराखंड पुस्तक वेस्टर्न हिंसलया इंडिया का लोकार्पण किया।

बुधवार को नैनीताल क्लब में हुए कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन पर डॉ.रावत ने सभी लेखकों को बधाई दी। हिमालय ग्रीन ट्रेजर यूजफुल प्लांट ,वेस्टर्न हिमालय इंडिया पुस्तक में उत्तराखंड की 1265 पौधों की प्रजातियों जोकि 757 कुल की है का वर्णन है, जिसमें द्विबीज पत्री की 125 कुल तथा 1052 वंश ,एकबीज पत्री की 24 कुल तथा 102 वंश तथा 163 प्रजातियां शामिल है । जिम्नास्पर्म की 5 फैमिलीज 9 वंश 14 प्रजाति शामिल है। पुस्तक में सभी के अपडेटेड बोटेनिकल नाम, विवरण, उपयोग व वितरण इस पुस्तक में दिया गया है। पुस्तक को वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. कंचन उप्रेती, डॉ. नवीन चंद्र पांडे, गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण संस्थान लद्दाख के डॉ. नवीन चंद्र, यूसेक देहरादून के डॉ. गजेंद्र सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी व फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज के प्रो. यशपाल सिंह पांगती द्वारा लिखा गया है। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्य, डॉ. विजय कुमार, डॉ. मोहित रौतेला, नितिन कार्की, डॉ. दीपक मेंलकानी आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने दी वित्तीय स्वीकृति

देहरादून : सीएम पुष्कर सिंह धामी ने डीएम ऊधमसिंह नगर की संस्तुति के क्रम में सावित्री कुशवाहा पत्नी स्व. लक्ष्मी नारायण तथा डीएम नैनीताल की संस्तुति के क्रम में हरीश कुमार अग्रवाल को 20,000 रुपये प्रतिमाह लोकतंत्र सेनानी पेंशन अनुमन्य करने का अनुमोदन प्रदान किया है। यमकेश्वर के ग्राम मौन, नीलकण्ठ में पीएचसी टाइप ए की स्थापना हेतु मानकों में शिथिलीकरण का अनुमोदन दिया है। राज्य अतिथि गृह ऑफिसर्स ट्रांजिट हास्टल, रेसकोर्स में पूर्व में स्वीकृत कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य रिनोवेशन/स्ट्रैन्थनिंग के कार्य हेतु 295.12 लाख की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है। रुद्रप्रयाग शाखा के अन्तर्गत बनियारी जवाहर नगर पेयजल योजना हेतु नलकूप निर्माण एवं तत्संबंधी कार्यों हेतु 308.12 लाख की धनराशि स्वीकृत की है।

उत्तराखंड को केंद्र से मिल रहा सहयोग

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी ने किया दून में लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान कार्यक्रम को संबोधित

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र देहरादून में आयोजित आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नरेन्द्र मित्तल, रणजीत जुयाल सहित 10 लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के वन सम्बंधित मामलों का तत्परता से निस्तारण हो रहा है।उत्तराखंड को केंद्र सरकार का हर संभव सहयोग एवं मदद प्राथमिकता पर मिल रही है। लोकतंत्र सेनानियों को महानायक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में आपातकाल का कालखंड हमेशा एक काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। यह फैसला हमेशा की तरह देश को अपनी जागीर समझने वाले एक परिवार की हठधर्मिता और तानाशाही रवैए का परिणाम था।

देहरादून में सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पुण्यभूमि पर भी ऐसे अनेक सपूतों ने जन्म लिया, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय देते हुए उस जनक्रांति में अग्रणी भूमिका निभाई थी। बागेश्वर के चंद्र सिंह राठौर ने शिक्षक रहते हुए छात्रों में लोकतंत्र के प्रति आस्था जाग्रत करने का कार्य किया जिसके लिए उन्हें कई यातनाएं झेलनी पड़ीं, यहां तक कि अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ा, जिसे 32 वर्ष के संघर्ष के बाद वे दोबारा प्राप्त कर सके। पौड़ी के गोविंद राम ढींगरा को भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध रखने के लिए जबरन जेल में डाल दिया गया था। उत्तराखंड के प्रत्येक जिले में ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जिन्होंने लोकतंत्र को पुनर्स्थापित करने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। कहा कि, लोकतंत्र का महत्व समझने के लिए आज के युवाओं को आपातकाल का इतिहास जानना होगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अस्थायी पार्किंग में हो हरेला मेले का आयोजन

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : स्थानीय सभासद शुभम नैनवाल के बाद अब पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र चनौतियां ने भी भीमताल के सदियों पुराने हरेले मेल को अस्थाई पार्किंग में आयोजित करने की मांग की है। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष हरेला मेला व्यापक रूप लेता जा रहा है।

रामलीला ग्राउंड में हरेला मेला आयोजित होता है, वहां पर सुविधाओं के अभाव के चलते अब इसको विस्तृत क्षेत्र में आयोजित करने की आवश्यकता है। रामलीला मैदान के आसपास वर्तमान में सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस कारण मोटर मार्ग संकरा हो गया है। मेले के दौरान जाम तो लगेगा ही, साथ ही रामलीला ग्राउंड में पानी की व्यवस्था से लेकर शौचालय की व्यवस्था भी अस्थाई रूप से करनी पड़ती है। बैठक में सभासद शुभम नैनवाल, मोहित पडियार, शिप्रा जोशी, विनीत जोशी आदि मौजूद थे। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उदयवीर सिंह ने बताया कि हरेले मेले की तैयारी को लेकर शीघ्र ही उप जिलाधिकारी की उपस्थिति और नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी।

देवेंद्र चनौतिया।

चार आईएएस को अतिरिक्त प्रभार

देहरादून, अमृत विचार : शासन ने गुरुवार को 4 आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह पतियाल द्वारा जारी सूची में सचिव गन्ना रणवीर सिंह चौहान से परियोजना निदेशक नमामि गंगे का प्रभार वापस लिया गया है। डीएम टिहरी गढ़वाल नितका खंडेलवाल को उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण टिहरी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अपर सचिव शहरी विकास गौरव कुमार को अपर सचिव सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी, प्रबंध निदेशक हिल्ट्रान की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। प्रबंध निदेशक, गढ़वाल मंडल विकास निगम को परियोजना निदेशक नमामि गंगे जबकि अपर सचिव पेयजल, गृह अपूर्वा पांडे को निदेशक स्वजल की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

पंपिंग पेयजल योजना ठप, ग्रामीण हलकान

संवाददाता, भीमताल

- लो वोल्टेज के कारण बनी समस्या, ग्रामीणों ने 20 किमी के फीडर से विद्युतापूर्ति कराने की उठाई मांग

अमृत विचार : विकासखंड भीमताल के अंतर्गत बानना पिनरौ पंपिंग पेयजल योजना पिछले 8 दिनों से बंद पड़ी है। इस कारण पर्वतीय क्षेत्रों के ग्रामीण पेयजल की सुविधा से वंचित है।

आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया बताते हैं कि भीमताल से हैड़ाखान फीडर तक की लंबाई लगभग 110 किलोमीटर है। जिसकी सप्लाई भीमताल से की जाती है। काफी लंबा फीडर होने के कारण जब भी इस लंबी बिजली लाइन में कार्य होता है तो पूरे ग्रामीण क्षेत्र की लाइन बंद हो जाती है। वहीं, लो वोल्टेज के चलते महत्वपूर्ण पंपिंग योजना पिछले आठ दिनों से बंद है। इस दौरान अवगत कराया कि उनके द्वारा पूर्व में अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को एक प्रार्थना पत्र देकर इस लंबे फीडर से बिजली की आपूर्ति न करके जंगलिया गांव क्षेत्र से गांव में बिजली की आपूर्ति की जाने की मांग की थी। इससे लो वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगा। ग्रामीणों के अनुसार, उनके द्वारा कई बार इस समस्या को विभिन्न मंचों में उठाया गया, पर विभागों की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों ने मात्र 20 किलोमीटर के फीडर से गांव में विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है।

स्कूलों का मर्जर ग्रामीण शिक्षा की आत्मा पर प्रहार

भीमताल : शिक्षा विभाग की ओर से 05 से कम छात्रों वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने का प्रस्ताव केवल प्रशासनिक आंकड़ों को समेटने की कवायद नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा की आत्मा पर सीधा प्रहार है। जिला महामंत्री उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ नैनीताल वंशीधर कांडपाल ने बताया कि विद्यालय किसी भवन या संख्या का नाम नहीं होता, वह गांव के बच्चों के लिए आत्मविश्वास, पहली पहचान और जीवन की बुनियाद होता है। स्कूलों का मर्जर दरअसल गांवों की सांस्कृतिक विरासत और बच्चों के सामुदायिक जुड़ाव को नष्ट करने की एक धीमी, लेकिन सुनिश्चित प्रक्रिया है।

वंशीधर कांडपाल।

पर्वतीय मार्गों पर बरतें विशेष सतर्कता: सीएम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध ने की प्रदेशवासियों व पर्यटकों से अपील
- रुद्रप्रयाग में हुई दुर्घटना के मृतकों के प्रति व्यक्त की शोक संवेदना

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों और यात्रियों से पर्वतीय मार्गों पर यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

गुरुवार को रुद्रप्रयाग में हुई वाहन दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि घायलो को त्वरित चिकित्सा सहायता दी जा रही है और लापता लोगों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशासन एवं परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक वाहनों की लगातार जांच सुनिश्चित की जाए। खतरनाक मोड़ों और ढलानों पर चेतावनी संकेतकों की व्यवस्था दुरुस्त की जाए तथा आवश्यक स्थलों पर सुरक्षा रेलिंग एवं पैराफिट सुनिश्चित किए जाएं। प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मौसम पूर्वानुमानों को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्गों की स्थिति की निगरानी करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी समय में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु दीर्घकालिक सुरक्षा उपायों की कार्य योजना तैयार की जाए।

सख्ती सीएस बर्द्धन ने एन्कॉर्ड की बैठक में दिए निर्देश, डीएम-एसएसपी निभाएं खास भूमिका, नवनीत बने सिंगल पॉइन्ट नोडल अधिकारी

नशे की जड़ें काटने को एसएसपी एसटीएफ को पूरी छूट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य सचिव (सीएस) आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एन्कॉर्ड) की बैठक ली। सीएस ने प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं पर नशे के बढ़ते प्रकोप पर काबू करने के लिए कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि इसके लिए डीएम और एसएसपी को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

सीएस ने नशे की बिक्री को रोकने के लिए प्रवर्तन को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि नशे को रोकने के लिए पुलिस विभाग को कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह को नशे के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने हेतु पूरी छूट देते हुए सिंगल पॉइन्ट नोडल अधिकारी नामित किया। उन्होंने कहा कि नशे की जड़ों को काटने के लिए उन्हें जो भी आवश्यकता है, उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के लिए बने इस ईको सिस्टम को तोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में एक साथ अभियान चलाया जाए, जिसमें प्रत्येक सम्बन्धित विभाग को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को ड्रग इंस्पेक्टर को भी इस अभियान में शामिल किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि डिमांड और सप्लाई की चेन को तोड़ने में प्रत्येक अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभानी होगी। सही तरीके से काम नहीं कर पा रहे अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अपने जनपदों में शिक्षण संस्थानों और हॉस्टल आदि के प्रमुखों से वार्ता कर उन्हें अपने संस्थानों में मेडिकल टेस्ट करने हेतु राजी करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए उपकरण एवं टेस्ट मैटीरियल की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भी इसमें सहयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों का मेडिकल टेस्ट कराए जाने हेतु लगातार अभियान चलाए जाने की बात कही।

सचिवालय में एन्कॉर्ड की बैठक लेते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

जागरूकता अभियान संचालित करें

मुख्य सचिव ने वृहद स्तर पर राज्य एवं जनपदों में जागरूकता अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए गृह विभाग, सूचना विभाग, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग को एक दिन निर्धारित करते हुए वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित किए जाने की बात कही। कहा कि जागरूकता गतिविधियों में सोशल मीडिया एवं सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर को भी शामिल किया जाए। प्रदेश भर में लगातार इस प्रकार के जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं।

फार्मेसी दक्षता परीक्षा में प्राप्त की सफलता

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित भेषज विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय फार्मेसी दक्षता परीक्षा जीपैट 2025 में सफलता हासिल की है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. कुमुद उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष भारत सरकार की संस्था नेशनल मेडिकल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा देशभर के फार्मेसी स्नातकों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर स्नातक फार्मेसी दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

भेषज विज्ञान विभाग के 6 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल करके विवि का नाम रोशन किया है। इसमें खुशी देवल ने जीपैट में 224 रैंक व नाइपर में 839 वीं रैंक, अमित सिंह ने जीपैट में 1037 रैंक और नाइपर में 324वीं रैंक, प्रशांत जोशी ने जीपैट में 1328 रैंक व नाइपर में 481वीं रैंक, मोहित सिंह ने जीपैट में 1340 रैंक व नाइपर में 796 वीं रैंक, श्रुति जायसवाल ने जीपैट में 2361 रैंक व नाइपर में 518वीं रैंक अखिल भारतीय स्तर पर हासिल की है। बीफार्मा तृतीय वर्ष के छात्र आयुष मिश्रा ने जीपैट में अखिल भारतीय स्तर पर 816वीं रैंक हासिल की है। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, परिसर निदेशक प्रो. एलके सिंह, विभागाध्यक्ष एवं डीन टेक्नोलॉजी प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय, प्रो. अनीता सिंह, प्रो. अर्चना नेगी साह, डॉ. तीरथ कुमार, डॉ. महेंद्र राणा, डॉ. राजेश्वर कमल कांत आदि ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया है।

मार्ग पर जलभराव जनता हलकान

भीमताल, अमृत विचार : भीमताल-नौकुचियाताल मोटर मार्ग पर जलभराव होने से जनता परेशान है। तीन किमी लंबे मोटर मार्ग का जिम्मा लोक निर्माण विभाग भवाली के पास है। देखरेख के अभाव में कई स्थानों पर सड़क में पानी भरा हुआ है।

जिसके चलते परेशानी हो रही है। क्षेत्रीय जनता जलभराव के बीच से आवाजाही करने को मजबूर है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने बताया कि समस्या से कई बार विभाग को अवगत कराया गया है। विभाग के द्वारा बरसात से पूर्व समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बरसात शुरू होने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। समस्या का समाधान नहीं होने के कारण वाहन चालक भी परेशान हो रहे हैं।

आज का मौसम

आसमान में बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

31.0°	26.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.15	सूर्यास्त 19.15

एक नजर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हल्द्वानी में

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आज हल्द्वानी में आगमन प्रस्तावित है। वे दोपहर 12 बजे आर्मी हेलीपैड, हल्द्वानी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भेंट करेंगे। उपराष्ट्रपति के आर्मी हेलीपैड से बरेली एयरपोर्ट के लिए रवाना होने के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 12 : 50 बजे निर्माणाधीन बहुउद्देशीय जमरानी बांध परियोजना के कार्यों एवं आसपास के क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके पश्चात वह देहरादून रवाना हो जाएंगे।

सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

हल्द्वानी : चिनियानौला रानीखेत निवासी कुंदन सिंह (66 वर्ष) पुत्र रूप सिंह को बुधवार को रानीखेत में एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत नाजुक होने पर जयपाल को एसटीएच रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान गुरुवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उधर, लालकुआं के राजीवनगर निवासी जयपाल (51 वर्ष) पुत्र लीलाधर 19 जून को ट्रेन की चपेट में आ गए। जयपाल को एसटीएच में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा था। गुरुवार को सात दिन इलाज चलने के बाद उनकी मौत हो गई।

सावधान: हर मोड़ पर मौत का साया, सुरक्षा इंतजाम नदारद

बिना क्रैश बैरियर के नहरों के किनारे दौड़ते हैं बड़ी संख्या में वाहन, हर समय हादसे होने का अंदेशा, जिम्मेदार लापरवाह

अमृत विचार पड़ताल

पवन सिंह कुंवर, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर की कई मुख्य और व्यस्त सड़कें नहरों के किनारे बनी हुई हैं, लेकिन इन पर सुरक्षा के नाम पर बेहद गंभीर लापरवाही देखने को मिल रही है। कहीं क्रैश बैरियर गायब हैं तो कहीं पैराफिट ही नहीं बने हैं। वर्तमान में शहर की सड़कें हादसों को दावत दे रही हैं। शहर में तेजी से बढ़ते यातायात और रिहायशी विस्तार के बीच नहर किनारे की ये सड़कें बिना सुरक्षा इंतजामों के मौत का सबब बन रही है। अमृत विचार की टीम नें जब गुरुवार को शहर के कई क्षेत्रों की पड़ताल की, तो कई सड़कों पर क्रैश बैरियर ही नहीं थे, तो कई जगह पर स्पीड ब्रेकर भी नहीं बनाए गए हैं।

यूओयू से तीनपानी की सड़क पर सुरक्षा गायब

हल्द्वानी : यूओयू (उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय) से तीनपानी की ओर जाने वाली सड़क नहर के किनारे स्थित है, लेकिन यहां क्रैश बैरियर पूरी तरह से गायब हैं। नहर से सटी यह सड़क बिना किसी सुरक्षा के वाहनों के लिए बेहद खतरनाक बन चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जरा सी चूक बड़ा हादसा बन सकती है।

एसटीएच रोड पर पैराफिट नहीं

हल्द्वानी : सुशीला तिवारी अस्पताल के पास नहर किनारे स्थित मुख्य सड़क पर भी पैराफिट गायब हैं। सड़क पर सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। राहगीरों और वाहन चालकों को हर वक्त खतरे का सामना करना पड़ता है। खासकर रात के समय।



मंडी फायर स्टेशन के पास भी लापरवाही

हल्द्वानी : मंडी फायर स्टेशन के पास नहर के किनारे से होकर गुजरने वाली सड़क पर भी कई जगह क्रैश बैरियर नहीं लगाए गए हैं। नहर के बिल्कुल बगल से गुजरती इस सड़क पर जरा सी लापरवाही किसी गंभीर हादसे में बदल सकती है। स्थानीय लोग लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे हैं।

क्रैश बैरियर लगाने के लिए प्रस्ताव बनाया जा रहा है। शीघ्र ही नहरों के किनारे क्रैश बैरियर लगाएं जाएंगे। **-प्रत्यूष कुमार,** अधिशासी अभियंता लोनिवि

टीपीनगर की ओर जाने वाली नहर रोड पर भी बना है खतरा

हल्द्वानी : सुशीला तिवारी के पीछे से टीपीनगर की ओर जाने वाली सड़क भी नहर के साथ-साथ चलती है। इस सड़क पर भी क्रैश बैरियर नहीं हैं। स्कूल और रिहायशी इलाकों से होकर गुजरने वाली इस नहर किनारे की सड़क पर वाहन तेज गति से दौड़ते हैं, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ जाता है।

मौत के मोड़ पर देर से जागे जिम्मेदार

हल्द्वानी : शहर के मंडी फायर स्टेशन के पास नहर किनारे की सड़क पर तीखे मोड़ पर पहले स्पीड ब्रेकर नहीं था। बुधवार को हुए हादसे में चार लोग जान गंवा बैठे। बुधवार को हुई एक दुर्घटना के बाद जिम्मेदार हरकत में आए और आनन-फानन में यहां स्पीड ब्रेकर बनाए। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के बाद कार्रवाई करना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। जिम्मेदारों को सभी संवेदनशील मोड़ की पहले से पहचान कर सुरक्षा उपाय करने चाहिए, ताकि भविष्य में जान-माल का नुकसान रोका जा सके।

एक भी मकान टूटने नहीं दिया जाएगा: सुमित

- विधायक सुमित हृदयेश ने कहा- प्रशासन की मनमानी नहीं चलेगी
- पंचेश्वर मंदिर परिसर में आपत्ति कैंप का किया दौरा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अतिक्रमण को लेकर हो रही कार्रवाई पर विधायक सुमित हृदयेश ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मनमानी नहीं चलेगी और एक भी मकान टूटने नहीं दूंगा।

विधायक सुमित ने गुरुवार को आवास विकास स्थित पंचेश्वर मंदिर परिसर में प्रशासन के लगाए आपत्ति कैंप का दौरा किया। उन्होंने अतिक्रमण को लेकर स्थानीय निवासियों को भेजे जा रहे नोटिसों पर गहरा रोष व्यक्त किया और कैंप में अपनी आपत्ति दर्ज कराई। विधायक ने आरोप लगाया कि प्रशासन लगातार गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी वे सुभाष नगर में आयोजित आपत्ति कैंप में पहुंचे थे और वहां भी उन्होंने दर्जनों आपत्तियां प्रशासन के समक्ष रखी थीं। उन्होंने अधिकारियों से इन आपत्तियों का स्पष्ट और लिखित उत्तर मांगा था, लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं मिला। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि हल्द्वानी की जमीनी हकीकत जाने बिना कोई भी बाहरी अधिकारी यहां अपनी सनक नहीं थोप सकता। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह एकतरफा रवैया किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने कहा मैंने इन गलियों में अपना बचपन बिताया है, यहा की हर गली व हर परिवार से मेरा गहरा नाता है। मैं किसी भी सूरत में एक भी गरीब का आशियाना उजड़ने नहीं दूंगा। प्रशासन चाहे जितनी कोशिश कर ले, मैं जनता के साथ खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा।

प्रशासन के कैंप में मौजूद विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

भविष्य निर्माण के सेंटर बने आंगनबाड़ी केंद्र

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को हल्द्वानी में तीन आंगनबाड़ी केंद्रों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। यह आंगनबाड़ी केंद्र राजेंद्र नगर प्रथम (राजपुरा), सुभाष नगर चतुर्थ और दमुवाढूंगा मल्ली बमौरी में बनाए गए हैं। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र भवन की लागत 18.57 लाख रुपए आई है।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र कोई सामान्य भवन नहीं है, बल्कि बच्चों को स्वस्थ, शिक्षित और संस्कारी बनाकर उत्तराखंड के भविष्य को संवारने का माध्यम भी है। बच्चों को उचित पोषण और शिक्षा देने की शुरुआती जिम्मेदारी आंगनबाड़ी केंद्रो पर ही हैं।

अगर बच्चों का बचपन स्वस्थ रहेगा, तो प्रदेश को ज्यादा कुशल मानव संसाधन उपलब्ध होगा। कहा कि हाल ही में 7000 से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की नियुक्ति होने के बाद निश्चित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्य कुशलता में बढ़ोत्तरी होगी। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र बाली, रजनी बाली, पार्षद प्रीति आर्या, भरत वल्दिया, हेमंत साहू, वीरेंद्र जायसवाल, हीरालाल साहू, पार्षद पंकज त्रिपाठी, पूर्व पार्षद राजेंद्र भाकुनी, पार्षद नेहा अधिकारी, दिनेश वर्मा, विक्रम अधिकारी आदि थे।

एकल महिला स्वरोजगार योजना पर करें फोकस : कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं से एकल महिला स्वरोजगार योजना के प्रचार पर फोकस करने को कहा। मंत्री ने कहा कि इस योजना के बारे में अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पात्र महिलाओं तक इसकी जानकारी पहुंचाएं, जिससे वह सरकारी सहायता प्राप्त करके अपना रोजगार खड़ा कर सके।

एक बच्ची से आंगनबाड़ी केंद्र का रिबन कटवातीं मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

किसी के साथ नहीं होने दिया जाएगा अन्याय

हल्द्वानी : आंगनबाड़ी केंद्रों के लोकार्पण को पहुंची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या से अतिक्रमण को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने कुछ खुलकर तो नहीं बोला, लेकिन इतना जरूर कहा कि वह किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार इस मुद्दे को संज्ञान में ले चुका है। विधिक प्रक्रिया के तहत जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा। बता दें कि आवास विकास में प्रशासन ने नालों पर बनाए गए मकान के ध्वस्तिकरण के निर्देश दिए हैं। इससे पहले उन सभी लोगों को नोटिस दिए गए हैं, जिन्होंने नालों पर कब्जा जमाया हुआ है।

अब फिर से साक्षात्कार का इंतजार

हल्द्वानी: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति होनी थी, लेकिन आचार संहिता होने की वजह से यह भर्ती रुक गई। राजकीय महिला अस्पताल में एसएनसीयू के 24 घंटे संचालन के लिए कम से कम छह नर्सें चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आउटसोर्स से नर्सों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। 23 और 24 जून को सीएमओ कार्यालय नैनीताल में नर्सों के साक्षात्कार भी होने थे, लेकिन यह रद्द कर दिए। सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत ने 21 जून को आदेश जारी कर कहा कि अपरिहार्य कारणों से यह भर्ती रोकी जा रही है। हालांकि इसका कारण पंचायत चुनाव की वजह से लगी आचार संहिता थी। पंचायत चुनाव पर रोक लगा दी गई, जोकि अभी भी बरकरार है। ऐसे में नर्सों को फिर से उम्मीद हो गई कि शीघ्र ही यह भर्ती फिर से होगी।

संदिग्ध हालात में मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: घर से कुछ दूरी पर ही एक प्रॉपर्टी डीलर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं, परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि करंट लगने से प्रॉपर्टी डीलर की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

आनंद सिंह। (फाइल)

वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि ग्राम देवीपुर मूलिया बसई निवासी 54 वर्षीय आनंद सिंह नेगी पुत्र जय सिंह नेगी गुरुवार सुबह घर से निकले थे। घर से कुछ दूरी पर स्थित एक दूध डेयरी के समीप उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। बताया कि प्रथम दृष्टया मौत बिजली का करंट लगने से प्रतीत होती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक प्रॉपर्टी डीलर का काम करते थे। उनकी दो पुत्री और एक पुत्र है। उनकी मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

5 जुलाई को शिक्षक संघ का कार्य बहिष्कार

हल्द्वानी: राजकीय शिक्षक संघ ने पांच जुलाई को पदोन्नति को लेकर कार्यबहिष्कार का ऐलान किया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से वह पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन विभाग और सरकार उनकी सुध नहीं ले रहे हैं।

संघ के कुमाऊं अध्यक्ष डॉ. गोकुल सिंह मर्तोलिया ने बताया कि कार्य बहिष्कार की तैयारी कर ली गई है। पदाधिकारियों का कहना है कि नौ साल से शिक्षक पदोन्नति की तैयारी कर रहे हैं। बावजूद इसके अभी तक पदोन्नति को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे शिक्षकों में रोष है। बताया कि शिक्षकों यह बात पहुंचा दी गई है कि कोई भी कुमाऊं के सरकारी विद्यालय में पांच जुलाई को पठन-पाठन कार्य संपादित नहीं करेगा।

गोलीकांड: आठ गिरफ्त में मुख्य आरोपी का सरेंडर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- टीपीनगर चौकी क्षेत्र में बिड़ला स्कूल के पास कार सवार लोगों पर हुआ था जानलेवा हमला

अमृत विचार : टीपीनगर चौकी क्षेत्र में सरेआम गोलियां बरसाकर जानलेवा हमला करने के आरोपी पुलिस के शिकंजे में फंस गए हैं। इस मामले आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया है जबकि मुख्य आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इस वारदात के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है।

टीपीनगर चौकी क्षेत्र स्थित बिड़ला स्कूल के पास फायरिंग और पथराव की घटना बीती 23 जून की है। 25 जून को चांदनी चौक बल्यूटिया आनंदपुर रामपुर रोड निवासी जितेंद्र सिंह मेहरा ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को बताया था कि 23 जून को शाम साढ़े सात बजे उसका छोटा भाई हरीश मेहरा अपने साथी नीरज भगत, भूपेंद्र सिंह बोरा व गणेश सिंह दरम्वाल के साथ कार से बिड़ला स्कूल से छड़ायल की तरफ जा रहा था। कार को नीरज भगत चला रहा था। आरोप है कि तीनतास प्रेमपुर लोश्ज्ञानी रोड को क्रॉस करते ही जब सभी बिड़ला स्कूल की तरफ मुड़े तो वहां पहले से घात लगाए बैठे रोहित मंडोला उर्फ राजा व उसके 10-12 हथियारबंद साथियों ने गाड़ी पर हमला कर दिया। उनके भाई को बचाने के लिए जब भूपेंद्र व गणेश कार से बाहर आए तो हथियारबंद लोगों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि रोहित मंडोला उर्फ राजा ने पिस्टल निकालकर उनके भाई पर फायर झोंक दिया। पिस्टल से निकली गोली भूपेंद्र को लग गई। रोहित ने दूसरी गोली भी भूपेंद्र को मार दी। रोहित मंडोला उर्फ राजा के साथ अन्नू बिष्ट, विशाल बिष्ट, अक्षय रंगवाल, उज्जवल परगांई भी हथियारबंद बताए गए। हमले में भूपेंद्र, गणेश व हरीश सिंह मेहरा को गंभीर चोटें आईं जिनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। नीरज भगत जान बचाते हुए मौके से भागा और मोबाइल से घटना की वीडियो बना ली थी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। सूत्रों के अनुसार, रोहित मंडोला ने बुधवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्त में ले लिया है। हालांकि अभी तक इस बारे में पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी है।

आंकड़ा पिछले तीन वर्षों में नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में सामने आईं सबसे कम घटनाएं, वर्ष 2022 में दर्ज हुईं थीं सर्वाधिक शिकायतें

पहाड़ों में बढ़ा दुष्कर्म, कुमाऊं में 365 दिन में 326 वारदातें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अपराध और अपराधियों के लिहाज से पहाड़ी जिलों को बेहद शांत माना जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। जहां एक ओर अपराध के लिए बदनाम मैदानी जिलों में घटनाएं लगातार कम हो रही हैं, वहीं पहाड़ पर आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हालांकि मैदानी जिलों में घटनाएं उस रफ्तार से कम नहीं हो रही हैं, जिसे अच्छा संकेत माना जाए। कुमाऊं के सभी छह जिलों में पिछले वर्ष की घटनाएं देखें तो 365 दिन में पुलिस ने दुष्कर्म की 326 वारदातें दर्ज की थीं।

पिछले तीन वर्ष की तुलना में वर्ष 2022 में दुष्कर्म की सर्वाधिक घटनाएं हुईं थी और सबसे ज्यादा 267 घटनाएं ऊधमसिंह नगर के विभिन्न थानों में दर्ज की गईं थी। इस मामले में 110 घटनाओं के साथ नैनीताल जिला दूसरे नंबर था। इस वर्ष चम्पावत में 9, बागेश्वर में 13, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा में 17-17 घटनाएं दर्ज की गईं थी। इन चार जिलों में अगर बागेश्वर को अलग कर दें तो अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चम्पावत में दुष्कर्म की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

अल्मोड़ा में वर्ष 2022 में जहां 17 घटना हुईं, वहीं वर्ष 2024 में 21 मामले दर्ज किए गए। पिथौरागढ़ में 2022 में जहां 17 घटनाएं हुईं, वहीं 2024 में यह बढ़कर 20 हो गईं। चम्पावत में दुष्कर्म के मामले में रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2022 में यह दुष्कर्म के सिर्फ 9 मामले सामने आए थे, जबकि 2024 में तीन गुना से अधिक 30 मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2022 से 2024 तक दुष्कर्म के 1124 मामले पुलिस ने दर्ज किए हैं। आईजी रिधिम अग्रवाल का कहना है कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध में खासी कमी आई है। पुलिस को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही महिलाओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

कुमाऊं के विभिन्न जिलों में वर्षवार दुष्कर्म की घटनाएं

वर्ष	नैनीताल	अल्मोड़ा	पिथौरागढ़	बागेश्वर	चम्पावत	ऊधमसिंह नगर	कुल
2024	71	21	20	05	30	179	326
2023	89	23	27	05	13	208	365
2022	110	17	17	13	09	267	433

सार-संक्षेप

महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हल्दूचौड़ : लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रभारी प्राचार्य डॉ .जेके गौतम के निर्देशन में रोवर-रेंजर्स इकाई व वन वॉयस द वॉयस ऑफ यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के नवसृजित परिसर भवन में आंवला, हरसिंगार, जामुन, अमरूद, अमलतास आदि प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। प्रोफेसर डॉ. जयचंद्र कुमार गौतम, डॉ. बिपिन चंद्र जोशी, डॉ. हेम चंद्र पांडे व डॉ. दीपा बिष्ट ने विद्यार्थियों को एक-एक पौधे को गोद लेने के साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण और नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अजमी प्रेमजी फाउंडेशन से डॉ. दीपा बिष्ट, वन वॉयस द वॉयस ऑफ यूथ क्लब सदस्य अमित सिंह, कैलाश पांडे, राज शर्मा, निशिका गुप्ता, तनीषा राय, हेमा भंडारी, प्रियंका, गौरव, हिमांशु, प्रशांत, श्याम, डॉ. हेमलता गोस्वामी, डॉ. गीता तिवारी पांडे आदि मौजूद रहे।

कब्रिस्तान में क्षतिग्रस्त कीं कब्रें, मुकदमा दर्ज

नैनीताल : शहर के तल्लीताल थाना क्षेत्र में अराजक तत्वों की ओर से शिया कब्रिस्तान में कब्रों को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तल्लीताल निवासी मुश्ताक अली खान ने ज्योलीकोट चौकी में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते दिनों कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से ग्राम दयोता स्थित शिया कब्रिस्तान में 15 से 20 कब्रों को क्षतिग्रस्त कर तोड़फोड़ की गई है। आरोप लगाया कि अराजक तत्वों की ओर से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कब्र तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बाताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बस में महिला का बैग चोरी

रामनगर : दिल्ली से सल्ट जा रही एक महिला का बैग रोडवेज बस से चोरी हो गया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बैग बरामद करने की मांग की है। कमला देवी निवासी घट्टी तल्ला सल्ट, जिला अल्मोड़ा निवासी ने बताया कि 25 जून को वह दिल्ली से रोडवेज की बस में बैठी थीं। गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़ के पास एक ढाबा में बस रूकी। बताया कि वह भी ढाबे पर उतरीं। दोबारा बस में बैठने पर उसका सामान से भरा बैग चोरी हो गया था। महिला ने बताया कि चालक व परिचालक को मामले की जानकारी दी। 112 में डायल कर पुलिस को जानकारी दी गई। हापुड़ पुलिस को तहरीर भी दी है। महिला दिल्ली से रामनगर आ गई, यहां से वह सल्ट के लिए रवाना हो गई। बैग में जरूरी सामान रखा हुआ था। उधर, स्थानीय पुलिस का कहना है कि मामला गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र का होने के कारण वहां की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

वार्ड सात में सड़क किनारे पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

सभासद ने ठेकेदार के खिलाफ खोला मोर्चा

भीमताल : भीमताल नगर पालिका की ओर से नगर में कूड़ा उठाने का ठेका दिया गया है। वार्ड सात के सभासद उमेश पाठक ने ठीक प्रकार से कूड़ा उठान नहीं होने पर ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा दिया है। सभासद का आरोप है कि ठेकेदार के द्वारा कूड़े का उचित निस्तारण नहीं किया जा रहा है। वार्ड नंबर 7 में घरों से कूड़ा लाकर सड़क में डाला जा रहा है। शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने इसकी शिकायत पालिका के अधिशासी अधिकारी के समक्ष दर्ज कराई है।

सवाल: आखिर कब तक बनेंगे पुल

पांच वर्ष पूर्व शुरू हुआ था धनगढ़ी व पनोद नालों पर पुल निर्माण का कार्य

संवाददाता,रामनगर

अमृत विचार: कुमाऊं-गढ़वाल को जोड़ने वाले धनगढ़ी और पनोद नालों पर पुल निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। जल्द पुल का निर्माण किए जाने के सारे दावे फिलहाल हवा-हवाई साबित होते नजर आ रहे हैं।

कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-309 पर बरसात ने एक बार फिर खतरे की घंटी बजा दी है। मानसून की शुरुआत होते ही इन नालों में पानी का रौद्र रूप देखने को मिलता है। स्थिति ऐसी हो जाती है कि वाहन चालकों से लेकर पैदल राहगीरों तक हर किसी को जान हथेली पर रखकर इन उफनते नालों को पार करना पड़ता है। बीते वर्षों में यह नाले अब तक न जाने कितने लोगों की जान ले चुके हैं, लेकिन पांच साल बीत जाने के बावजूद पुल निर्माण का कार्य आज भी अधूरा पड़ा है। हर मानसून में प्रशासन के दावे और वादे बाढ़ के पानी में बह जाते हैं। लोग जिंदगी दांव पर लगाकर इसी रास्ते से सफर करने को मजबूर हैं। धनगढ़ी और पनोद नालों पर पुल निर्माण की कवायद वर्ष 2020 में तत्कालीन राज्यसभा सांसद और वर्तमान पौड़ी लोकसभा सांसद अनिल बलूनी की पहल पर शुरू हुई थी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस पुल के लिए लगभग 14 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की थी। उस समय यह कहा गया था कि धनगढ़ी में बनने वाला 150 मीटर लंबा पुल 7.65 करोड़ रुपये की लागत से और पनोद नाले पर बनने वाला 90 मीटर लंबा पुल 6.35 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा। नवंबर 2020 में निर्माण कार्य का शुभारंभ भी कर दिया गया था और दावा किया गया कि महज 18 महीने में पुल जनता को समर्पित कर दिया जाएगा, लेकिन जमीनी हकीकत सरकार के दावों की पोल खोलती नजर आई। पुल निर्माण के बीच हाथी कॉरिडोर की बाधा ने परियोजना की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। सीटीआर ने इस निर्माण कार्य पर रोक लगाकर संशोधित डिजाइन तैयार करने को कहा। इसके तहत पुल की चौड़ाई 6.5 मीटर और सड़क की चौड़ाई 12 मीटर करने पर सहमति बनी। इसके बाद मई 2024 में एक बार फिर निर्माण कार्य की शुरुआत हुई, लेकिन तब तक काफी वक्त बीत चुका था। पुल के निर्माण पूरे नहीं होने की वजह से लोग इस बरसात में बेहाल रहेंगे।

धनगढ़ी नाले का अधूरा पुल। ● अमृत विचार

> धनगढ़ी और पनोद नालों का काम बरसात के बाद पूरा हो जाना चाहिए। वर्तमान में मौके पर आरबीएम भरान का काम चल रहा है। कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए गए है कि यह काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। – **दीवान सिंह बिष्ट**, विधायक

पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत। ● अमृत विचार

एक्ट शून्य कर सरकार ने कराई फजीहत: रावत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्य सरकार पर पंचायत चुनाव को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2016 के संवैधानिक आरक्षण वाले पंचायती राज एक्ट को शून्य करके अपनी फजीहत कराई है।

नैनीताल में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जिला पंचायत अध्यक्षों के आरक्षण की घोषणा नहीं की, जोकि पूरी तरह गलत है और इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े होते हैं। आरोप लगाया कि पूरे राज्य में अव्यवस्था का आलम है। कुमाऊं के छोटे-छोटे कस्बों में भी तीन-तीन घंटे तक जाम लग रहा है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संभावित परिवहन दबाव और सड़कों की क्षमता का सही आकलन करने में विफल रही है, जिससे पूरे राज्य में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने प्रदेश को भ्रष्टाचार और नशे की चपेट में बताया। आरोप लगाते कहा कि सरकार इन दो गंभीर मुद्दों पर नाकाम रही है और राज्य की युवा पीढ़ी गलत दिशा में जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पंचायत चुनाव में पारदर्शिता लाई जाए और आरक्षण प्रक्रिया को संविधान सम्मत तरीके से लागू किया जाए। पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि यदि सरकार समय रहते नहीं चेती, तो जनता सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

दुस्साहस: फायरिंग कर भागे वन तस्कर

संवाददाता, रामनगर

- तस्कारों ने काटे सागौन के पेड़, वन विभाग ने दर्ज किया मुकदमा
- आरोपियों की तलाश में जुटी विभागीय टीम

अमृत विचार: तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज में वन तस्करों ने सागौन के पेड़ काट डाले। वन कर्मियों के पहुंचने पर तस्कर फायरिंग कर भाग गए। वन विभाग ने आरोपी वन तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही उनकी तलाश भी शुरू कर दी है।

गुरुवार को तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ मनीष जोशी ने बताया कि बुधवार रात रामनगर रेंज के आमपानी बीट में हथियारबंद 15 से 20 लकड़ी तस्कर पैदल घुस गए। आरोपियों ने तीन सागौन के पेड़ काट दिए थे। बताया कि टीम को जंगल में आरे चलने की आवाज सुनाई दी। इस पर रेंजर धर्मानंद सुनाल के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों की घेराबंदी करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने टीम को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। बचाव की स्थिति में टीम ने भी आरोपियों पर फायरिंग की। हालांकि किसी को भी गोली नहीं लगी। आधे घंटे तक वन कर्मियों ने तस्करों का मुकाबला किया। इस दौरान अन्य वन कर्मियों के पहुंचने पर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। रेंजर धर्मानंद सुनाल ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक टीम लगाई गई है। इस मामले में कुछ लोगों को चिन्हित भी किया गया है। पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। फिलहाल वन विभाग अपने स्तर से कार्रवाई करेगा। आरोपियों के विरुद्ध वन विभाग ने भारतीय वन अपराध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जुलाई में होगी फुटबॉल प्रतियोगिता

नैनीताल : फ्लैट्स मैदान नैनीताल में जुलाई के पहले सप्ताह से 102वीं लीग फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। डीएसए के फुटबॉल सचिव पवन खड़ायत ने यह जानकारी दी है।

आज से होगा यूपीयूईए का राष्ट्रीय अधिवेशन

हल्द्वानी: उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में आज से उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड आर्थिक संघ यूपीयूईए के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। जिसका विषय समुत्थानशील भारत की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का सुदृढ़ीकरण, चुनौतियां एवं नीतिगत संरचना विषय है।

यूओयू के कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट ने बताया कि यूओयू प्रदेश का एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है। जिसमें विभिन्न वर्गों में करीब 90 हजार शिक्षार्थी पंजीकृत हैं।

उल्लेखनीय है कि विवि के अंतर्गत पंजीकृत शिक्षार्थियों में महिलाओं, दिव्यांगजन सहित समाज में आर्थिक व सामाजिक रूप से हाशिए पर खड़े वर्ग के शिक्षार्थियों की भी बड़ी संख्या है। उन्होंने बताया कि यूपीयूईए आर्थिक सिद्धांत एवं नवाचार के क्षेत्र में कार्यरत सक्रिय संघ है।

समस्या: स्टेट हाईवे पर जाम का सबब बनी तंग पुलिया

- प्रतिदिन जाम में फंसते हैं वाहन, पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी परेशान

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: कालाढूंगी-हल्द्वानी मार्ग पर चकलुवा के पास नाले के उपर बनी दशकों पुरानी तंग पुलिया की वजह से आएदिन जाम लग रहा है। जाम की वजह से स्थानीय जनता के साथ ही पर्यटकों को भी परेशानी हो रही है।

कैंची धाम, नैनीताल के साथ धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यटन के लिहाज से कालाढूंगी तहसील के अंतर्गत कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे महत्वपूर्ण है। आएदिन वाहनों का जाम सबसे बड़ी परेशानी भी है। हाईवे पर यह समस्या पर्यटकों व व्यापारियों के साथ आम जनता के लिए सिरदर्द बन गई है। सन 1966 में बनी पुलिया पर वर्तमान का दबाव है।

हाईवे पर देहरादून, रामनगर, काशीपुर, बाजपुर, हल्द्वानी, कालाढूंगी व कोटाबाग क्षेत्र के साथ पर्यटकों के वाहनों के दबाव भी दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पुलिया के तंग होने से एक समय में दो वाहन आमने-सामने से नहीं गुजर पाते हैं। इस वजह से जाम लगता है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

चकलुवा बाजार के पास बनी पुलिया में लगे जाम का दृश्य। ● अमृत विचार

> बढ़ते वाहनों की आवाजाही के लिए डबल लाइन की पुलिया प्रस्तावित है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू हो जाएगा। –**बंशीधर भगत**, विधायक कालाढूंगी

> 24 मीटर की पुलिया प्रस्तावित है। जिसका आकलन शासन को प्रेषित है। – **गणेश सिंह रौतेला**, जेई लोक निमार्ण विभाग हल्द्वानी।


आसमान में छाए मेघों को चीरकर धरा को जगमग करती प्रात :कालीन सूरज की किरणों का पिथौरागढ़ के भाटकोट से दिलकश नजारा। **फोटो : विपिन गुप्ता**

सीएचसी भवाली में शुरू कराएं अल्ट्रासाउंड सेवा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने सचिव मुख्यमंत्री एवं कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को पत्र लिखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवाली में अल्ट्रासाउंड सेवा को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

सांसद ने कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भवाली में अल्ट्रासाउंड सेवा बाधित होने से क्षेत्रीय जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भवाली में अल्ट्रासाउंड मशीन तो उपलब्ध है, लेकिन रेडियोलाजिस्ट न होने के कारण मशीन शोपीस बनकर रह गई है। इसका संचालन न होने से रामगढ़, नथुवाखान और आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और आपातकालीन मामलों में उन्हें अल्ट्रासाउंड जांच के लिए काफी दूर जाना पड़ रहा है। इससे न केवल उनके समय और धन की बर्बादी हो रही है, बल्कि उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं भी समय पर नहीं मिल पा रही हैं इसलिए मामले का प्राथमिकता से संज्ञान लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भवाली में एक योग्य रेडियोलॉजिस्ट की तत्काल नियुक्ति की जाए, ताकि अल्ट्रासाउंड सेवाएं शीघ्रताशीघ्र सुचारू रूप से संचालित हो सकें और स्थानीय जनता को राहत मिल सके।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

मानसून

शाम तीन बजे अचानक गरज के साथ शुरू हुआ वर्षा का दौर, अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

बारिश से नैनीताल का मौसम रहा सुहावना

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: सरोवर नगरी में गुरुवार को मानसून गुरुवार शाम के समय बरसा। हल्की से मध्यम वर्षा का क्रम देर शाम तक जारी रहा। नगर में बादल सुबह से छाए हुए थे और धूप के दर्शन कम ही हुए। शाम तीन बजे अचानक गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज वर्षा कुछ ही देर हुई। इसके बाद हल्की रिमझिम बारिश जारी रही। जिसने मौसम में ठंडक बनाए रखी और दोपहर में चढ़े तापमान तेजी से गिरावट आ गई।

इस बीच कोहरा भी छाया रहा और वर्षा की बूंदों को बढ़ाने में सहायक बनता रहा। पिछले दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण नैनीझील के जलस्तर में निरंतर वृद्धि जारी है। जिस कारण ग्रीष्मकाल में झील किनारे बने डेल्टा भरने शुरू गए हैं। नैनी झील का जलस्तर 78.5 फीट पहुंच गया है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

बारिश के दौरान छाता लगाकर आवाजाही करते पर्यटक। ● अमृत विचार

सैलानियों का पहुंचना जारी

नैनीताल : ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के अंतिम पड़ाव में सैलानियों का बड़ी संख्या में पहुंचना जारी है। नगर के होटलों के अधिकांश कमरे पैक रहे। पार्किंग स्थल भी वाहनों से भरे रहे। पर्यटकों की आमद बनी रहने से नगर में रौनक बनी हुई है। गुरुवार को सैलानियों ने नगर के पर्यटन स्थलों की जमकर सैर की। सभी पर्यटन स्थलों में काफी भीड़ नजर आई। शाम के समय हुई बारिश से भ्रमण में व्यवधान तो हुआ, लेकिन बारिश हल्की होने के कारण सैलानियों के सैर सपाटे में अधिक व्यवधान नहीं पड़ा। पर्यटन कारोबारियों का कहना है इस वीकेंड के तक सैलानियों की आमद बनी रहेगी। उसके बाद संभवत : ऑफ सीजन शुरू हो जाएगा।

आपातकाल का दौर लोकतंत्र का काला अध्याय: त्रिवेंद्र

आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने की प्रेसवार्ता, कांग्रेस पर साधा निशाना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर गुरुवार को नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम के बाद प्रेस वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार से सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आपातकाल ने देश को अंधकार में झोंकने का काम किया था। आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने अहंकार के कारण 25 जून 1975 की मध्यरात्रि से संसद और मंत्रिमंडल को अवगत कराए बिना देश में आपातकाल लागू कर दिया।

उन्होंने बताया कि 1971 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली सीट से इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले राजनारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में में याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि इंदिरा गांधी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया था। इस पूरे प्रकरण में कोर्ट ने 12 जून 1975 को फैसला देते हुए चुनाव निरस्त कर दिया था और 6 साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किर दिया गया। कहा कि कांग्रेस सरकार ने संविधान को जितना आघात पहुंचाया है, उतना किसी अन्य पार्टी ने नहीं पहुंचाया। कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकारें गिराने का काम करती है। पार्टी की ओर से हमेशा लोकतंत्र को कुचलने का काम किया जाता है और पार्टी लोकतंत्र को बचाने का ढोंग रचती है। कहा कि पार्टी की राजनीति नेहरू-गांधी परिवार के बीच ही रहती है। बताया कि आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भाजपा की ओर से देशभर में लोकतंत्र के इस काले अध्याय के बारे में लोगों को बताने के लिए कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद अजय भट्ट व मेयर गजराज बिष्ट।

पत्रकारों से वार्ता करते पूर्वसीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, साथ में मेयर गजराज बिष्ट व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट।

सीएम बदलने के सवाल पर दिया गोलमोल जवाब

त्रिवेंद्र सिंह रावत से जब प्रदेश में चल रहे अवैध खनन और विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री बदले जाने के प्रचलन के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने इसे लेकर गोलमोल जवाब दिया। कहा कि लोकसभा में उन्होंने केवल अवैध खनन पर सवाल नहीं उठाए थे। बताया कि वे पर्यावरण प्रेमी हैं और हिमालय में बनाई जा रही झीलों से पर्यावरण को हो रहे खतरे के बारे में भी चिंता जताई थी। वहीं, विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री बदले जाने पर उन्होंने कहा कि वह स्वयं परिवर्तित हैं। आगे कहा कि इस बारे में पार्टी हाईकमान का निर्णय सर्वमान्य होता है। पंचायत चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल में उन्होंने कहा कि यदि आरक्षण सूची के निर्धारण में कोई चूक हुई है, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार हैं।

जनता के साथ हुए उत्पीड़न के बारे में विस्तार से बताया

हल्द्वानी : भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर नगर निगम सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने की, जबकि मुख्य वक्ता प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत रहे। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आपातकाल के काले अध्याय के बारे में बताते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से लगाए गए आपातकाल ने लोकतंत्र को दबाने का काम किया। उन्होंने इस दौरान आम जनता के साथ हुए उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट, लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, महापौर गजराज बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद आपातकाल के दौरान जेल में बंद और लोकतंत्र बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सदस्यों गिरीश चंद्र कांडपाल, जगन्नाथ पांडे, सोहन सिंह अधिकारी, वेद प्रकाश अग्रवाल, श्रीधर कौशिक, ललित किशोर पांडे और हरीश अग्रवाल को मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक हरिमोहन अरोड़ा ने किया। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, कुमाऊं मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, सचिन शाह, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, मंडल अध्यक्ष मधुकर नीरज बिष्ट, रोहित दुम्का आदि मौजूद रहे।

कभी बारिश तो कभी गर्मी का मौसम बढ़ा रहा बीमारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कभी बारिश और तो कभी गर्मी होने की वजह से बीमारों की संख्या बढ़ रही हैं। इन दिनों दस्त, उल्टी की बीमारी ज्यादा बढ़ रही है। साथ ही वायरल फीवर भी बढ़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि अपनी सेहत का ध्यान रखें। लापरवाही होने पर लंबे समय के लिए बीमार पड़ सकते हैं।

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के फिजिशियन डॉ. जितेंद्र भट्ट ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से बारिश का दौर शुरू हो गया है। इसके साथ ही उन बीमारियों के मरीज बढ़ रहे हैं, जो बारिश के दिनों में होते हैं। बताया कि इस समय उल्टी और दस्त बड़ी समस्या हैं। बारिश में पानी दूषित होने की समस्या बढ़ जाती है। जो लोग पानी को साफ करके पीते हैं, वह बीमार होने से बच सकते हैं, लेकिन जो लोग पानी पीने में लापरवाही करते हैं उन्हें उल्टी और दस्त की समस्या जल्द ही हो जाती है। बताया कि ओपीडी में इस तरह के बीमारों की संख्या ही ज्यादा है। उल्टी और दस्त के साथ ही बारिश में भीगने की वजह से और कभी धूप तो कभी बारिश की वजह से लोगों को बुखार भी आ रहा है। डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि इन दिनों मेडिसन विभाग की ओपीडी में ही सबसे ज्यादा मरीज आ रहे हैं। गंभीर स्थिति होने पर उल्टी और दस्त के मरीजों को अस्पताल में भर्ती भी किया जा रहा है।

नैनीताल जिले में भारी बारिश की संभावना

हल्द्वानी : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार नैनीताल जिले में भारी बारिश की संभावना है। 27, 28 और 30 जून को जिले में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर गुरुवार को हल्द्वानी में उमस भरा मौसम रहा। बारिश तो नहीं हुई लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए। अधिकतम तापमान 35 .2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 .2 डिग्री सेल्सियस रहा।

व्यवस्था: अब गृह कर भी वसूलेगी दगड़ू बैणी सेना

संवाददाता, हल्द्वानी

- नगर निगम का आय बढ़ाने पर फोकस
- बैणी सेना के मिलकर काम करेंगी दगड़ू बैणी सेना

अमृत विचार: नगर निगम ने अपनी आय बढ़ाने के लिए दगड़ू बैणी सेना को अब तहबाजारी के साथ-साथ गृह कर वसूली की भी जिम्मेदारी सौंपी है। इससे नगर निगम को बकाया कर वसूली में तेजी लाने और आय में इजाफा होने की उम्मीद है।

अब तक यह टीम केवल ठेले और फड़ वालों से तहबाजारी शुल्क वसूलने का कार्य कर रही थी, लेकिन अब नगर निगम प्रशासन ने इस विशेष टीम को दोहरी जिम्मेदारी देते हुए गृह कर वसूली का अधिकार भी दे दिया है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेश ने बताया कि वर्तमान में नगर निगम का फोकस बकायेदारों से कर वसूली और ज्यादा से ज्यादा कर संग्रहण पर है। इसी दिशा में दगड़ू बैणी सेना के साथ लगातार रणनीतिक बैठकें की जा रही हैं। पिछले साल दगड़ू बैणी सेना का गठन शहर में जगह-जगह फड़ व ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों से तहबाजारी वसूलने के लिए किया गया था। निगम को कर संग्रहण में अच्छा इजाफा होने की उम्मीद थी, लेकिन आय में बहुत अधिक बढ़ोत्तरी देखने को नहीं मिली है। अब दगड़ू बैणी सेना को दोहरी जिम्मेदारी देने के बाद नगर निगम को उम्मीद है कि इस कदम से न केवल पुराने बकायेदारों से कर वसूली आसान होगी।

वेतन के लिए तरसे उपनल कर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एक तरफ चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का दावा कर रहा है, वहीं मेडिकल कॉलेज और उसके अधीन काम करने वाले उपनल कर्मचारी वेतन के लिए तरसे रहे हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में काम करने वाले 659 कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिला है।

कर्मचारियों का मार्च माह से वेतन रुका हुआ है। रुके हुए वेतन को जारी करने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने एक सप्ताह पहले आंदोलन भी किया था। करीब एक सप्ताह तक चले कार्य बहिष्कार के बाद प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी व वित्त विभाग की ओर से कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया कि उनका रुका हुआ वेतन जारी करवा दिया जाएगा, लेकिन आंदोलन को समाप्त हुए अब एक सप्ताह से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। अब जून माह खत्म होने में पांच दिन का समय बचा है। अब कर्मचारियों का वेतन रुके हुए चार माह का समय हो जाएगा। कर्मचारी नेता नीरज हैड़िया ने कहा कि कई कर्मचारी अपने बच्चों के स्कूल की फीस को नहीं जमा कर पाए हैं और साथ ही कुछ तो ऐसे हैं जो घर में राशन तक कर्जा लेकर ला रहे हैं। यह हाल तब हैं कि जब इन कर्मचारियों ने कोविड काल के दौरान अपनी जान पर खेलकर स्वास्थ्य सेवाओं में हिस्सा लिया था। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी का कहना है कि उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में इन कर्मचारियों का वेतन जारी हो जाएगा।



विकल्प पत्र भी नहीं मिला

हल्द्वानी : एसटीएच से उपनल कर्मियों की संख्या को कम करने का आदेश भी आ चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. आशुतोष स्याना पूर्व में आदेश दे चुके हैं कि संख्या ज्यादा होने पर बाकी उपनल कर्मचारियों का तबादला अन्य मेडिकल कॉलेजों में कर दिया जाए। कर्मचारियों के अनुसार उन्हें अभी इस तरह का कोई भी विकल्प पत्र भी नहीं मिला है।

मोबाइल एप में हाजिर डॉक्टर्स भी हो रहे 'गायब'

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन कर्मचारियों और डॉक्टरों की बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस के लिए मशीन मंगाई थीं। साथ ही डॉक्टरों की अटेंडेंस के लिए मोबाइल एप का नियम लागू किया गया। अब दिक्कत यह है कि मोबाइल एप ठीक से काम नहीं कर रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज और डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज में कर्मचारियों के लिए 11 बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस मशीनें मंगाई गईं। कर्मचारियों की उपस्थिति बॉयोमेट्रिक मशीन से लगना भी शुरू हो गई। करीब 1200 कर्मचारियों की अटेंडेंस इन मशीनों से लगाई जा रही है। डॉक्टरों की अटेंडेंस के लिए व्यवस्था की गई कि मोबाइल के माध्यम से ही उनकी अटेंडेंस लग जाए। इसके लिए एक एप सभी डॉक्टरों के मोबाइल में इंस्टाल करवाई गई और ऑनलाइन मेडिकल कॉलेज के सॉफ्टवेयर से जोड़ दिया गया। अब दिक्कत यह है कि मोबाइल के माध्यम से अटेंडेंस लगने का काम नहीं हो पा रहा है। कई डॉक्टरों ने तकनीकी विभाग में आकर शिकायत की है कि मोबाइल में एप खोलने के बाद चेहरा दिखाने पर भी अटेंडेंस नहीं लग पा रही। डॉक्टरों ने बताया कि वह कार्यालय में आ रहे हैं और मोबाइल के माध्यम से अटेंडेंस लगा रहे हैं, लेकिन अटेंडेंस नहीं लग रही है और अनुपस्थिति दर्ज हो रही है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि अगर कोई दिक्कत आ रही है तो विभाग के कर्मचारी उसे देखेंगे।

एसटीएच में पहुंच गई एचआईवी जांच किट

हल्द्वानी, अमृत विचार: डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में एचआईवी जांच किट खत्म हो गई थी। मरीजों को बाहर से एचआईवी जांच करानी पड़ रही थी। राहत की बात है कि अब एचआईवी जांच किट आ गई है। अस्पताल में एचआईवी की सामान्य जांच के साथ ही ऑपरेशन से पहले मरीजों की एचआईवी जांच की जाती है। रक्तदान करने के बाद भी दिए गए रक्त की एचआईवी जांच होती है। उस रक्त को किसी मरीज को चढ़ाने से पहले देखा जाता है कि रक्तदाता कहीं एचआईवी पॉजिटिव तो नहीं है। एसटीएच में प्रतिदिन 60 से 70 मरीजों की एचआईवी जांच होती है। एचआईवी जांच बाहर से करानी पड़ रही थी जोकि 530 रुपये से लेकर 700 रुपये तक हो रही थी। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि एचआईवी किट अस्पताल में आ गई है। अब मरीजों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

शुरू हुआ पुस्तकालय महोत्सव

- राजकीय नर्सिंग कॉलेज में एक जुलाई तक होगा आयोजन
- प्रतियोगिता में 114 विद्यार्थियों ने की भागीदारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी में गुरूवार से वार्षिक पुस्तकालय महोत्सव-2025 का शुरू हो गया है। इसका आयोजन 1 जुलाई तक किया जाएगा। यहां नूतन लाइब्रेरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी राज्य का पहला नर्सिंग कॉलेज है, जहां वाइब्रेंट लाइब्रेरी को लेकर तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। महोत्सव के पहले दिन बुक टॉक प्रतियोगिता व बुक रिव्यू प्रतियोगिता हुई। दोनों प्रतियोगिताओं में 114 बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों के तौर पर उमेश पांडे, गीतांजलि साह, नीता बिष्ट, गीता आर्या, ज्योति बुढलाकोटी, तारा राणा, रंजना उपाध्याय, खष्टी जोशी, हेमलता व वैशाली मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की छात्रा अदिति पुंडीर, पूजा रौतेला और छात्र अमित बिष्ट, विमल कुमार ने किया। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि लाइब्रेरी गतिविधियां पुस्तकालय का एक बहुत महत्वपूर्ण आयाम हैं। नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सबिस्ता अहमद नाज ने बताया कि शुक्रवार को शेयर्ड रीडिंग प्रतियोगिता व स्वरचित कविता प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा 28 जून को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और 1 जुलाई को सोशल अवेयरनेस ड्रामा प्रतियोगिता होगी।

पुस्कालय महोत्सव में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

हर्षवर्धन ने बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीता कांस्य

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी हर्षवर्धन कोठारी ने पुणे में आयोजित योनेक्स-सनराइज वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पूरे उत्तराखंड और हल्द्वानी शहर का नाम रोशन किया है। साल 2016 में महज 13 साल की उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू करने वाले हर्षवर्धन ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और जुनून के दम पर धीरे-धीरे खुद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साबित किया है। उनके इस सफर में उनके दिवंगत पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने शुरुआत से ही उनके सपनों को पूरा करने में भरपूर सहयोग किया। वर्ष 2021 में पिता के निधन के बाद भी हर्षवर्धन और उनका परिवार अपने लक्ष्य से नहीं डिगा और निरंतर प्रयास करते रहे। हर्षवर्धन की मेहनत रंग लाई जब 2024 में उन्होंने कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया और इसके अलावा विश्व स्तर के 10 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी भाग लिया।

गोदाम खाली करने का अंतिम नोटिस जारी

हल्द्वानी, अमृत विचार: मंडी समिति ने यूसीएफ को आखिरकार गोदाम खाली करने का अंतिम नोटिस जारी कर दिया है। मंडी परिसर में पिछले 40 वर्षों से लीज रेंट जमा न करने पर यह सख्त कार्रवाई की गई है। यूसीएफ ने लगभग 40 साल पहले मंडी समिति की जमीन पर गोदाम का निर्माण किया था। गोदाम के लिए प्रत्येक माह 3,500 रुपये किराया तय किया गया था, लेकिन इतने वर्षों में न तो किराया जमा किया गया और न ही लीज का नवीनीकरण किया गया। यदि कुल किराए का अनुमान लगाया जाए तो अब तक करीब 1.5 लाख रुपये बकाया हो चुके हैं। मंडी समिति के सचिव दिग्विजय देव सिंह ने बताया कि नोटिस भेजने के बावजूद यूसीएफ की ओर से कोई संतोषजनक उत्तर नहीं आया।

धीरज बने एबीवीपी के जिला संयोजक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 26वें प्रांत अभ्यास वर्ग में नैनीताल जिले के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। 20 जून से 23 जून तक रुद्रप्रयाग में आयोजित अभ्यास वर्ग में धीरज गड़कोटी को नैनीताल जिले का नया जिला संयोजक नियुक्त किया है।

धीरज गड़कोटी इससे पूर्व हल्द्वानी नगर मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वे छात्रसंघ में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (राजकीय डिग्री कॉलेज हल्द्वानी शहर, गौलापार) भी रह चुके हैं। वे लंबे समय से एबीवीपी के विभिन्न आंदोलनों, अभियानों और छात्र हित से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गड़कोटी ने स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) जैसे मंचों के माध्यम से सेवा कार्यों, पर्यावरण संरक्षण और छात्र हितों के आंदोलन में भी अहम भागीदारी निभाई है। धीरज गड़कोटी ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करूंगा। विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने धीरज को बधाई दी है।

छत्रपति शाहू महाराज की जयंती मनाई

हल्द्वानी, अमृत विचार : मूलनिवासी संघ व डॉ. आंबेडकर मिशन एवं फाउंडेशन समिति ने छत्रपति शाहू महाराज का जयंती मनाई। वक्ताओं ने कहा कि छत्रपति शाहू महाराज को वंचितों के उत्थान के लिए कार्यों के लिए हमेश याद रखा जाएगा।

दीपक चनियाल ने कहा कि वह सामाजिक क्रांति के अगुवा एवं मराठा साम्राज्य के पांचवें छत्रपति थे। उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर को पढ़ाने के लिए विदेश भेजा। साथ ही उन्होंने वंचितों के लिए स्कूलों को खोला। उन्होंने कई सामाजिक कुरुतियों के खिलाफ संघर्ष किया। इस दौरान जीआर टम्टा, जीआर आर्या, गंगा प्रसाद, सुंदरलाल बौद्ध, पीआर टम्टा, विनोद कुमार बौद्ध, नफीस अहमद आदि मौजूद थे।

जागरुकता नशा उन्मूलन व पुनर्वास केंद्र हीरानगर में अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, नशे से दूर रहने को किया जागरूक

नशा एक बीमारी, तन-मन पर डालती है असर : डॉ .गोदियाल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नशा उन्मूलन व पुनर्वास केंद्र हीरानगर में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोध दिवस पर कार्यक्रम हुए। साथ ही लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया।

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. एससी गोदियाल ने बताया कि नशा एक बीमारी है और हमारे तन-मन पर गलत असर डालती है। नशा करने से कई मानसिक रोग पैदा होने की संभावना रहती है। संस्था की प्रोजेक्ट डायरेक्टर रश्मि पंत ने कहा कि वर्तमान में बेहद कम उम्र से ही बच्चे नशे की तरफ को जा रहे हैं। स्कूल, कॉलेज और अन्य संस्थाओं में एक कमेटी बनाकर बच्चों को नशे से होने वाले रोग और इससे बचने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। संस्थान में उपचार करा रहे लाभार्थियों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई, जिसका विषय नशे से होने वाले दुष्प्रभाव था। इस दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त भारत अभियान के लिए शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में मनोवैज्ञानिक ललिता कोश्यारी, दिनेश आगरी, मीनाक्षी नैलवाल, आनंद सिंह, उमेश बनकोटी, नीरज जोशी, गिरीश रेखाड़ी, शुभांश तिवारी, संजय परगाई आदि थे।

हीरानगर में नशा उन्मूलन कार्यक्रम में मौजूद मेडिकल विद्यार्थी व अन्य।

मिनी स्टेडियम में लगाए गए शिविर में मौजूद अधिकारी व बच्चे।। ● अमृत विचार

शिविर में नशा मुक्ति को लेकर दिलाई शपथ

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला प्रशासन व समाज कल्याण विभाग की ओर से शहर के मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय ड्रग निषेध दिवस के अवसर पर जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने जनसमूह को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। वहीं, सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य ने स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग 300 बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। अभियान के तहत खेल विभाग की ओर से एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका उद्घाटन उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी ने किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, त्रिलोक सिंह जीना, विनय जोशी, शुभांगनी शाह, गोविंद लटवाल, अंकुश आदि मौजूद रहे।

एक परिवार को एक ही वेडिंग कार्ड मिलेगा

हल्द्वानी, अमृत विचार: नगर निगम क्षेत्र में फड़ और ठेले से व्यवसाय करने वालों के लिए अब एक परिवार को केवल एक ही वेंडिंग कार्ड जारी किया जाएगा। नगर निगम ने एक ही परिवार से आए कई आवेदनों की छंटनी शुरू कर दी है। निगम की ओर से चिह्नित वेंडरों को वेंडिंग कार्ड जारी किए जा रहे हैं। जिनके आधार पर उन्हें प्रस्तावित वेंडिंग जोन में स्थान आवंटित किया जाएगा। निगम की ओर से स्पष्ट किया है कि एक परिवार से केवल एक सदस्य को ही कार्ड मिलेगा, ताकि एक ही परिवार के कई सदस्य अलग-अलग जगहों पर कब्जा न कर सकें। अब तक 500 से अधिक आवेदन निरस्त किए जा चुके हैं। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि 10 वेंडिंग जोन चिह्नित किए हैं।

एक नजर

पेयजल की बर्बादी को रोकने की मांग

बाजपुर : दलित भाजपा नेता सूरज सागर ने गुरुवार को उपजिला अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर जल जीवन मिशन के तहत ग्राम सभा नंदपुर नरका टोपा में लगातार हो रही शुद्ध पेयजल की बर्बादी को रोकने की मांग की है। सागर ने पत्र में लिखा है कि शुद्ध पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए संबंधित ठेकेदार अथवा संस्था घोर लापरवाही कर रहे हैं। पानी की टंकियों पर टोटी नहीं लगाई गई हैं और पाइपलाइन भी जगह-जगह से लीक है। नए कनेक्शन के लिए भी लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। भीषण गर्मी में हो रही पेयजल की शुद्ध बर्बादी को सागर ने घोर लापरवाही बताया है और लापरवाह संस्था अथवा व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग करते हुए शीघ्र ही शुद्ध पेयजल की बर्बादी रोकने की मांग की गई है।

कर्ज में डूबे परिवार ने खाया जहर, मां -दो बेटियों की मौत

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर

अमृत विचार: बिजनौर के गांव में कर्ज में डूबे परिवार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मां और दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि पिता का मेरठ में इलाज किया जा रहा है। एसपी देहात विनय कुमार सिंह, चांदपुर सीओ देश दीपक सिंह, नूरपुर थाना प्रभारी जयभगवान सिंह ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों से जानकारी ली। परिवार पर छह लाख कर्ज की बात कही जा रही है। जिलाधिकारी ने एसडीएम, सीओ और एक डॉक्टर की जांच समिति गठित की है जो सात दिन में रिपोर्ट देगी।

थाना नूरपुर क्षेत्र के गांव टंडेरा में 52 वर्षीय पुखराज सिंह प्रजापति पत्नी रामेशिया (50), बेटी अनिता (17), दूसरी बेटी सीतो (19) और पुत्र सचिन के साथ रहते थे। गुरुवार सुबह पति-पत्नी और दोनों बेटियों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उस समय बेटा मजदूरी करने बाहर गया था। चारों की हालत बिगड़ी तो गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को जानकारी दी। पुलिस एंबुलेंस को सूचना देकर गांव पहुंची। एंबुलेंस करीब आधा घंटा बाद पहुंची। चारों को जिला अस्पताल लाया गया जहां रामेशिया और अनिता को मृत घोषित कर दिया। पुखराज और दूसरी बेटी सीतो को गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया। देर शाम सीतो ने भी दम तोड़ दिया। पुखराज जिंदगी के लिए जंग लड़ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आर्थिक तंगी और भारी कर्ज के दबाव से जुड़ा प्रतीत होता है।

सीएम ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री की वीसी में मौजूद डीएम, एसएसपी ऊधमसिंह नगर और अन्य अधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा करते हुए जिला ऊधमसिंह नगर के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। वीसी में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ.अभय सक्सेना, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आशुतोष जोशी समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

एआरएम की चिट्ठी हुई वायरल

बरेली : आरएम का भतीजा बताकर टीआई को रौब दिखाने वाले परिचालक शिवम को अफसरों का संरक्षण प्राप्त था। उसकी तैनाती विवादों में घिरे बदायूं डिपो के एआरएम और बरेली के तत्कालीन संख्या अधिकारी राजेश पाठक ने बतौर सहायक प्रबंधक का चार्ज रहने के दौरान सितंबर माह में अधिकारियों की विशेष कृपा पर की थी। राजेश पाठक की वह चिट्ठी (आदेश पत्र) गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके मुताबिक नियमित परिचालक दीपक मिश्रा को विश्रामदाता के तौर पर तैनात कर उसकी जगह शिवम को लगा दिया। इधर, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने भी अफसरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मुख्यालय के साथ ही लखनऊ में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को पूरे प्रकरण से अवगत कराया है।

अस्पताल से बच्चा गायब करने की आरोपी महिला दोषमुक्त

- 25 हजार रुपये में एक निसंतान महिला को बेचने का था आरोप

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एडीजे प्रथम की अदालत ने जसपुर के एक अस्पताल से बच्चा गायब कर बेचने की आरोपी महिला को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

मोहल्ला नई बस्ती, जसपुर निवासी साजिया ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 सितंबर 2018 को उसने एक निजी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। एक अक्तूबर, 2018 को उसकी परिचित ग्राम खेड़ा निवासी परवीन उसके नवजात पुत्र को मशीन में रखने की बात कहकर वहां से उठा ले गई। उसके बाद वह लौटकर नहीं आई। बाद में पता लगा कि उसने एक निसंतान महिला को 25 हजार रूपये में बच्चा बेच दिया। जिसे उसने बच्चा अपनी बीमार भांजी का बताया था। उसी का इलाज कराने की बात कहकर बच्चा सौंपा था। अगले दिन अखबार में अस्पताल से बच्चा चोरी होने की खबर प्रकाशित हुई तो बच्चा लेने वाली महिला ने साजिया के घर जाकर उसे उसका बच्चा लौटा दिया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी परवीन को गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के बाद एसआई जावेद हसन ने परवीन के खिलाफ धारा 370 व 81 जेजे एक्ट के तहत कोर्ट में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। केस का विचारण प्रथम एडीजे मनोज गर्ब्याल की अदालत में हुआ। अधिवक्ता रहमत अली खान एडवोकेट ने पैरवी की।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक
परियोजना क्रियान्वयन इकाई-हल्द्वानी
उत्तराखण्ड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यू.यू.एस.डी.ए.)
कमलुवागांजा रोड, निकट एच०पी० पट्रोल पम्प, हिम्मतपुर तल्ला, हल्द्वानी-नैनीताल
टेलीफोन न० +915946360343, ई-मेल-pmhdw.uusda@gmail.com

पत्रांक : 656/पी०आई०यू०-हल्द्वानी/2025/HDW-01 दिनांक : 26-06-2025

जनहित में आवश्यक सूचना

सर्व-साधारण को सूचित करना है कि परियोजना क्रियान्वयन इकाई, शहरी विकास विभाग, यू.यू.एस.डी.ए, हल्द्वानी द्वारा एडीबी सहायतित हल्द्वानी परियोजना के अन्तर्गत पेयजल एवं सीवरेज योजना का कार्य गतिमान है। परियोजना क्षेत्रान्तर्गत मानसून / वर्षा ऋतु में परियोजना कार्य से उत्पन्न होने वाली समस्याओं/शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु वार्डवार/क्षेत्रवार निम्न अधिकारियों एवं कार्मिकों की तैनाती की गयी है -

क्र० सं०	सहायक अभियन्ता (नाम एवं मोबाइल नं०)	कनिष्ठ अभियन्ता (नाम एवं मोबाइल नं०)	वार्ड / क्षेत्र
1	अनिल परिहार 9456590727	रविन्द्र चिलवाल 9456779262	वार्ड 48, 49 व 50।
2	दिनेश चन्द्र आर्य 9675726579	प्रबल प्रताप सोलंकी 8868045272	वार्ड 34, 35 व 36।
3	रोहित जोशी 9456109238	महेश कुमार सेंगर 7906821187	वार्ड 50, 51, 52, 53 व 54।
4	दीन दयाल पाण्डे 9719395999	जितेन्द्र मनराल 9760741123	वार्ड 55, 56, 57, 58, 59 व 60।
5	कृष्ण चन्द्र बुधानी 8006626111	हेम चन्द्र बधानी 7088937158	वार्ड 37, 38, 39, 46 व 47।
6	देवेन्द्र गौनियाल 9045343339	अंकुश खेड़ा 9149220745	वार्ड 40, 41, 42 व 43।

परियोजना क्षेत्रान्तर्गत कार्य से उत्पन्न समस्या / शिकायतों हेतु सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिक से सम्पर्क किया जा सकता है।

परियोजना प्रबन्धक
पी.आई.यू., यू.यू.एस.डी.ए., हल्द्वानी

बिना नक्शे और रजिस्ट्री के बने मकानों को चिन्हित कर पांच भवन किए सील

जिला विकास प्राधिकरण की कार्रवाई से हड़कंप, स्टांप पेपर पर जमीन क्रय कर खड़े कर दिए मकान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बिना नक्शे व महज स्टांप पेपर पर क्रय की गई जमीन पर किए गए निर्माण कार्य के खिलाफ जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 मकानों को चिन्हित किया है, जिसमें दुकानों समेत पांच भवनों को सील कर दिया गया है। अन्य को सील करने की भी कार्रवाई की जा रही है। सुनवाई के बाद इन अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

जिला विकास प्राधिकरण के वीसी जय किशन, सचिव पंकज उपाध्याय, संयुक्त सचिव एसडीएम अभय प्रताप सिंह गुरुवार की शाम करीब चार बजे पुलिस टीम के साथ ग्राम सरवरखेड़ा पहुंचे। पुलिस फोर्स को देखकर वहां हड़कंप मच गया। टीम की कार्रवाई शुरू होते ही वहां मौजूद लोगों को माजरा समझ में नहीं आया। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और मौके पर भीड़ लग गई। प्रशासन की टीम ने जब निर्माणाधीन भवनों के स्वामियों से मकान के दस्तावेज व नक्शा प्रस्तुत करने को कहा तो वह नहीं दिखा पाए। इसके बाद टीम ने 12 अवैध निर्माणाधीन भवनों को चिन्हित किया, जिसमें पांच को मौके पर सील कर दिया। टीम के मुताबिक अन्य भवनों को भी सील करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला विकास प्राधिकरण के वीसी जय किशन ने बताया कि ग्राम सरवरखेड़ा में कई लोगों ने मकानों के नक्शे नहीं बनाए हैं। वहीं कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने रजिस्ट्री न कराकर स्टांप पर ही भूमि खरीद की है। ऐसे लोगों को पूर्व में चिन्हिंत कर कई बार चालान भेजे जा चुके हैं। लेकिन कोई व्यक्ति दस्तावेज लेकर प्राधिकरण के कार्यालय नहीं पहुंचा। बृहस्पतिवार को पुलिस व प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई व्यक्ति जमीन के दस्तावेज व नक्शा प्रस्तुत नहीं कर पाए। बताया कि यहां पर ज्यादातर लोगों ने स्टांप पेपर पर ही जमीन खरीदी है। इसके चलते अवैध निर्माण को चिन्हित करके सील करने की कार्रवाई की गई है। मामले की सुनवाई के दौरान अगर निर्माण अवैध पाया गया, तो निर्माणाधीन भवन के ध्वस्तीकरण के आदेश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मामले में ग्राम प्रधान को दिशा दिशा निर्देश दिये गये हैं, ताकि वह जिला विकास प्राधिकरण से पूरी जानकारी प्राप्त कर लें कि यहां पर किस तरह का निर्माण कार्य हो सकता है। यहां नक्शा पास कराने के लिए क्या करना होगा। साथ ही जिन लोगों के पास जमीन के दस्तावेज नहीं हैं, वो विधिवत अपने मकान के कागज तैयार करवाएं। इधर संयुक्त सचिव एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम सरवरखेड़ा में पंजीकरण शुल्क से बचने के लिए लोगों के बिना रजिस्ट्रेशन निर्माण कार्य करने का मामला संज्ञान में आया था। यहां अनियोजित विकास हो रहा है। इसके लिए एक जांच कमेटी बनाई जाएगी। यहां भूमि, किराएदार, राशन कार्ड का सत्यापन कराया जाएगा।

काशीपुर में अवैध रूप से बनीं दुकानों को सील करती प्राधिकरण की टीम। ● अमृत विचार

मारपीट में पिता-पुत्र और पुत्री घायल

काशीपुर: अभद्रता व गाली-गलौज की पुलिस से शिकायत करने से नाराज लोगों ने पीड़ित परिवार पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मोहल्ला महेशपुरा निवासी नीरज ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मोहल्ले के ही निवासी बिल्लू व उसके परिजन उसके परिवार के साथ बदतमीजी व गाली-गलौज करते रहते थे। जिसकी उसने 30 अप्रैल 2024 को बांसफोड़ान चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद से बिल्लू का परिवार उससे रंजिश रखने लगा। आरोप लगाया कि 21 जून 2025 की रात जब वह घर जा रहा था तभी सनी, रोबिन, शिवम व आरती ने लोहे की रॉड व धारदार हथियार से उसके ऊपर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर जब उसका पुत्र समीर व पुत्री आये तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट शुरु कर दी। रोबिन ने उसके पुत्र के सिर पर लोहे की रॉड मारी, जिससे समीर का सिर फट गया और सनी ने उसके मुंह पर लोहे के पंच से हमला किया। जिससे उसका एक दांत टूट कर गिर गया। इस दौरान आरती ने उसकी पुत्री नैना की आंख में चोट मार दी।

उत्तराखण्ड. पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), 79 हीरा नगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी (नैनीताल)
ई-मेल: erddh@yahoo.co.in, फोन नं०-(05946) 292040, फैक्स नं०-(05946) 298318

पत्रांक : 2252/वि०वि०ख०ग्रा० (ह०)/ दिनांक : 26/06/2025

जन साधारण सूचना

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के समस्त सम्मानित नागरिकों को सूचित किया जाता है बारिश के मौसम में आपके व आपके प्रियजनों के जीवन के लिए निम्नलिखित सावधानियां अवश्य बरते :-

1. बारिश के मौसम में बिजली लाईन व पोल से दूर रहें। हाई वोल्टेज का करंट आपमें से प्रवाहित हो सकता है क्योंकि बारिश के मौसम में अच्छा अर्थिंग मिल जाता है।
2. अगर किसी पेड़ की कोई टहनी लाईन पर गिर जाती है तो आप तुरंत सम्बन्धित अभियन्ता या निकट के बिजली घर पर सूचना दें, बिना सूचना के उस को हाथ न लगाए।
3. किसी भी बिजली लाईन या ट्रांसफार्मर से छेड़छाड न करें।
4. विद्युत लाईन के नीचे बैठे या खड़े न रहें।
5. कहीं पर भी चिंगारी उठ रही हो या कोई तार टूट जाए या किसी पोल या अर्थिंग सेट में करंट आ रहा हो तो तुरन्त सम्बन्धित अभियन्ता या विद्युत उपकेन्द्र पर सूचना दें।
6. अपने घर के पास पोल या स्टे से किसी भी जानवर को न बांधे, कभी भी करंट प्रवाहित हो सकता है।
7. मीटर के अलावा सीधे लाईन तार न लगाएं क्योंकि सप्लाई आने पर आपके घर के उपकरण जल सकते हैं, क्योंकि मीटर एक सुरक्षा युक्ति का काम भी करता है।
8. विद्युत लाईन के नीचे घर या मकान न बनायें।
9. धात्विक धागे से विद्युत लाईन के पास पतंग न उड़ाये।
10. घरेलू विद्युत उपकरण कूलर, फ्रिज, इनवरटर आदि को भी नंगे या गीले हाथ पैर से न छुएं।
11. विद्युत लाईन को छू रहे पोड़ो से भी दूर रहें।
12. विद्युत लाईन, तार के पास लोहे का पाइप सरिया या तार आदि न ले जायें।
13. विद्युत न्यूट्रल, उदासीन तार को घरेलू नल या पाइप में न बाधें।
14. विद्युत लाईन, ट्रान्सफार्मर पर अनाधिकृत आदमी फ्यूज या जम्पर जोड़ने की गलती न करें।
15. अनाधिकृत आदमी विद्युत कन्ट्रोल रूम या स्विच यार्ड में प्रवेश न करें।
16. अपने प्यारे नन्हे मुन्ने बच्चों को लाईन के नीचे तथा विद्युत ट्रान्सफार्मर, पोल व स्टे के पास न खेलने दें न ही उपरोक्त के पास जाने दे।

कृपया सावधानी बरतें।

Customer Care Toll Free No. 1800 4190405 & 1912
"Pay Electricity bill Online 24 X 7 from www.upcl.org"
"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

(ई० बेगराज सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

दो शव बरामद होने से सनसनी

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्र में दो युवकों के शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार एक मृतक नशे का आदी था जबकि दूसरा मृतक ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर निवासी मानसिक रूप से कमजोर होने के साथ ही कई दिनों से लापता चल रहा था।

कोतवाली अंतर्गत सिंचाई विभाग के खंडहर में एक युवक का शव बरामद होने की सूचना के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर उपनिरीक्षक जगदीश मेहरा एवं एस आई मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक की पहचान वार्ड नंबर 16, कोतवाली किच्छा निवासी करीब 20 वर्षीय भगवान दास के रूप में की। पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतक भगवान दास नशे का आदी था और मृतक के नशे की लत से परिवार के लोग भी परेशान थे। आए दिन परिजनों के साथ झगड़ा किए जाने के चलते परिजनों ने उससे रिश्ता तोड़ लिया था और कुछ दिनों से मृतक सिंचाई विभाग के खंडहर में रहने चला गया था। अन्य घटना में विगत 18 जून से ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर से गुमशुदा चल रहे युवक का शव पुलिस ने कोतवाली अंतर्गत हल्द्वानी मार्ग स्थित तीसरे मिल के निकट एक खेत से बरामद कर लिया। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि विगत कई दिनों से शक्तिफार्म जिला उधम सिंह नगर तथा वर्तमान में ट्रांजिट कैंप (रुद्रपुर) निवासी चंद्रिका प्रसाद लापता चल रहा था। इसकी सूचना परिजनों द्वारा ट्रांजिट कैंप थाने में दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि तीसरे मिल के निकट स्थित खेत में धान की रोपाई करने के दौरान मजदूरों ने एक युवक का शव पड़ा देखा और कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान चंद्रिका प्रसाद के रूप में की। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक दिमागी रूप से कमजोर था और उसको भूलने की आदत थी तथा भटक भटक कर अलग-अलग क्षेत्र में चला जाता था।

पत्नी के खिलाफ पति ने की सीएम पोर्टल पर शिकायत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एक विवाहिता द्वारा पति पर तमंचा दिखाकर दहेज में चार लाख रुपये मांगने व तीन तलाक देने के बाद घर से मारपीट कर भगा देने के झूठे आरोपों के मामले में पति ने परिवार न्यायालय व सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। साथ ही आरोप लगाया कि उसकी पत्नी मायके की शह पर उसके दोनों बेटों के जीवन से खिलवाड़ कर रही है।

काशीपुर निवासी एक व्यक्ति ने परिवार न्यायालय को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह काशीपुर की एक युवती से बिना दहेज के हुआ था। विवाह के बाद उसके दो पुत्र होने के बाद उसकी पत्नी अपने मायके वालों की बातों में आकर अक्सर उससे लड़ाई झगड़े पर उतारू रहने लगी, जबकि वह अपने परिवार को बचाए रखने की खातिर हमेशा शांत रहा। उसकी पत्नी लड़ाई झगड़ा करते हुए उसके दोनों पुत्रों को लेकर अपने मायके चली गई। इस दौरान हुई पंचायत में उसे किसी तरह समझा बुझाकर अपने साथ घर लाया। बीती 9 जून 2025 की रात उसने फिर से झगड़ा कर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते हुए पुलिस को तहरीर सौंप दी।

कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम लघु डाल उपखण्ड, अल्मोड़ा

पत्रांक : 105/स०अ०प्र०/ निविदा/2025-26/ दिनांक : 23-06-2025

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 02/स०अ०प्र०/2025-26

निम्नलिखित कार्यों की मुहरबन्द निविदायें दिनाँक 08.07.2025 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकदारों से आंमत्रित की जाती है, जो उसी दिन 1:00 बजे अपरान्ह सहायक अभियन्ता कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.07.2025 तक बेची जायेगी। कार्य संबंधी विवरण निविदा खोलने से पूर्व में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक कार्यालय में देखा जा सकता है। पंजीकृत ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधि प्रपत्र का निर्धारित मूल्य देकर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं राष्ट्रीकृत बैंक की एफ०डी०आर० के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल खण्ड, अल्मोड़ा के नाम बंधक होगी, मान्य होगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का एवं कार्य की मात्रा कम या ज्यादा करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। निविदा के साथ रू० 100.00 के कोर्ट स्टैम्प पेपर पर 3 माह की वैधता हेतु रू० 1.00 के राजस्व टिकट में हस्ताक्षर कर लगाना होगा। निविदा आमंत्रण की तिथि से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।

क्र० सं०	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू० में)
1	2	3	4	5	6
01	Providing and fitting of M.S pipe line 4" Dia with S/F of valves including all cost of work at Tilora L.I.S block Hawalbagh Distt. Almora under head Nabard RIDF-XXX.	2.80	5610.00	02 माह	500+ जी०एस०टी०

नोट :-
1. जी० एस० टी० नियमानुसार देय होगी।
2. अन्य शर्तें व विशिष्टियाँ निविदा के साथ उपलब्ध होगी।

सहायक अभियन्ता, प्रथम
लघु डाल उपखण्ड, अल्मोड़ा

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

सूचना

मेरा ड्राइविंग लाइसेन्स संख्या DL 0819950062097 में त्रुटिवश मेरे पिताजी का नाम SITAL SINGH अंकित हो गया है। जबकि सही नाम SABBAL SINGH अपने डी.एल. में लिखवाना चाहता हूं। - **मोहन सिंह पुत्र श्री सब्बल सिंह, ग्राम-कुटरा, खटीमा, उधम सिंह नगर**

सूचना

मैंने अपने पुत्र शऊद को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये गये कार्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **मौ. इरशाद पुत्र सूखा, निवासी कचनालगाजी, काशीपुर, ऊधमसिंह नगर।**

घाट से खनन वाहन निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

बाजपुर: कोसी नदी के सुरेंद्रजीत घाट से खनन वाहन निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे एक पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रतनपुरा निवासी प्रदीप कुमार ट्रैक्टर-ट्रॉली से कोसी नदी में खनन का कार्य करता है और रायल्टी देता है। गुरुवार को वह खनन सामग्री से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर सुरेंद्रजीत घाट से गुजरा तो चार युवकों ने 5-6 अन्य साथियों के साथ एकराय होकर घेर लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज की। साथ ही इस मार्ग पर किसी और का वाहन नहीं चलने देने की बात कही। आरोपियों को समझाने की कोशिश की तो उन्होंने हमला कर दिया जिसमें वह घायल हुआ है। गाली-गलौज करते हुए अगली बार इधर आने पर जान से मारने की धमकी दी तथा वहां से भगा दिया। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

एक नजर

सुनपहर में भूमिधरी जमीन पर कब्जा करने का आरोप

खटीमा : सितारगंज के एक व्यक्ति ने सुनपहर गांव स्थित उसकी भूमिधरी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों पर जबरन कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम उकरौली लालर खास, थाना सितारगंज निवासी गुरबचन ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि ग्राम सुनपहर तहसील खटीमा में उसकी भूमि है जिसका वह भूमिधरी मालिक है। पीड़ित के शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पिता सैलाबी प्रसाद का स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह अपनी जमीन पर खेती-बाड़ी करने नहीं पहुंच पाए लेकिन जब वह बुधवार को अपनी जमीन पर फसल बिजाई करने गए तो गांव के ही एक व्यक्ति ने उसको खेत में ट्रैक्टर चलाने से मना कर दिया और जातिसूचक शब्दों में गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित का आरोप है कि गांव के हो दो लोग जबरदस्ती कब्जा कर फसल लगाने की कोशिश में हैं। पीड़ित ने कब्जे के प्रयास को रोकने तथा न्याय की गुहार लगाई है। सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पूर्व कर्मचारी को कारखाने में घुसने से रोकने पर सुरक्षा कर्मी से मारपीट

बाजपुर : पूर्व कर्मचारी को कारखाने में घुसने से रोकने पर सुरक्षा कर्मी से मारपीट का आरोप लगा पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम हरिपुरा हरसान निवासी राजू सिंह ने पुलिस को बताया कि वह एक फोजन फूड्स बाजपुर में गेटमैन (सुरक्षाकर्मी) का कार्य करता है। इस कारखाने में मशीन हेल्पर का काम कर चुके एक युवक की पिछले दो-तीन दिन से कारखाने में नो-एंट्री के आदेश हैं। इसी बीच 25 जून की प्रात: करीब आठ बजे पूर्व कर्मी आया और अंदर जाने का प्रयास करने लगा। उसकी नो-एंट्री लगी होने की बात कही तो वहां से चला गया। आरोप है कि दोपहर बाद करीब दो बजे राजू अपने घर जा रहा था तो आरोपी ने अपने 8-10 अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई है। उसने किसी तरह अपनी जान बचाई है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

नाबालिग को फोन करके परेशान करने का आरोप

बाजपुर : एक युवक पर 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को फोन करके परेशान करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगरीय क्षेत्रांतर्गत निवासरत व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को एक युवक आए दिन फोन कर परेशान कर रहा है। आरोपी अमर्यादित भाषा का उपयोग कर बेटी से ही शादी करने की बात कह रहा है। गुरुवार को करीब 11 बजे भी आरोपी ने इसी तरह की हरकत की। जब आरोपी को वापस फोन किया गया तो उसने फोन नहीं उठाया। इस धमकी के बाद से पुत्री डरी-सहमी है। वहीं खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। अलबत्ता पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मजदूरी के 25 हजार रुपये को लेकर विवाद

बाजपुर : मजदूरी के 25 हजार रुपये को लेकर श्रमिक व ठेकेदार के बीच विवाद हो गया। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे श्रमिक ने ठेकेदार के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम चकरपुर निवासी दानिश ने पुलिस को बताया कि वह करीब आठ माह पहले मुंशीगज स्वार रामपुर उप्र निवासी ठेकेदार के साथ वेल्डिंग का कार्य करने के लिए बेंगलूरू गया था और वहां एक माह कार्य किया, जिसमें मजदूरी के 25 हजार रुपये बनते हैं। आरोप है कि ठेकेदार ने अभी तक पैसा नहीं दिया है। जब भी वह अपनी मजदूरी के पैसे मांगता है तो आरोपी आज-कल कहकर टाल-मटोल करता चला आ रहा है।

रुद्रपुर में फार्मासिस्ट युवती ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

संवाददाता, रुद्रपुर

- दो बार पहले भी कर चुकी थी आत्महत्या का प्रयास, पानी की बाल्टी छूने से हो गई नाराज

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में 20 वर्षीय फार्मासिस्ट युवती ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि युवती इससे पहले भी दो बार सुसाइड किए जाने का प्रयास कर चुकी थी। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना मिली कि डी ब्लॉक में एक युवती ने फांसी लगा ली है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय

अर्चना सरकार (फाइल फोटो)।

पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि 24 वर्षीय अर्चना सरकार ने फार्मेसी का कोर्स किया हुआ था और शहर स्थित होम्योपैथिक क्लीनिक पर काम करती थी। मृतक के चाचा संयासी सरकार ने पुलिस को बताया कि अर्चना काफी रिजर्व प्रवृति की थी और अपने सम्मान के प्रति सजग रहती थी।

उन्होंने बताया कि पहले भी वह दो से तीन बार सुसाइड का प्रयास कर चुकी थी। यही कारण है कि पिता ने दरवाजे की चिटकनी भी हटा रखी थी। बताया कि गुरुवार को अर्चना की मां ने पानी से भरी बाल्टी को हाथ लगा दिया था। बस इसी बात से वह खफा हो गई। लेकिन यह अंदाजा नहीं था कि वह जरा सी बात को लेकर सुसाइड भी कर सकती है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य भी जुटाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वर्ष 2020 में दर्ज हुआ था फर्जी अंकतालिका का मुकदमा, वर्ष 2019 में लड़ा था चुनाव

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष की याचिका खारिज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : 10वीं की फर्जी अंकतालिका पर चुनाव लड़कर पंचायत उपाध्यक्ष बने त्रिनाथ विश्वास की मुकदमा वापसी की याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है। अदालत ने आदेशित किया कि अभियुक्त के खिलाफ होने वाली सुनवाई जारी रहेगी। अदालत के निर्णय के बाद अभियुक्त के चुनाव लड़ने का सपना अधूरा रह सकता है।

वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन में काली नगर निवासी त्रिनाथ विश्वास ने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव खटोला-18 पंचायती इलाके से लड़ा। चुनाव जीतने के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष की कुर्सी भी हासिल की।

> वर्ष 2019 में पंचायत का चुनाव लड़ा और चुनाव जीतकर उपाध्यक्ष भी बना। लेकिन राजनीतिक द्वेष भावना के चलते एक शिकायती पत्र दिया गया और शासन के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत हुआ। सरकार की ओर से अदालत में मुकदमा वापसी की याचिका दायर हुई थी। उसे अदालत ने खारिज कर दिया है। न्यायपालिका का आदेश सर्वोपरि है और न्यायालय के आदेश का सम्मान भी किया जाएगा। असत्य पर सत्य की जीत जरूर होगी।
>
> **-त्रिनाथ विश्वास**, अभियुक्त

> तत्कालीन जिला पंचायत उपाध्यक्ष के खिलाफ डीएम को वर्ष 2021 में शिकायती पत्र दिया था। जिसमें हाईस्कूल की अंक तालिका फर्जी होने की शिकायत की थी। शासन-प्रशासन ने मामले की जांच की और शासन के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। वर्तमान में उनकी याचिका के आधार पर ही अदालत में सुनवाई हो रही है। मुकदमा वापस होने की याचिका खारिज होना सत्य की जीत है। वह प्रकरण को लेकर अदालत का सम्मान करते रहेंगे।
>
> **-किशोर कुमार**, शिकायतकर्ता

लेकिन कुछ माह बाद ही कांग्रेस नेता किशोर कुमार ने डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा। आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने नामांकन पत्र में संलग्न हाईस्कूल की अंक तालिका रामपुर इंटर कॉलेज विशारद नगर रामपुर की है और वर्ष 1998 की उत्तीर्ण अंकतालिका है।

जांच के बाद थाना पंतनगर में 6 अक्टूबर 2020 को कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ और शासन के आदेश पर सदस्यता भी रद्द कर दी। प्रकरण को लेकर शिकायतकर्ता आईटी सेल कांग्रेस के कुमाऊं प्रभारी किशोर कुमार विधिक लड़ाई लड़ी और 20 जून को शासन की ओर से अभियुक्त त्रिनाथ का मुकदमा रद्द किए जाने की याचिका दायर हुई। जिस पर सुनवाई करते हुए पंचम अपर सिविल जज सीनियर डिविजन शमा परवीन ने दोनों पक्षों की जिरह सुनी और धारा 321 के तहत मुकदमा वापसी याचिका को खारिज कर दिया और आदेशित किया कि अभियुक्त के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी। मुकदमा वापसी याचिका खारिज होने के बाद अब अभियुक्त त्रिनाथ विश्वास का चुनाव लड़ने का सपना अधूरा रह सकता है।

बारिश से पूर्व हो शहर में जल निकासी की व्यवस्था

डीडी चौक पर हल्की बारिश में जलभराव होने पर जताई नाराजगी, महापौर ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

सतर्कता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मानसून से पहले रुद्रपुर शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से महापौर विकास शर्मा ने सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, नगर निगम और गल्फार कंपनी के अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ शहर के विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बरसात से पूर्व जल निकासी की व्यवस्था को पूरा करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई ने जल निकासी के लिए कई काम कराने गुरुवार को महापौर ने संयुक्त टीम के साथ सबसे पहले रोडवेज स्टेशन के पास डीडी चौक पर पहुंचे जहां हल्की बारिश में भी जलभराव होता है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से इस समस्या का समाधान करने के लिए कहा। इस दौरान तय किया गया कि रोडवेज के पास जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एनएचएआई अलग से नाले की खुदाई करके जल निकासी दुरुस्त करेगा। इसके बाद संयुक्त टीम ने कल्याणी नदी, इंडस्ट्रियल एरिया, किच्छा रोड हाईवे पर मेडिसिटी हॉस्पिटल के पास जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने महापौर को बताया कि यहां पर निकासी एक नहर के माध्यम से होती है जो उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधीन है। अधिक बारिश के समय नहर के निकासी गेट समय पर नहीं खुलने के कारण जलभराव की स्थिति बन जाती है। इस पर महापौर ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से गेट खोलने और व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा महापौर ने बगवाड़ा मंडी, रामनगर, रेशम बाड़ी, भदईपुरा, इंदिरा चौक, फुलसुंगा, तीनपानी डाम सहित अन्य जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों से इन स्थानों पर भी जलभराव के कारणों समाधान करने को कहा। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थानीय लोगों से भी संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

तराई में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

रुद्रपुर : उत्तराखंड में मानसून आने के साथ ही बारिश शुरू हो गयी है, लेकिन तराई में बारिश नहीं होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले चार दिन तक इसी तरह की उमस रहने की संभावना जताई है। यहां बता दें कि तराई में पिछले कई दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। पिछले तीन दिन से कहीं-कहीं सुबह या रात के समय हल्की बारिश हो रही है। जबकि दिनभर चटक धूप निकल रही है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा।वातावरण में नमी की मात्रा 89 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पूर्व से 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में भी मानसून आने के बाद पहाड़ों में बारिश हो रही है, लेकिन तराई में एक से दो मिलीमीटर ही बारिश हो रही है। यह क्लाइमेट चेंज का ही असर है। उन्होंने बताया कि अगले चार दिन तक इसी तरह का मौसम रहने की उम्मीद है।

ऐसे होगा समाधान

- रोडवेज के पास डीडी चौक पर जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए नाले की खुदाई की जाएगी। जिसकी निकासी कल्याणी नदी में होगी।
- एनएच 74 पर होटल लीकैशल के बगल में निकासी के लिए बनाया जाएगा कलवर्ट।
- बगवाड़ा नहर की निकासी के लिए बनाया जाएगा कलवर्ट।
- इंडस्ट्रियल एरिया में होने वाले जलभराव के समाधान के लिए ठंडी सड़क पर लंबे समय से टूटी पड़ी पुलिया का होगा निर्माण।
- नदी नाले और नहरों के प्रवाह में बाधक बन रहा अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई।

ये अधिकारी रहे मौजूद

नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, अपर सहायक अभियंता पंचदेव, अधिशासी अभियंता भरत सिंह डांगी, सहायक अभियंता विजय पाल सिंह, नगर निगम के सहायक अभियंता हरीश बसेड़ा, एनएचएआई के विकास मित्तल, ऋषभ वाही, राकेश सिंह, महेंद्री शर्मा, रोहित मित्तल, चिराग अग्रवाल, लखविंद्र सिंह, यशपाल शर्मा, राजन राठौर, राजेश कामरा आदि लोग मौजूद रहे।

खेत पर काम के दौरान करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

बाजपुर के सरकारी अस्पताल में लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: खेत पर काम के दौरान विद्युत करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रेम सिंह (फाइल फोटो)।

ग्राम महेशपुरा निवासी 40 वर्षीय प्रेम सिंह गुरुवार को गांव के ही जरनैल सिंह के किशनपुर मौलागढ़ रोड स्थित खेत में मजदूरी पर अन्य श्रमिकों के साथ धान रोपाई करने गया था। बताया जाता है कि सुबह करीब 11.40 बजे प्रेम सिंह खेत के किनारे खड़े विद्युत पोल से उतरे करंट की चपेट में आ गया, जिसकी जानकारी से वहां हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ही उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया, जो रोते-बिलखते घटना स्थल एवं सरकारी अस्पताल पहुंच गए। इसी बीच किसी ने पुलिस को भी सूचना दे दी जिससे पुलिस में भी हड़कंप मच गया।

सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की और आवश्यक जानकारी जुटाई। परिजनों ने इस घटना के लिए खेत मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं खबर लिखे जाने तक लिखित तहरीर नहीं दी गई थी। समाजसेवी लीलाधर सैनी ने बताया कि मृतक अविवाहित था, जोकि अपने छोटे भाई रामचंदर पासी के साथ रहता था।

बसंतीपुर में सांप के डसने से महिला की मौत

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: रसोई घर में नाश्ता बनाते समय सांप के डसने से महिला शांति अधिकारी (54) की मृत्यु हो गई। परिजन आनन-फानन में महिला को बाजपुर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया। गांव बसंतीपुर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने मृतका को समाधि दी गई।

शांति अधिकारी।

दिनेशपुर के ग्राम- बसंतीपुर में परिजनों को ढांढस बंधाते जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

गुरुवार की प्रातः 9 बजे ग्राम बसंतीपुर निवासी शांति अधिकारी (54) पत्नी विकास अधिकारी नाश्ता बनाने के लिए रसोई घर में गई थी। अचानक सांप ने डस लिया। परिजनों ने सोचा कि चूहे ने काट लिया होगा। लेकिन कुछ देर बाद महिला को मूर्छा आने लगी। परिजन आनन- फानन में पहले बाजपुर अस्पताल ले गए। जहां से झाड़ फूंक के लिए नेतानगर ले आए जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे पति विकास अधिकारी व विवाहित पुत्री दीपा सरकार को रोता हुआ छोड़ गई। परिजनों ने बताया कि मृतका शांति अधिकारी ने तीन वर्ष पूर्व संन्यास ले लिया था, परिजनों ने शांति अधिकारी को घर के निकट समाधि दी। शोक का समाचार सुनते ही उनके निवास बसंतीपुर में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, भाजपा नेता राजेश बजाज व हिमांशु सरकार, आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, समाजसेवी नित्यानंद मंडल, पत्रकार जीवन नयाल, काजल राय, विवेक दास, हरिपद मंडल, सुखदेव हालदार, सुनील मंडल, सुनीता मिस्त्री, सुदर्शन विश्वास, गोपाल विश्वास, दुलाल मल्लिक, राहुल विश्वास आदि थे।

दबंगई

गांजा-दारू की बोतल लेकर छत पर कूदा माफिया, साथियों के साथ किया अधमरा, पुलिस ने दौड़ाया

नशा माफियाओं ने परिवार पर किया जानलेवा हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : घनी आबादी वाले इलाके ट्रांजिट कैंप में पिछले कुछ माह से नशा माफियाओं का इतना आतंक बढ़ चुका है कि कोई भी उनके खिलाफ मोर्चा खोलने का साहस नहीं करता है। अगर कोई मोर्चा खोलता है तो वह जानलेवा हमला कर डालते हैं। ऐसा ही एक वाक्या पुलिस कार्यालय में देखने को मिला। जहां पट्टी बंधवाकर एक महिला अपने परिवार के साथ आयी और एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी।

गुरुवार को पुलिस कार्यालय पहुंची पीड़िता नन्ही देवी निवासी शिवनगर ट्रांजिट कैंप ने बताया कि 23 जून की रात्रि 10 बजे पड़ोसी नशा माफिया गांजा और दारू की बोतल लेकर छत पर कूदा। जब पति ने उसे देखा और रोकने का प्रयास किया तो माफिया धक्का देकर भाग गया। आरोप था कि थोड़ी देर बाद नशा माफिया हथियारबंद साथियों के साथ आया और पति, बच्चों और बुजुर्ग मां पर प्रहार कर दिया। खून से लथपथ होने के बाद भी हमलावर हमला करते रहे।

चीख पुकार सुनकर जब लोग एकत्रित होने लगे तो हमलावर फरार हो गए। आनन-फानन में पड़ोसी उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार कराने के बाद जब वह थाना ट्रांजिट कैंप पहुंची तो पुलिस वालों ने धमकाकर भगा दिया। आरोप था कि नशा माफिया कार्रवाई करने पर बार-बार परिवार की हत्या करने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित परिवार ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। उधर थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि दोनों पड़ोसियों में नाली को लेकर विवाद है और आपसी रंजिश भी चल रही है। पीड़िता ने कोई भी शिकायती पत्र नहीं दिया था, लेकिन पुलिस कार्यालय के बाद पीड़िता थाने आई थी और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही लगाए आरोपों की तफ्तीश कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस कार्यालय में पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY
BIUCOP
BAREILLY
Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः ।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः ॥

विद्या का अहंकार ,धन – सम्पति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते है।

संपादकीय

भारत का कड़ा रुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के क्विंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ संयुक्त बयान में आतंकवाद को लेकर पहलगाम हमले का उल्लेख नहीं किया गया और बलूचिस्तान का ज़िक्र शामिल था। इस पर भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह दस्तावेज भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को कमजोर करता है। आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने भारत का पक्ष जिस मजूबती के साथ रखा उसकी सराहना की जानी चाहिए। संयुक्त बयान को खारिज करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते। कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं। भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। मूल रूप से एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की बुराइयों से लड़ना रहा है। इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देश शामिल हैं।

भारत ने इस मंच पर हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मज़बूत रुख अपनाया है और इसे वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा ख़तरा माना है। एससीओ बैठक में भारत ने पहलगाम हमले को संयुक्त बयान में शामिल करने की मांग की ताकि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति बनाई जा सके। लेकिन पाकिस्तान और चीन ने इस मांग को ठुकरा दिया और दस्तावेज में पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया गया। विश्लेषकों के अनुसार पाकिस्तान और चीन आतंकवाद से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। एससीओ जैसे मंचों का उपयोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए होना चाहिए। भारत की मांग को नजरअंदाज करना एससीओ की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। पाकिस्तान व चीन के रवैये पर भारत ने कड़ा रुख अपनाकर दोनों देशों को करारा जवाब दिया है। यह भारत की संप्रभुता और आतंकवाद के ख़िलाफ दृढ़ नीति का प्रतीक है।

चीन हमेशा चाहेगा कि भारत गैर जरूरी मुद्दों में उलझा रहे

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> वस्तुतः यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो "(नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें।

वैश्विक राजनीति में 'एलिफेंट एंड ड्रैगन' टर्म का उपयोग अक्सर क्रमशः भारत और चीन के आपसी संबंधों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है जो न केवल इनके आपसी संबंध बल्कि इनके संबंधों से क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों में इनकी भूमिका की महत्ता को दिखाता है। इसको देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपने अग्रसोची भू राजनैतिक हितों के दृष्टिगत हमेशा विश्व की महाशक्तियों तथा उभरती शक्तियों को ध्यान में रखकर अपनी वैश्विक राजनीति और कूटनीति को अपनाना चाहिए। इसे छोटे छोटे मसले जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश से उलझने के बजाय चीन को सामने रखकर प्लान बनाने चाहिए। भारत से टकराव की स्थिति बनाए रखना पाकिस्तान जैसे देशों के हित में है, क्योंकि यह इसे उसे भारत के समकक्ष आने में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 1986 में पूर्व सेना प्रमुख जनरल कृष्णास्वामी सुंदरजी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि 'भारत के लिए चीन ही असली खतरा है। पाकिस्तान से तो यूं ही चलते फिरते निपटा जा सकता है'। यह वक्तव्य भले ही सैन्य दृष्टिकोण से हो परंतु अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यही सत्य है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है और अब यह उसके स्थिर रहने या नीचे गिरने का समय है। यद्यपि पिछले कुछ दशकों में चीन ने अर्थव्यवस्था सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था इस समय कुछ जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें धीमी वृद्धि, बढ़ता कर्ज, जनसांख्यिकीय बदलाव, पर्यावरण संबंधी चिंताएं, वैश्विक व्यापार तनाव और तकनीकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। वर्ष 2020 में चीनी अर्थव्यवस्था की इस तीव्र प्रगति को देखते हुए अमेरिकी थिंक-टैंक ने भविष्यवाणी की थी कि चीन वर्ष 2030 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

> भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है ।

स्वाभाविक रूप से चीनी अर्थव्यवस्था के धीमे रहने से भारत के पास यह मौका है कि वह भारत तथा चीन के बीच जीडीपी में अंतर को समाप्त कर विश्व की दूसरी-तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। इसका तात्पर्य है कि उसके सामरिक, राजनैतिक और आर्थिक वैश्विक महाशक्ति बनने का रास्ता खुल जाएगा।

वस्तुतः वर्ष 1990 में चीनी अर्थव्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा बड़ी नहीं थी लेकिन आज चीन की जीडीपी भारत से लगभग 5.46 गुना बड़ी है। चीन ने वर्ष 1978 में और भारत ने वर्ष 1991 में अपने यहां ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन के माध्यम से आर्थिक सुधार शुरू किए, लेकिन दोनों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए अलग अलग रास्तों का चयन किया। चीन ने गुणवत्ता पूर्ण श्रम, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और विश्व स्तर के आधारभूत ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि भारत ने अपने सेवा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम किया। इसीलिए चीन को 'दुनिया का कारखाना' कहा जाता है और भारत को 'दुनिया का बैक ऑफिस' कहा जाता है।

माना जाता है कि यदि अगले 25 वर्षों में वार्षिक औसत वृद्धि 7-7.5 प्रतिशत रहे तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध-पत्र के अनुसार भारत वर्ष 2029 तक दुनिया में जापान की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। देश पहले ही क्रय शक्ति क्षमता के मामले में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

चीन ने हाई-स्पीड रेल नेटवर्क और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है, जिसने शुरू में इसके तेज़ विकास को बढ़ावा दिया था। वस्तुत चीन एक ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो थका हुआ और अस्वस्थ है। तीव्र औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मिट्टी का क्षरण ऐसी प्रमुख समस्याएं हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित कर रही है।

इन सबके पीछे चीन का जनसांख्यिकीय लाभ समाप्त होना एक महत्वपूर्ण कारण है। चीन में वृद्ध होती आबादी के कारण कार्यबल में कमी आ रही है। इतना ही नहीं यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन पेंशन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा पर दबाव डालता है और सार्वजनिक वित्त पर दबाव डाल सकता है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2050 तक चीन में ऐसे आश्रित लोगों की जनसंख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी, जो क्रियाशील लोगों पर निर्भर रहेंगे, जो वर्तमान में 35 प्रतिशत है। इससे चीन और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ेगा। इस मामले में भारत चीन से कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। वर्ष 2050 तक 1.7 बिलियन लोगों की आबादी के साथ भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश होगा। वर्ष 2030 के मध्य में यह अपने चरम पर होगा। इस अवधि में अपने बृहत युवा जनसंख्या का लाभ उठाकर भारत अपनी जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत तक बढ़ाकर चीन को पीछे छोड़ सकता है। लेकिन इस संबंध में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि हालांकि भारत में चीन की तुलना में अधिक युवा श्रमिक हैं, लेकिन उनका शैक्षिक और कौशल स्तर वास्तव में चीनी श्रमिकों की तुलना में कम है। इसके अतिरिक्त आज के साइबर युग में प्रौद्योगिकी श्रम से अधिक महत्वपूर्ण है, और चीन प्रौद्योगिकी इनोवेशन में भारतीयों से बेहतर है।

जान हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रोफ़ेसर स्टीव के अनुसार भारत समस्याओं से दबा हुआ है। ह्यूमन फ्रीडम इंडेक्स में 165 देशों में से भारत 119वें रैंक पर है। क़ानून के शासन के मामले में भारत का रिकॉर्ड दुनिया में सबसे ख़राब देशों में से है। उनका मानना है कि क़ानून के शासन की मज़बूती से पालन के बिना कोई भी देश मज़बूत, निरंतर आर्थिक परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकता है। वैसे इस मामले में चीन की रैंकिंग भारत से भी नीचे है। आलोचकों के अनुसार अगर चीनी अर्थव्यवस्था को इसी स्थिति में रोक दिया जाए और भारतीय अर्थव्यवस्था 7-7.50 प्रतिशत की दर से बढ़ती रही, तो इसकी अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की होगी, यानी आज की चीनी अर्थव्यवस्था को पार करने में भारत को लगभग 25 साल लगेंगे। लेकिन इससे पृथक यदि समग्र रुप से प्रयास करें तो भारत अगले 10 वर्षों में ख़ुद को निर्यात-आधारित विकास के रास्ते पर ला सकता है, जैसा कि चीन कई दशकों से करता आया है।

वस्तुतः यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो" (नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें। लेकिन चीन यह कभी नहीं चाहेगा कि हम ऐसा सोचें भी, इसलिए हमें वह पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश जैसे गैर जरूरी मुद्दों में उलझाए रखना चाहेगा ताकि हम अपने वृहद लक्ष्यों से दूर रहें। इस नजरिए से देखें तो भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध में उलझकर अपना नुकसान करेगा और इससे पाकिस्तान को विश्व स्तर पर तवज्जो मिलने लगेगी, जैसा कि अभी हालिया संघर्ष में हमने देखा है। ऐसा भी माना जाता है कि पहलगाम नरसंहार के पीछे चीनी हाथ था ताकि हम भारत पाक युद्ध में लग जाए और विश्व में यह संदेश जाए कि भारत विदेशी निवेश के लिए उपयुक्त जगह नहीं है, क्योंकि यह कभी भी युद्ध या संघर्ष की स्थिति में चला जाता है और इसका लाभ चीन को मिले। हमें इससे बचने की कोशिश करनी होगी। तो "हाथी चले बाजार कुत्ता भूंके हजार " कहावत को ध्यान रखते हुए भारत अपने रास्ते पर चलते रहे, यही बेहतर विकल्प है।

प्रसंगवश

खाड़ी देशों में गए नेपाली युवा खा रहे जेल की हवा

नेपाल सरकार इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके युवाओं का अवैध तरीके से विदेशों में प्रवेश कराकर उनका बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि सरकार यह भी मान रही है कि इस अवैध गतिविधि में उसके ही नागरिक शामिल है जो किसी तीसरे देश के मानव तस्करों के हाथ की कठपुतली बन गए हैं।

> रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं।

नेपाल के युवाओं को अवैध रूप से खाड़ी के देशों तक पहुंचाया जाता है जहां वे अवैध गतिविधियों में शामिल होने पर पकड़े जाते हैं और जेल की हवा खा रहे हैं। नेपाल सरकार के ही आंकड़े के अनुसार 544 नेपाली युवा सउदी अरब के जेलों में बंद हैं। चूंकि वहां के नियम कानून इतने सख्त होते हैं कि जेलों में बंद नेपाली युवाओं की रिहाई आसान नहीं है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार करीब चार लाख नेपाली युवा सउदी अरब में रोजगार के सिलसिले में गए हैं। वहीं सउदी अरब स्थिति नेपाली दूतावास के अनुसार वहां भारी संख्या में अवैध तरीके से घुसपैठ के जरिए भी भारी संख्या में नेपाली युवा मौजूद हैं। नेपाली दूतावास के अनुसार हाल ही 3800 अवैध तरीके से नेपाली घुसपैठिए युवाओं को एक्जिट वीजा देकर नेपाल वापस भेजा गया है।

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं। माओवादी नेता प्रचंड ने नेपाली युवाओं को दलालों से बचने की अपील के साथ नेपाल सरकार से युवाओं का पलायन रोकने की मांग करते हुए कहा है कि सरकार अपने ही देश में युवाओं को रोजगार देना सुनिश्चित करे।

माओवादी केंद्र ने एक आंकड़ा जारी करते हुए इस बात पर चिंता जताई है कि सउदी अरब की जेलों में भारी संख्या में नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में जेल की हवा खा रहे हैं। वे कहते हैं कि इनमें तमाम ऐसे हैं जो दलालों के हाथ फंसकर अवैध तरीके से सउदी गए और वहां गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हो गए। नतीजतन अब सजा भुगत रहे हैं।

सऊदी अरब स्थित नेपाली दूतावास के श्रम काउंसलर कविराज उप्रेती के अनुसार, सउदी अरब में जो नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में पकड़े गए हैं उनमें सबसे अधिक 345 लोग शराब बनाने, पीने या सप्लाई करने के आरोपी हैं। 84 लोग मादक पदार्थों की तस्करी में,53 लोग चोरी के मामलों में,12 लोग वेश्यावृत्ति में, 16 लोग तोड़फोड़ में, 15 लोग रिश्वतखोरी में, 4 लोग हत्या के आरोप में तथा 23 लोग अन्य अपराधों में जेल में हैं। इनमें से 341 कैदियों को अदालत द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि 203 मामलों की सुनवाई अभी जारी है।

सऊदी अरब में नियुक्त नेपाली राजदूत नरेश विक्रम धकाल ने नेपाली युवाओं की गिरफ्तारी पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सऊदी में कार्यरत नेपाली नागरिकों को कानून की जानकारी होनी चाहिए और किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नेपाली युवाओं को स्वयं सतर्क और जिम्मेदार बनना होगा। यह बेहद दुखद है कि हमारे नौजवान, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर विदेश जाते हैं, वहां जानकारी की कमी, कभी लालच और कभी गलत संगत में पड़कर क़ानून तोड़ने की राह पर चल पड़ते हैं।

यह यूरेनियम और तेल का खेल है

दुनिया के तमाम भू-राजनीतिक तनावों के पीछे एक सच्चाई छुपी है, जो अक्सर अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों से ओझल रह जाती है- यह लड़ाई परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूख इन संसाधनों पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की है, जिसके चलते वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी प्रगति और आर्थिक स्थिरता गंभीर संकट में पड़ सकती है। इस बदलाव का असर भारत जैसे उभरते और ऊर्जा-निर्भर देशों पर दीर्घकालिक होगा, जिसकी रणनीतिक तैयारी अभी से जरूरी है।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने जिन क्षेत्रों में सैन्य दखल, आर्थिक प्रतिबंध और कूटनीतिक हस्तक्षेप की नीति अपनाई है -मसलन, मध्य-पूर्व, अफ्रीका, मध्य एशिया- उन सभी इलाकों में एक समान तत्व मौजूद हैः वहां तेल, गैस, यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों का प्रचुर भंडार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे भी अगर गहराई से देखा जाए तो यूरोप की ऊर्जा निर्भरता को अमेरिका के हितों के अनुरूप मोड़ने की रणनीति दिखती है। रूस को वैश्विक ऊर्जा बाजार से काटने के प्रयास इसी दिशा में हैं। दूसरी ओर, अफ्रीका के सहारा-पट्टियों में अमेरिका और फ्रांस वर्षों से यूरेनियम खनन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दे रहे हैं।

केवल तेल और यूरेनियम ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके 'रेयर अर्थ मिनरल्स' पर भी अमेरिका की नजर है। लिथियम, कोबाल्ट, नियोडियम जैसे दुर्लभ खनिज आज के इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा पैनलों, स्मार्टफोनों और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों में अनिवार्य हो गए हैं। वर्तमान में चीन इस क्षेत्र में सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसकी वैश्विक खनिज सप्लाई चेन पर मजबूत पकड़ है। इसी संतुलन को तोड़ने के लिए अमेरिका अफ्रीकी देशों में दखल बढ़ा रहा है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में इन खनिजों को लेकर एक नया 'कोल्ड वॉर' छिड़ सकता है। यदि अमेरिका तेल उत्पादक देशों में अस्थिरता को और बढ़ाता है-जैसा कि इराक, सीरिया, ईरान और अब मध्य एशिया में देखने को मिल रहा है-तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ेगा। हाल के महीनों में ब्रेंट क्रूड फिर 90 डालर प्रति बैरल के करीब पहुंच चुका है। यदि पश्चिम एशिया या अफ्रीका में कोई बड़ा भू-राजनीतिक संकट खड़ा होता है, तो तेल की कीमत 100-120 डालर प्रति बैरल तक जा सकती है। ऐसे परिदृश्य में भारत जैसे देशों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है।

सिर्फ ऊर्जा संकट ही नहीं, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भारत की 'ईवी पॉलिसी' और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को भी गहरा झटका लगेगा। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल वाहनों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा है। यदि कोबाल्ट, लिथियम जैसी सामग्रियों की कीमत बढ़ती है या आपूर्ति में रुकावट आती है, तो यह लक्ष्य हासिल करना कठिन हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर एनर्जी, हाई-टेक उत्पादों में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास रुक सकते हैं। यह संकट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी होगा। भारत की विदेश नीति अब तक 'स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी' यानी स्वतंत्र रणनीतिक संतुलन पर आधारित रही है। लेकिन यदि अमेरिका यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अपने नियंत्रण में लेता है, तो भारत की स्वतंत्र ऊर्जा और तकनीकी रणनीति पर दबाव बढ़ेगा।

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है। भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लानी होगी। सौर, पवन, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देना होगा। तेल और गैस के लिए कम से कम 6-12 महीने का रणनीतिक भंडार तैयार करना चाहिए, ताकि वैश्विक संकट के समय भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रहे। दुर्लभ खनिजों के लिए घरेलू प्रोसेसिंग संयंत्रों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि चीन और अमेरिका पर निर्भरता घटे। इसके अलावा रूस, ईरान, ब्राजील, अफ्रीका जैसे साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा-खनिज आपूर्ति समझौते किए जाने चाहिए। निष्कर्ष के तौर पर यही कहा जा सकता है कि दुनिया के वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों के पीछे असली लड़ाई अब परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि ऊर्जा संसाधनों और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका का यह लालच वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों के आर्थिक और तकनीकी विकास मार्ग पर गंभीर असर पड़ सकता है।

सोशल फोरम

प्रश्न करने की आदत

जब हम अपनी अल्पज्ञता की बात करते हैं तो ज्ञान विमुखता की बात नहीं करते। ज्ञान का अपना आनंद होता है, जैसे पर्यटन का होता है। परंतु यदि हमें कहीं पहुंचना होता है तो पर्यटक की तरह भटकते हुए नहीं चलते, न विश्व के भूगोल को याद करते हैं। सबसे सीधा रास्ता और सबसे सुविधाजनक साधन का चुनाव करते हैं। सही समझ के लिए बहुत अधिक ज्ञान की जरूरत नहीं होती, जरूरी ज्ञान और सही प्रश्न की आवश्यकता होती है। सही प्रश्न ही शिलीभूत मान्यताओं को ध्वस्त करने और समाधान बन जाने में सक्षम होता है। जिस सीमित ज्ञान के बल पर मैंने आर्यों, उनके आक्रमण और संस्कृत भाषा और भारतीय सभ्यता के विषय में स्थापित झूठ को ध्वस्त किया था वह वैदिक भाषा, साहित्य, इतिहास और पुरातत्व के आधिकारिक ज्ञान के बल पर संभव नहीं हुआ था, बल्कि उन प्रश्नों की शृंखला के उत्तर तलाशने के क्रम में स्वतः हो गया था। केवल तीन प्रश्न यहां उदाहरण के लिए रखना चाहूंगा। ऋग्वेद में जितनी बार गो का प्रयोग हुआ है, लगभग उतनी ही बार रथों का। फिर ये गो (गाय,बैल आदि) चरवाहों के हैं, या मालवहन करने वालों के? जितनी बार जित (जीतने वाला, पैदा करने वाला) की आवृत्ति है, उससे कई गुना बार भीति, पाहि, त्राहि, अव, रक्ष (डर, प्रारक्षा करो) का आर्तनाद। ये आक्रमणकारी हो सकते हैं या स्वयं लुटेरों और उपद्रवकारियों से आतंकित? यदि संस्कृतभाषी अपनी भाषा और ज्ञान कहीं अन्यत्र से लेकर भारत में किसी रूप में आए थे, जिसका स्तर ग्रीस और रोम के उत्कर्षकाल की भाषाओं और ग्रीक दर्शन से तुलनीय था तो इस स्तर की सभ्यता भारोपीय भूभाग में उनके प्रस्थान लिए कल्पित काल 2000 ईसा पूर्व में कहां थी? फिर वैदिक समाज हड़प्पा सभ्यता का निर्माता हुआ या विनाशक? हमने इन प्रश्नों की ओर आपका ध्यान यह याद दिलाने के लिए आकर्षित किया कि इनमें से कोई प्रश्न ऐसा नहीं, जो अकेले ही पुरानी मान्यताओं को खंडित करने के लिए पर्याप्त न हो। प्रश्न करने की आदत व्यक्ति और समाज को भटकने से बचाती है, वैज्ञानिक बनाती है, और अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने में समर्थ बनाती है।

भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

-फेसबुक वॉल से

मौत से लड़ते सीवरेज साफ-सफाई कर्मचारी

सुनील कुमार महला
स्तंभकार

> आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ–सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने के बाद भी जब हमारे यहां से सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं, तो विचलित करतीं हैं। दुखद है कि आए दिन हमें मीडिया की सुर्खियों में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले पढ़ने सुनने को मिलते रहते हैं। हमारे देश में सीवरेज की सफाई का काम अक्सर समाज का सबसे कमजोर व गरीब वर्ग करता है, ऐसे में क्या इन वर्गों की चिंता हम सभी को तथा सरकार को नहीं करनी चाहिए, यह प्रश्न अपने आप में एक यक्ष व ज्वलंत प्रश्न है।

जुलाई 2022 में लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। यदि हम यहां पर सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों की बात करें तो इनमें क्रमशः मैनुअल सीवर सफाई (सीवर और सेप्टिक टैंकों में जहरीली गैसों के कारण),सुरक्षा उपकरणों का अभाव (सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना),लापरवाही (ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही),सीवर सफाई के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना, तथा सीवर सफाई के खतरों के बारे में जागरूकता की कमी हैं। बहरहाल, देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था तथा इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं।

आज हम एआई चैटबाट (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आधुनिक युग में जी रहे हैं। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक उपलब्ध है, लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों, तकनीक और सुरक्षा उपकरणों की कमी है। शायद यही वजह है कि मजदूर इन जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सीवरेज की सफाई करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि हमारे देश में आज मैनुअल सीवर की सफाई पर कानूनन प्रतिबंध है। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है तो उनको 27 दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है, लेकिन इन दिशा-निर्देशों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और मजदूरों को सीधा मौत में उतार दिया जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अगर कोई व्यक्ति या एजेंसी एमएस अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन तो इस उसे अधिनियम की धारा 8 के तहत दो साल तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ-सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। फिर भी यदि किसी कारणवश इन सीवरेज की साफ-सफाई के लिए मजदूरों को इनमें उतरना ही पड़ता है तो सीवर सफाई के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सीवर में उतरने वाले व्यक्तियों को गैस डिटेक्टर, सुरक्षात्मक कपड़े (जैसे कि दस्ताने, जूते, और सुरक्षात्मक सूट), और श्वसन उपकरण (जैसे कि गैस मास्क या एयर-सप्लाई रेस्पिरेटर) का उपयोग करना चाहिए। उचित प्रशिक्षण तो जरूरी है। सीवर को साफ करने से पहले, उसका अच्छी तरह से निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सुरक्षित रूप से साफ किया जा सकता है। जेटिंग मशीन, स्नेकिंग उपकरण (जो सीवर में एक धातु की छड़ डालकर रुकावटों को तोड़ता है), तथा अन्य आधुनिक मशीनों जैसे कि रोबोटिक उपकणों आदि का प्रयोग किया जाना बहुत ही जरूरी है। इसके साथ ही किसी भी सीवर को साफ करने के बाद, उसे ठीक से बंद करना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सीवर में काम करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करना बहुत आवश्यक है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2023 में केंद्र और राज्यों को उचित उपाय करने, नीतियां बनाने और निर्देश जारी करने का निर्देश दिया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मैनुअल सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। इतना ही नहीं, उस समय न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से सीवर की सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने को भी कहा था। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि हम सीवर में साफ-सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर चिन्तन-मनन करें और इस दिशा में आवश्यक और जरूरी कदम उठाएं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

नुक्कड़ नाटक से बताए नशे के दुष्परिणाम

महिला एवं बाल सहायता समिति के पदाधिकारियों ने दिलाई नशा नहीं करने की शपथ, बच्चों पर ध्यान देने को कहा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिये महिला एवं बाल सहायता समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, बच्चों द्वारा रेलवे पुलिस काशीपुर के साथ मिलकर रेलवे काशीपुर जंक्शन पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। गुरुवार को संस्था के लिटिल सोशल वॉरियर नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक, नृत्य, जनगीत, गोष्ठी व नशे के विरुद्ध नारों द्वारा लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

साथ ही बताया गया कि नशा किस प्रकार से जीवन, परिवार, समाज, देश को बर्बाद कर रहा है। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुखवंत सिंह ने कहा कि अगर व्यक्ति चाहे तो वह नशा छोड़ सकता है, अपने परिवार को खुशहाल रख सकता है। अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने, बच्चों की निगरानी करने के लिए कहा गया। संस्था की दल प्रधान निशा, मनीषा द्वारा क्षेत्र में बढ़ते नशे पर चिंता व्यक्त करते हुए नशे से दूर रहने के लिए कहा गया। संस्था सदस्य शांति देवी, कमलेश द्वारा बच्चों पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया। सभी दर्शकों द्वारा लिटिल सोशल वॉरियर द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। इस मौके पर एसआई सत्यवीर सिंह, रेलवे अधीक्षक रवि शंकर, जीआरपी एसआई सुरभि बौड़ाई, कांस्टेबल कैलाश चंद, पिंकी कोहली, संस्था अध्यक्ष सरोज सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

बाजपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. महेंद्र कुमार जायसवाल।

मादक पदार्थ दिवस पर जागरूक किया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में गुरुवार को विश्व मादक पदार्थ दिवस पर उपजिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में वरिष्ठ चिकित्सक डा.महेंद्र कुमार जयसवाल की अध्यक्षता में विश्व मादक पदार्थ दिवस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं व नालसा राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर-15100 जानकारी दी।

वरिष्ठ चिकित्सक डा.महेंद्र कुमार ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर डा.आकांक्षा सैनी, प्रकाश बचखेती, चीफ फार्मासिस्ट दलजीत सिंह, डा.एकता तिवारी, डा.विपिन यादव, वतन कुमार, आशीष चौधरी आदि मौजूद रहे।

पुलिस व एसएसबी ने चलाया नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पुलिस और नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने जागरूकता अभियान चलाया। वहीं प्लस लर्निंग में विधिक शिविर लगाकर बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर कोतवाली पुलिस ने नगर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों सहित जागरूकता रैली निकाली और विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर छात्रों को नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी दूर रखने का संदेश दिया।

इस दौरान कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी, एसएसआई विनोद कुमार, किशोर पंत आदि थे। इधर थानाध्यक्ष झनकईया देवेंद्र गौरव, उपनिरीक्षक लक्ष्मण दत्त जोशी, प्रमोद जोशी ने निर्मल दर्शन नशा मुक्ति केंद्र के साथ मिलकर झनकईया में नशा उन्मूलन के संबंध में जागरूक कार्यक्रम किया गया। उन्होंने स्थानीय युवाओं व लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और पंपलेट बांटकर नशामुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रकाश भट्ट, सूरज चन्द आदि रहे।

नेपाल सीमा पर तैनात 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने कमांडेंट मनोहर लाल के मार्गदर्शन में "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" अभियान के तहत मेलाघाट बाजार में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें असिस्टेंट कमांडेंट दिनेश कुमार, सहायक उप-निरीक्षक अमृत भाई, सुशील कुमार, प्रवेश कुमार, आदित्य आदि मौजूद रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पल्स लर्निंग सेंटर पर हरीश चंद्र पांडे की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता शहाना बेगम, कमान सिंह धामी, अब्दुल माजिद, आरबी सिंह राणा के द्वारा नशीली दवाइयां के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पिंकी राणा, आरबी सिंह राणा, राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

सीमावर्ती गांव में जन जागरूकता रैली निकलते एसएसबी के जवान।

प्रतिष्ठित व्यापारी को पितृ शोक, बाजार बंद

- व्यापारी के घर शोक व्यक्त करने वालों का लगा तांता

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी वीरेंद्रनाथ विश्वास के पिता कृष्णपद विश्वास (65) का बुधवार की रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी व दो पुत्रों एवं पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। निधन का समाचार सुनकर उनके निवास वार्ड- दो में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

गुरुवार को प्रतिष्ठित व्यापारी वीरेंद्र नाथ विश्वास के पिता कृष्णपद विश्वास (63) के निधन पर देवभूमि व्यापार मंडल ने शोक में आधे दिन बाजार बंद रखा। उनकी अंत्येष्टि नगर के मोक्ष धाम पर की गई। उनकी चिता को उनके जेष्ठ पुत्र वीरेंद्र नाथ विश्वास व विधान विश्वास ने मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, शिक्षक सघ ब्लॉक मंत्री मनोज राय उर्फ मुन्ना, सभासद सत्यजीत विश्वास, राखाल मंडल, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, गौतम सरकार, पंजाबी सभा अध्यक्ष केके गावा, भाजपा अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, हिमांशु सरकार, मनोज सती, विष्णु प्रसाद बैघ, भूपेश सरकार, मानसिंह कोरंगा, राजीव विश्वास, सुदर्शन सरकार आदि ने शोक जताया।

कृष्णपद विश्वास।

सहायक अध्यापक को बधाई देते उपाध्याय।

सहायक अध्यापक प्रसून को दी बधाई

रुद्रपुर, अमृत विचार : पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय के मनबजूना द्वाराहाट, अल्मोड़ा के सहायक अध्यापक प्रसून अग्रवाल को मिशन शिक्षण संवाद के लिए राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर शुभकामनाएं दी हैं।

साथ ही उम्मीद जतायी है कि वे इसी तरह उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करते रहें और समाज में अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करते रहें।

एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

- महापौर शर्मा ने किया शिविर का शुभारंभ
- बोले-प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियां आधुनिक जीवनशैली के लिए वरदान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : नंद बिहार स्थित गायत्री चेतना केंद्र में एक्यूप्रेशर चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हो गया है। शिविर का शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने किया। 10 जुलाई तक लगने वाले इस शिविर में विभिन्न असाध्य रोगों का उपचार बिना दवा के किया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को एक्यूप्रेशर चिकित्सा का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

गुरुवार को शिविर का शुभारंभ करते हुए महापौर ने कहा कि आज तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में दवाओं पर निर्भरता लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में एक्यूप्रेशर जैसी प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियां न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि शरीर की स्वाभाविक रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाती हैं। हमारे पूर्वजों ने जो ज्ञान और चिकित्सा पद्धतियां विकसित की थीं वे आज भी उतनी ही प्रभावशाली हैं। उन्होंने कहा कि एक्यूप्रेशर जैसी पद्धति इस बात का प्रमाण है कि दवा के बिना भी शरीर के भीतर संतुलन स्थापित कर रोगों का समाधान किया जा सकता है। आज की पीढ़ी को दवा-निर्भर जीवन के बजाय प्राकृतिक विकल्पों की ओर लौटने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी हैं। विशेषकर उन लोगों के लिए जो लम्बे समय से जटिल रोगों से जूझ रहे हैं और महंगी दवाओं एवं इलाज करने से थक चुके हैं। अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा रुद्रपुर के प्रतिनिधि अशोक कुमार छाबड़ा ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण एवं चिकित्सा शिविर भारतीय एक्यूप्रेशर संस्थान लखनऊ के निदेशक एवं प्रयागराज के प्रोफेसर अमर प्रताप सिंह चन्द्रवंशी एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर ललित राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, मस्त राम शर्मा, भोला प्रसाद यादव, आशीष छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

शिविर का दीप जलाकर शुभारंभ करते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

बंद घर के चोरों ने ताले तोड़े

किच्छा : पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में चोरों ने गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में घर का ताला तोड़कर कीमती जेवर तथा नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित गृह स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में ग्राम सेतुईया निवासी रिजवान अली ने बताया कि विगत 12 मई को वह परिवार के साथ विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए रामपुर गया हुआ था। पीड़ित के अनुसार विवाह समारोह में शामिल होने के बाद जब वह परिवार सहित घर पहुंचा तो घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा देख उसके होश उड़ गए। चोरों ने कमरे तथा अलमारी का ताला तोड़कर लॉकर में रखी नगदी एवं सोने चांदी के आभूषण तथा नगदी पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने करीब एक महीने बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की मांगों का किया जाए समाधान

- विधायक कापड़ी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य में स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की मांगों के समाधान हेतु विधायक भुवन चन्द्र कापड़ी के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा गया है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कार्यरत लगभग 1600 संविदा कर्मी दूरदराज के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करते हैं।

विधायक कापड़ी को सौंपे ज्ञापन में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आपातकालीन स्थिति चार धाम यात्रा सहित, सरकार व विभाग की कई योजनाओं तथा कार्यक्रमों को निष्ठापूर्वक किया है। ज्ञापन में उन्होंने अपने भविष्य को सुरक्षित को मासिक मूल वेतन व अतिरिक्त परफॉर्मेंस लिंक्ड पेमेंट के रूप में 15,000 रुपये प्रति माह देने की मांग की है। उन्होंने अन्य जनपदों में 15,000 परफॉर्मेंस लिंक्ड पेमेंट के भुगतान में भ्रष्टाचार संबंधी परेशानियां सामने आ रही हैं। विधायक कापड़ी ने इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य उच्चाधिकारियों से वार्ता कर उचित समाधान का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में सोनम राणा, पारुल चंद्र, राधा, किरन, रविन्द्र भगत, सरवन बिष्ट, खुशबू, किरन गुप्ता, नेहा राज, कविता गंगवार, अंजली मौर्य, अन्नु राना मौजूद रहे।

खटीमा में विधायक कापड़ी को ज्ञापन सौंपते सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी।

नवनियुक्त एसडीएम गौरव पांडे का किसानों ने किया स्वागत

किच्छा, अमृत विचार : वरिष्ठ किसान नेता जितेंद्र सिंह संधू के नेतृत्व में तमाम किसानों ने नवनियुक्त उप जिला अधिकारी गौरव पांडे से उनके कार्यालय में मुलाकात कर शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान किसानों ने क्षेत्र की तमाम मूलभूत समस्याओं से अवगत कराते हुए एसडीएम पांडे से सहयोग की अपेक्षा की। उप जिलाधिकारी पांडे ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान किया जाएगा तथा प्रशासन पूरी तरह से किसान हित में कार्य कर रहा है। मौके पर वरिष्ठ किसान नेता जितेंद्र सिंह संधू के साथ संतोष सिंह रंधावा, देवेंद्र सिंह विर्क, गुरदेव सिंह विर्क, बलबीर सिंह, लखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

विधायक ने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : विधायक तिलक राज बेहड़ ने हल्द्वानी में हुई कार दुर्घटना में ग्राम बरा निवासी पीड़ित परिवार के परिजनों से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात की और घटना को लेकर गहरा दुख जताया। बेहड़ ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए।

ज्ञात हो कि बुधवार को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी से डिस्चार्ज के बाद परिजनों सहित जच्चा बच्चा को लेकर किच्छा आ रही कार सिंचाई नहर में गिर गई थी। घटना में नवजात शिशु सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। गुरुवार को विधायक तिलक राज बेहड़ ने तमाम कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार जनों से ग्राम बरा पहुंचकर मुलाकात की और परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक बेहड़ ने पूरे घटनाक्रम पर दुख व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि परिजनों द्वारा उन्हें जानकारी दी गई कि ग्राम निवासी राकेश राठौर की पत्नी रामा देवी को प्रसव पीड़ा होने पर किच्छा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाद जिला अस्पताल तथा वहां से सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया और हल्द्वानी में चिकित्सकों ने रामा देवी का इलाज कर नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से शिशु का जन्म कराया। उन्होंने कहा कि यदि सुशीला तिवारी अस्पताल में रामादेवी की नॉर्मल डिलीवरी हो सकती है तो क्या किच्छा या रुद्रपुर के अस्पताल में उनका इलाज नहीं हो सकता था? उन्होंने सवाल किया कि क्या यहां के चिकित्सक इतने भी काबिल नहीं है कि उन्हें महिला को हल्द्वानी में इलाज कराने तथा डिलीवरी कराने को मजबूर होना पड़ा ? विधायक बेहड़ ने कहा कि शायद रामा देवी को हल्द्वानी रेफर ना किया गया होता या फिर रुद्रपुर में उपचार मिल जाता तो शायद यह हादसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि किच्छा का सरकारी अस्पताल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है, यहां पर सर्जन, फिजिशियन, रेडियोलॉजिस्ट समेत कई पद खाली पड़े हुए हैं, जिन पर नियुक्ति किए जाने की उनके द्वारा लगातार प्रदेश सरकार से मांग की जा रही है, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई और किच्छा का सरकारी अस्पताल मात्रा रेफर केंद्र बनकर रह गया है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी से पूरे प्रकरण की जांच करने एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजर सिंह, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, गुलशन सिंधी, ओमप्रकाश दुआ, गुड्डू तिवारी, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

किच्छा के ग्राम बरा में पीड़ित परिवार से वार्ता करते विधायक तिलक राज बेहड़।

लामबंद नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी गीता चौधरी को सौंपा ज्ञापन, कौशल्यापुरी नाम रखने पर जताई आपत्ति

सुल्तानपुर पट्टी का नाम बदलने का सभासदों ने किया विरोध

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

अमृत विचार : नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी का नाम बदलकर "कौशल्यापुरी" किए जाने के उत्तराखंड सरकार के निर्णय का वार्ड सभासदों ने जोरदार विरोध किया। सभासदों ने शहरी विकास निदेशालय को संबोधित ज्ञापन नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी गीता चौधरी को सौंपा।

ज्ञापन में सभासदों ने सरकार से मांग की कि सुल्तानपुर नाम को न बदला जाए, क्योंकि यह नाम क्षेत्र की ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने उल्लेख किया कि यह नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुल्तान सिंह के सम्मान में रखा गया था, जो यहां के नागरिकों के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत हैं। सभासदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनसम्पर्क कर नागरिकों की राय जानने की बात भी कही। कहा कि सर्वे में अधिकांश नागरिकों ने नाम बदलने का विरोध किया।

चिंता जाहिर की कि इससे न केवल उनकी ऐतिहासिक पहचान मिटेगी, बल्कि उन्हें राशन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों में भारी फेरबदल करना पड़ेगा। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय नागरिकों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में सभासद जाहिद हुसैन, शाहिद हुसैन, जॉनी मौर्य, सभासद पति राजेश सैनी, कैलाश दिवाकर उपस्थित रहे।

सुल्तानपुर पट्टी में ईओ को ज्ञापन सौंपते वार्ड सभासद। ● अमृत विचार

बीजेपी सभासद भी विरोध में उतरे

सुल्तानपुर पट्टी : अब असली मज़ा तो तब आया जब बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीतकर आए दो सभासद-आर्य नगर की सुंदरी देवी और गांधी नगर के जोनी मौर्य-भी अपनी ही पार्टी के फैसले के खिलाफ मैदान में कूद पड़े। यानी "न नाव की रही बात, न पतवार की... अपने ही खेवनहारों से हो गई टकरार की!"

नगरवासी हैरान हैं कि जिन प्रतिनिधियों को उन्होंने पार्टी के झंडे के नीचे जिताया, वही अब उसी झंडे से असहमति जता रहे हैं।

अब जनता भी कह रही है-"सियासत भी क्या रंग दिखा रही है, अपनी ही पार्टी से कुश्ती लड़वा रही है!"

इस दिलचस्प मोड़ ने पूरे मामले में एक नया ट्विस्ट ला दिया है। अब देखना ये है कि सरकार नाम बदलने पर अड़ी रहती है या जनभावनाओं के आगे झुकती है। फिलहाल, सुल्तानपुर की सियासी सरजमीं पर खूब 'कौशल्यापुरी कथा' चल रही है!

डॉ. जोगेश चंद शर्मा बने महामंत्री

बाजपुर, अमृत विचार : देवभूमि पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन 'आजाद' ने बाजपुर निवासी डॉ. जोगेश चंद शर्मा को देवभूमि पत्रकार संघ का जनपद उधम सिंह नगर का महामंत्री मनोनीत किया है।

साथ ही उनसे देवभूमि पत्रकार संघ की गरिमा को बनाए रखने एवं संघ की नीतियों के अनुरूप पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए काम करने की बात कही है। वहीं जोगेश चंद शर्मा ने संघ को उन्नति की ओर ले जाने के लिए अग्रसर रहने की बात कही है। उनके मनोनयन पर पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

जोगेश चंद शर्मा।

200 लीटर कच्ची शराब बरामद, लहन किया नष्ट

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : आबकारी विभाग का अवैध रूप से बनाई जा रही कच्ची शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी है। टीम ने छापेमारी में भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया।

बीती बुधवार को काशीपुर व बाजपुर की ज्वाइंट टीम ने नैनीताल परिक्षेत्र के उप आबकारी आयुक्त विवेक सोनकिया के नेतृत्व में एवं जिला आबकारी अधिकारी एनआर जोशी के निर्देशानुसार ग्राम बरखेड़ी काशीपुर, ग्राम कलियावाला जसपुर समेत कई अन्य जगहों पर छापेमारी की। दबिश के दौरान बरखेड़ी क्षेत्र में चल रही अवैध कच्ची शराब की दो भट्टियों को नष्ट करते 200 लीटर कच्ची शराब बरामद की। जबकि मौके पर पांच हजार लीटर लहन नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक दिवाकर चौधरी ने बताया अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा। टीम में उप आबकारी निरीक्षक आसीम सिद्दीकी, प्रधान आबकारी सिपाही कैलाश भट्ट, पवन कंबोज आदि मौजूद रहे।

शराब की भट्टी तोड़ती आबकारी की टीम।

सार-संक्षेप

छात्र-छात्राओं के साथ वैज्ञानिक विवेक नौटियाल व अन्य। ● अमृत विचार

विकसित भारत के लिए सेमी कंडक्टर की भूमिका अहम

पंतनगर : हल्दी स्थित जैव प्रौद्योगिकी परिषद में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय यूएसए में कार्यरत वैज्ञानिक विवेक नौटियाल को वैज्ञानिकों के साथ व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने युवा छात्र-छात्राओं के समक्ष सेमी कंडक्टर के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। गुरुवार को आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिक विवेक नौटियाल ने युवा छात्र-छात्राओं को बताया कि भविष्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सेमी कंडक्टर व बायोसेंसर बदलते हुए भारत के लिए एक अहम भूमिका स्थापित करेगा। साथ ही यह तकनीक मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि युवा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से भी सफलता प्राप्त करते हैं।वहीं परिषद के निदेशक डॉ.संजय कुमार ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के कौशल विकास का माध्यम हैं। इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ.आरपीएस गंगवार, पंतनगर विश्वविद्यालय समेत परिषद् के वैज्ञानिक डॉ.कंचन कार्की, डॉ.मणिंद्र मोहन, डॉ.सुमित पुरोहित व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

तांत्रिक के चक्कर में पत्नी से मारपीट

बाजपुर : तांत्रिक के चक्कर में शक के आधार पर एक व्यक्ति अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए कोतवाली में बैठा लिया है। ग्राम चुचैला कलां तहसील मंडी धनैरा जिला अमरोहा (उप्र) निवासी रतन लाल ने पुलिस को बताया कि अपनी पुत्री मधु का विवाह वर्ष 2005 में ग्राम चकरपुर बाजपुर निवासी अर्जुन के साथ किया था। आरोप है कि दामाद ने अपनी पत्नी मधु का गला दबाकर जान से मारने का का प्रयास किया। अर्जुन इससे पूर्व में भी किसी तांत्रिक के कहने पर शक करते हुए मधु के साथ कई बार मारपीट कर चुका है तथा उसे जान से मारने की कोशिश करता रहता है। इसको लेकर हुई पंचायत में माफी मांग चुका है। आरोपी अभी भी तांत्रिकों के चक्कर में पड़ा हुआ है और हर किसी को शक की नजर से देखता है। गुरुवार की प्रात: करीब साढ़े आठ बजे जब वह अपनी पुत्री मधु के घर पहुंचे तो दामाद अर्जुन तलवार लेकर ससुर रतन लाल एवं साले अमित के पीछे दौड़ पड़ा। आरोपी की हरकतों की वजह से दो बच्चों में भी भय का माहौल बना हुआ है। वहीं खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, जबकि पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए कोतवाली में बैठा लिया है।

पिथौरागढ़ में पथ संचलन करतीं दुर्गा वाहिनी की सदस्याएं। ● अमृत विचार

दुर्गा वाहिनी ने किया विशाल पथ संचलन

पिथौरागढ़, अमृत विचार : विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में गुरुवार को दुर्गा वाहिनी द्वारा विशाल पथ संचलन पिथौरागढ़ नगर में निकाला गया। यह संचलन नगरपालिका निकट रामलीला मैदान से प्रारम्भ होकर गांधी चौक सीलथाम कुमाऊं स्टेशन होकर विवेकानंद विद्या मंदिर जाखनी में संपन्न हुआ। पथ संचलन में दुर्गा वाहिनी की सदस्यों द्वारा तलवारबाजी, दंड प्रहार प्रदर्शन नियुद्ध व षष्ठी का प्रदर्शन किया गया। संचालन में विश्व हिन्दू परिषद के संगठन मंत्री अजय, प्रदेश मंत्री धीरेन्द्र, दुर्गा वाहिनी की राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा महाला, जिला अध्यक्ष जगदीश पांडेय, विभाग मंत्री कैलाश जोशी, मठ मंदिर प्रमुख मुकेश भट्ट, जिला संयोजक ललित ऐरी, जिला संयोजिका ममता पांडेय, सूरज बिष्ट, विनय पांडेय, भावेश पांडेय, नेहा पांडेय, ईश्वर सिंह भाट, प्रीति जोशी, पूजा दानु, दीप्ती बिष्ट, ललित धानिक सहित विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मानव-वन्य जीव संघर्ष का प्रभावी प्रबंधन जरूरी

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21वीं संचालन समिति की बैठक को संबोधित

पहल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आईजीएनएफए) में गुरुवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21वीं संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने वन्यजीव संरक्षण में स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से, उन क्षेत्रों में जो मानव-वन्यजीव संघर्ष से बुरी तरह प्रभावित हैं, को सक्रिय भागीदार बनाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष का प्रभावी प्रबंधन वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रमों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अग्रिम पंक्ति के वन कर्मचारियों और जमीनी स्तर के संरक्षण कार्यकर्ताओं की कार्य स्थितियों में सुधार और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने जागरूकता के लिए मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए भारतीय रेलवे, विद्युत मंत्रालय, एनएचएआई और खदान डेवलपर्स के साथ समन्वित प्रयासों का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि सलीम अली पक्षी विज्ञान और प्राकृतिक इतिहास केंद्र (एसएसीओएन), भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम), भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) और राज्य वन प्रशिक्षण संस्थानों जैसे संस्थानों को जागरूकता और लोक संपर्क कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री यादव ने रेलवे दुर्घटनाओं के कारण हाथियों की मौतों पर डेटा के प्रणालीगत संग्रह और विश्लेषण की आवश्यकता तथा राज्यों, संस्थानों और विशेषज्ञों के बीच ज्ञान साझा करने के महत्व पर भी जोर दिया ताकि इन क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को को बढ़ावा दिया जा सके।

बैठक में पत्रिका का विमोचन करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और वरिष्ठ अधिकारी। ● अमृत विचार

प्रोजेक्ट एलीफेंट की प्रगति की समीक्षा की

बैठक में हाथी क्षेत्र वाले राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों और प्रक्षेत्र विशेषज्ञों के साथ-साथ प्रमुख संरक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रोजेक्ट एलीफेंट की प्रगति की समीक्षा की और भारत में हाथी संरक्षण के लिए भावी परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया। बैठक में मानव-हाथी संघर्ष पर ध्यान दिया गया, जो मानव सुरक्षा और हाथी संरक्षण के लिए निरंतर एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। चर्चाओं में मानव-हाथी संघर्ष के प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी पर ज़ोर दिया गया। इस दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए गए। जिनमें हाथी-ट्रेन टकराव को कम करने के लिए सुझाए गए उपायों पर एक रिपोर्ट; असम, झारखंड और छत्तीसगढ़ में 23 वर्षों के मानव-हाथी संघर्ष पर एक व्यापक अध्ययन; बंदी हाथियों के लिए सुरक्षित रूप से दांत की ट्रिमिंग कार्य प्रणालियों पर एक परामर्शी और प्रोजेक्ट एलीफेंट त्रैमासिक न्यूज लेटर ट्रम्पेट का नवीनतम संस्करण शामिल है।

विज्ञापन कंपनी में कमाई का झांसा देकर 1.5 लाख की ठगी

बरेली, अमृत विचार : विज्ञापन कंपनी में निवेश कर अच्छी कमाई का झांसा देकर ठगों ने एक व्यक्ति से 1.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर थाना बारादरी में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी के गोसाई गौटिया निवासी नितिन वर्मा ने बताया कि उनकी जान पहचान पीलीभीत बाईपास, वैष्णोपुरम कॉलोनी कॉलोनी निवासी ओम शुक्ला, पंकज शुक्ला और राहुल शुक्ला से है। फरवरी में तीनों ने उनसे कहा कि वह विज्ञापन कंपनी चलाते हैं।

उसमें 60 हजार रुपये निवेश करने पर 65 प्रतिशत लाभ के साथ निवेश किए गए रुपये 21 मार्च तक वापस कर देंगे। आरोपियों के झांसे में आकर उन्होंने निवेश करने की रजामंदी दे दी। 18 मार्च को ओम शुक्ला ने अपने व्हाट्सएप से नवेद खां नाम के व्यक्ति का बार कोड भेजा और 20 हजार रुपये ऑनलाइन और 40 हजार रुपये नकद भुगतान करने को कहा। उन्होंने नवेद खां के बार कोड पर ऑनलाइन 20 हजार रुपये भेज दिए।

होटल राजमहल से कैसीनो का भंडाफोड़ होने के बाद गिरफ्तार आरोपियों को थाना गंगनहर में लाया गया।

कैसीनो का भड़ाफोड़, 32 दबोचे

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- ग्राहकों को लुभाने के लिए महिलाएं पहनती थी शॉर्ट ड्रेसेज
- आरोपियों में 25 वर्ष के युवा से लेकर 62 साल का बुजुर्ग भी, हरिद्वार पुलिस ने की रुड़की में होटल राजमहल में कार्रवाई

अमृत विचार: हरिद्वार जनपद के अंतर्गत कोतवाली गंगनहर पुलिस ने थाना भगवानपुर पुलिस के सहयोग से रामपुर चुंगी स्थित होटल राजमहल में चल रहे कैसीनो का भंडाफोड़ कर आठ महिलाओं के अलावा 24 पुरुषों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में फरार होटल स्वामी समेत अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने होटल को सील कर दिया है।

एसएसपी पीएस डोबाल।

हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र कुमार डोबाल के अनुसार, कैसीनो चलने की सूचना पर होटल पहुंची पुलिस टीम को देख मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान 1895 कैसीनो कॉइन, दस ताश की गड्डी, 274600 रुपये, 21 एंट्री कार्ड व 32 मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि ग्राहकों को लुभाने के लिए होटल पर विशेष तौर पर महिलाओं को रखा गया था। जिनका काम शॉर्ट ड्रेसेज पहनकर ग्राहकों को ड्रिंक्स सर्व करना और ताश के पत्ते बांटना था। पकड़े गए आरोपियों में 25 वर्ष के युवा से लेकर 62 वर्ष का बुजुर्ग भी शामिल हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक गंगनहर आरके सकलानी, प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर सूर्यभूषण नेगी, प्रभारी निरीक्षक रुड़की मणिभूषण श्रीवास्तव समेत आदि शामिल रहे।

छात्र संसद इंडिया का पुलिस मुख्यालय में विशेष संवाद

- डीजीपी दीपम सेठ के साथ हुई देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों की ओपन हाउस बैठक

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों-आईआईटी, आईआईएम, एनएलयू व केंद्रीय विश्वविद्यालयों से आए 50 छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को छात्र संसद इंडिया के राष्ट्रीय गवर्नेंस टूर के अंतर्गत पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड दीपम सेठ से सरदार पटेल भवन में भेंट की।

इस अवसर पर ओपन हाउस संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 'कानून प्रवर्तन और सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से जन सुरक्षा को सुदृढ़ करने' पर विस्तृत चर्चा हुई। उक्त सत्र का उद्देश्य देश के भावी नेतृत्वकर्ताओं को पुलिस एवं प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली, समकालीन सुरक्षा चुनौतियों एवं तकनीकी नवाचारों से प्रत्यक्ष परिचित कराना था। इस अवसर पर डीजीपी सेठ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, युवाओं को शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष जुड़कर न केवल सीखने का, बल्कि समाज में सार्थक योगदान देने की दिशा में सोचने का अवसर प्राप्त होता है। उत्तराखंड पुलिस युवाओं के साथ संवाद एवं सहभागिता को भविष्य की सुरक्षित और सशक्त व्यवस्था की नींव मानती है। इस दौरान एसपी सतर्कता, रचिता जुयाल द्वारा एक संक्षिप्त एवं प्रभावशाली प्रेजेंटेशन के माध्यम से उत्तराखंड पुलिस की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना, मिशन, विजन एवं प्रमुख अभियानों की जानकारी छात्रों को दी गई, जिसे सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत सराहनीय बताया। इसके पश्चात सीओ साइबर सेल अंकुश मिश्रा ने एक अत्यंत जानकारीपूर्ण सत्र में साइबर अपराधों की बदलती प्रवृत्तियों, डार्क वेब, फिशिंग, डिजिटल फ्रॉड तथा उत्तराखंड पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु किए जा रहे नवाचारों एवं तकनीकी सशक्तीकरण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पुलिस द्वारा संचालित साइबर हेल्पलाइन, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं स्कूल-कॉलेज स्तर पर साइबर जागरूकता अभियानों की भी चर्चा की।

युवा प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद करते डीजीपी दीपम सेठ। ● अमृत विचार

योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना जरूरी

संवाददाता, रुद्रपुर

- मीडिया की समस्याओं का होगा समाधान
- सीएम मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष ने की वार्ता

अमृत विचार: मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की रीढ़ हैं। उनकी सुरक्षा, सम्मान और सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने में पत्रकारिता की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

अध्यक्ष गोविंद सिंह।

गुरुवार को जिला सूचना कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता जगत अनेक जमीनी चुनौतियों से जूझ रहा है, जिन्हें दूर करना सरकार की नैतिक व प्रशासनिक जिम्मेदारी है। पत्रकारों को सूचनाओं तक पहुंच, सरकारी तंत्र से संवाद, सुरक्षा, वित्तीय अस्थिरता एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार इन सभी विषयों को गंभीरता से ले रही है और पत्रकारों की वास्तविक आवश्यकताओं को समझते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी स्वयं मीडिया की स्वतंत्रता व मर्यादा के प्रबल पक्षधर हैं और पत्रकारों की समस्याओं को लेकर संवेदनशीलता के साथ नीति निर्माण की प्रक्रिया को दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में कई चुनौतियां है। इसे दूर करने के लिए रास्ता निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी गोविंद सिंह बिष्ट समेत विभिन्न अखबारों के ब्यूरो चीफ और संवाददाता मौजूद रहे।

डॉ. श्वेता को अंतर्राष्ट्रीय मामलों की सहायक निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

पंतनगर : जीबी पंत विश्वविद्यालय के कुलपति की संस्तुति पर कृषि महाविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ.श्वेता चौधरी को अंतरराष्ट्रीय मामलों की सहायक निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यों में सहयोग करेंगी।

वर्ग पहेली-14

बाएं से दाएं

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।

4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।

6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रतिक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।

7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।

8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

ऊपर से नीचे

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।

3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।

5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।

7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जौखना



वर्ग पहेली -13 का हल

1 भो		2 च		
ज		3 छ	पा	का
4 क	चो	ट	ना	
		क		5 शा	ना
6 सा	7 नु	ना	सि	क
	जू			भा
8 कॉ	ल	म		जी

सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		4		6		8		5
		8		7	1	2	4	
	9			2			3	
9			7					6
		3				1		
5					8			2
	6			4			8	
	2	1	9	8		7		
8		7		3		9		

सुडोकू - 20 का हल

5	9	1	6	3	7	8	4	2
2	8	4	1	9	5	3	6	7
3	7	6	4	2	8	1	9	5
4	6	9	2	1	3	7	5	8
8	1	5	9	7	6	4	2	3
7	3	2	5	8	4	6	1	9
6	4	7	8	5	2	9	3	1
9	2	3	7	4	1	5	8	6
1	5	8	3	6	9	2	7	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया-11.19 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 07.22 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है। किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं। किसी को बिना मांगे राय न दें।

वृष — आज आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुए मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें। जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। अचानक धन लाभ हो सकता है।

मिथुन — आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। पेट खराब होने की सम्भावना है।

कर्क — आज पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी।

सिंह — आज मानसिक अशांति के कारण एकाग्रता में कमी हो सकती है। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आंख-मूंदकर विश्वास न करें। आपका फोन खराब हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

कन्या — आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियां मिल सकती है। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की संभावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

तुला — आज आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। आज बहुत सारा समय आत्ममंथन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापार में कुछ कमी महसूस होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी।

वृश्चिक — आज अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नई ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। अजनबियों से अपने मन की बातें शेयर न करें। गृहकार्यों में पूरा ध्यान नहीं दे पायेंगे। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

धनु — आज धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें। ऑनलाइन पेमेन्ट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।

मकर — आज नई वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

कुंभ — आज समाज में आपको मान-सम्मान की चिंता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नई व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिए।

मीन — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हंसी-मजाक भरा समय बितायेंगे। मानसिक तनाव और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पाचन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

मैराथन: नशा मुक्त आयोजन में युवाओं का दिखा उत्साह

अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस पर आयोजित की गई मैराथन दौड़, महिला वर्ग में निकिता और पुरूष वर्ग में धीरज ने मारी बाजी

अल्मोड़ा में गुरुवार को मैराथन दौड़ के दौरान प्रतिभाग करते पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं युवा। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अभियान के दौरान समाज को नशा मुक्त बनाने की ली शपथ
- विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर किया गया सम्मानित

अमृत विचार : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों और युवाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। वहीं, नशा नहीं करने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली।

अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस के अवसर आयोजित मैराथन दौड़ को एसएसपी देवेंद्र पींचा और सीओ गोपाल दत्त जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर के आरसीएम मॉल से पुलिस लाइन तक दौड़ आयोजित हुई। जिसमें महिला वर्ग में निकिता कन्याल ने प्रथम, रश्मि आर्या ने द्वितीय और लता आर्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, पुरुष वर्ग में धीरज सिंह बिष्ट ने प्रथम, हर्षित जोशी ने द्वितीय और नितेश सिंह जीना ने तीसरा स्थान बनाया। सभी विजेताओं को पुलिस प्रशासन की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

वहीं, समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर यहां प्रतिसार निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पांडे, एसओजी प्रभारी भुवन जोशी, लाइन सूबेदार मोहित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

टनकपुर में जागरूकता रैली के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

विश्व ड्रग्स निषेध दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

टनकपुर/बनबसा, अमृत विचार : आईटीआई टनकपुर में जिला विधिक सेवा एवं नशा हटाओ-जीवन बचाओ के संयुक्त तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन कर जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य कवींद्र सिंह कन्याल की अध्यक्षता तथा पीएलवी अजय गुरुरानी व अमित कुमार के संचालन में गोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य वक्ता नशा हटाओ संयोजक प्रवक्ता सामश्रवा आर्य ने बताया कि समाज को नशे जैसी बीमारी और बुराइयों से दूर ले जाकर उन्हें सही राह दिखाने में शिक्षक, चिकित्सक, उपदेशक और अभिभावक के साथ ही प्रशिक्षक की भी बहुत प्रभावी भूमिका होती है। ये जैसा आचरण एवं व्यवहार करते हैं, बच्चे एवं समाज भी वैसा ही अनुकरण करता है। इसलिए हमें इन बुराइयों से दूर रहना चाहिए। रैली में नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है इन स्लोगनों से जन जागरूकता अभियान चलाने में पीएलवी बबीता, नीतू, नितिन शास्त्री, गिरीश चंद्र जोशी, पुष्पा कुलेठा आदि ने सहयोग किया। इधर, बनबसा के केंद्रीय विद्यालय नंबर वन में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य चंदन सिंह की अध्यक्षता व पीएलवी विजेंद्र अग्रवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, शमशाद बानो, दीपा देवी, पूजा जोशी, रितु महर, किरन जोशी, इजहार अली आदि मौजूद रहे।

लोक गायक गजेंद्र राणा के गीतों पर झूमे दर्शक

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में दस दिवसीय कुमाऊं महोत्सव जारी है। बुधवार शाम स्टार नाइट लोक कलाकारों के नाम रही। लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर कुमाउनी-गढ़वाली गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया।

महोत्सव के शुभारंभ के बाद उत्तराखंड के प्रसिद्ध गायक गजेंद्र राणा ने बांद भानुमति व फुर्की बांद... आदि गीतों से महोत्सव में रंग जमा दिया। वहीं, अन्य कलाकारों ने भी लोक गीतों से महोत्सव में समां बांध दिया। देर रात तक कार्यक्रमों का आनंद लेने बड़ी संख्या में लोग डटे रहे। इसके अलावा महोत्सव में बच्चों की ओर से विभिन्न योगासनों की प्रस्तुति दी गई। यहां मेयर अजय वर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, ललित लटवाल, अजय वर्मा, हेमलता वर्मा, विनीत बिष्ट, गोविंद माटेला, कैलाश गुरुरानी, जगदीश वर्मा, मुराद खान, राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, डॉ. संतोष बिष्ट आदि मौजूद रहे।

योगासन की प्रस्तुति देती बालिका।

अल्मोड़ा में बुधवार रात प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

आपातकाल पर प्रेस वार्ता करते भाजपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आपातकाल लोकतांत्रिक इतिहास पर गहरा धब्बा: शर्मा

अल्मोड़ा : आपातकाल की बरसी पर गुरुवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने आपातकाल को देश के इतिहास में सबसे काला दिवस बताया। पातालदेवी स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि 1975 में तत्कालीन इंदिरा सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के विरोध में भाजपा पूरे देश में काला दिवस के रूप में मना रही है। कहा कि 25 जून 1975 भारत के लोकतांत्रिक इतिहास पर एक गहरा धब्बा लगा था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल ने संविधान, प्रेस, न्यायपालिका और आम जनता की स्वतंत्रता को कुचलने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह भारत के लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था तब कांग्रेस ने सत्ता बचाने के लिए पूरे देश को अंधेरे में धकेलने का काम किया। यहां प्रेस वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, मेयर अजय वर्मा, धर्मेंद्र बिष्ट, विनीत बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, जगत तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

आवारा पशुओं को पकड़ती नगर पंचायत व पशु पालन विभाग की टीम।

आवारा पशुओं को पकड़कर भेजा गोसदन

बनबसा : नगर पंचायत व पशु पालन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ईओ दीपक चंद्र के नेतृत्व में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर में अभियान चलाया गया है। इस दौरान नगर के विभिन्न जगहों से दस पशुओं को पकड़ा गया। ईओ दीपक चंद्र ने बताया की टीम की सहायता से नगर में दस पशुओं को पकड़ कर काला झाला गोसदन भेजा गया है तथा पूर्व में भी 35 आवारा पशुओं को पड़कर भेजा जा चुका है। इस अभियान में ईओ दीपक चंद्र, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर फरहीन ताहिर, सभासद मोनू ठाकुर, बहादुर सिंह, प्रमोद रत्नाकर, नरेश विश्वकर्मा, होरीलाल, राजपाल, राज किरण, विजयपाल, महेंद्र पाल, नीरज आदि लोगों ने सहयोग किया।

टनकपुर उप जिला चिकित्सालय में जागरूकता अभियान में मौजूद लोग।

दिव्यांग एवं जागरूकता अभियान चलाया

टनकपुर : उप जिला चिकित्सालय में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के दिशा निर्देश पर दिव्यांग बच्चों के पहचान के लिए साक्षरता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शिविर में लोगों को विधिक जानकारी एवं दिव्यांग बच्चों से संबंधित जानकारी दी गई। पीएलवी शमशाद बानो द्वारा बताया गया कि दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए शारीरिक, मानसिक और विकास में देरी या असामान्यता के संकेतों पर ध्यान देना जरूरी है। पीएलवी इजहार अली ने कहा कि शारीरिक दिव्यांगता जैसे चलने, बैठने या खड़े होने में परेशानी शरीर के अंगों में विकृति या स्कूल के कामों को समझने में कठिनाई मानसिक दिव्यांगता के अंतर्गत आता है। पीएलवी बिजेंद्र अग्रवाल द्वारा बताया गया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र समाज कल्याण विभाग एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्पावत से बनवाए जा सकते हैं। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली पेंशन के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर पीएलवी सुनीता टम्टा, हरीश गौड, प्रीति आदि मौजूद रहे।

रेलवे ट्रैक पर गिरा पेड़, टनकपुर-मथुरा ट्रेन लेट हुई

टनकपुर : टनकपुर के मनिहारगोठ के निकट रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से रेल मार्ग कुछ देर के लिए अवरूद्ध हो गया। इस वजह से टनकपुर से मथुरा को जाने वाली ट्रेन रेलवे स्टेशन से देरी से रवाना हुई। 25 जून की रात मनिहारगोठ के नजदीक टनकपुर रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर एक भारी-भरकम आम का पेड़ गिर गया। इस कारण कुछ देर तक रेल मार्ग बाधित हो गया। रेलवे विभाग ने मार्ग से पेड़ को हटाकर रेल का संचालन शुरू किया। रेलवे के स्टेशन अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से रेल मार्ग अवरूद्ध हो गया था। जिस कारण टनकपुर रेलवे स्टेशन से सुबह 4 :35 बजे मथुरा जाने वाली ट्रेन संख्या 05062 डाउन 45 मिनट देरी से रवाना हुई।

भू-कटाव रोकने के लिए ग्रामवासियों ने उठाई मांग

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : पूर्णागिरि मार्ग से लगे गांव उचौलीगोठ में इस बार भी शारदा नदी से हो रहे भू कटाव से गांव को भारी खतरा उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में गांव के सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह महर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पूर्णागिरि क्षेत्र के निरीक्षण को आए जिलाधिकारी मनीष कुमार के माध्यम से प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि हर वर्ष बरसात के समय पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ के ऊपर पहाड़ी पर भू-गर्भीय हलचल होने से पहाड़ दरकने के साथ-साथ टूट भी रहा है। जिसके कारण बाटनागाड़ में मलवा व बड़े-बड़े बोल्डर आ जाते हैं। कहा कि उचौलीगोठ में शारदा नदी से हो रहे भारी भू कटाव को रोकने के लिए बाटनागाड़ में एकत्र हुए मलवे से गांव में हो रहे भू कटाव को रोका जा सकता है। उन्होंने इस संबंध में कारगर कदम उठाए जाने की पुरजोर मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह महर, केदार सिंह, सुरेश सिंह, कमला देवी, हेमा महर, श्याम सिंह, सूरज, प्रताप सिंह, सुंदर सिंह, नवीन सिंह, भवान सिंह, डूंगर सिंह आदि मौजूद रहे।

डीएम को ज्ञापन देते आनंद सिंह महर।

पांच सड़कों पर रहा यातायात बाधित

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिलेभर में मौसम लगातार मिजाज बदल रहा है। गुरुवार को तेज बारिश के बाद मलबा आने से जिले के पांच ग्रामीण सड़कों पर यातायात बाधित रहा। जिससे ग्रामीणों को आवगमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि प्रशासन की ओर से जेसीबी से बंद सड़कों को खोलने का कार्य किया जा रहा है।

गुरुवार को भी दिनभर मौसम बदलता रहा। दिन की शुरुआत आसमान में घने बादलों और रिमझिम बारिश के साथ हुई। बारिश होने से लोगों को उमस से काफी राहत मिली, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का जनजीवन इससे अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर मलबा और बोल्डर गिरने से आवाजाही बाधित हो रही है। जिले की पांच ग्रामीण सड़कों मकड़ाऊ दशोला, चौसाला-चिल, गल्ली-रैल, आटि-दशीली और सिंगौली-अभ्याड़ी पर मलबा आने से यातायात ठप हो गया। यातायात ठप होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार रानीखेत में सर्वाधिक 44 मिमी, अल्मोड़ा नगर में 13.2, सोमेश्वर में 40 और चौखुटिया में 19 मिमी बारिश दर्ज की गई।

क्वारब मार्ग पर गुरुवार सुबह मलबे में फंसी बस को निकालने का प्रयास करते लोग। ● अमृत विचार

- नगर और आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी
- प्रशासन की टीम ने जेसीबी से बंद सड़कों को खोलने का कार्य किया

क्वारब में बस फंसी, आवाजाही प्रभावित

अल्मोड़ा : क्वारब मार्ग से यात्रियों की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को बारिश के चलते मार्ग कीचड़ से पट गया। जिसके चलते मार्ग में बस फंसने से डेढ़ घंटे से अधिक समय तक यातायात प्रभावित रहा। सूचना के बाद पहुंची प्रशासन की टीम ने बस को धक्का लगाकर आगे किया। इसके बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली। कीचड़ हटाने तक करीब डेढ़ घंटे तक वाहनों का संचालन बंद करना पड़ा। आवाजाही सुचारू होने तक सड़क के दोनों छोर में वाहनों का काफिला जमा हो गया। जिन्हें आगे निकलने के लिए यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा।

डीएम ने आईएसबीटी का किया दौरा

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी मनीष कुमार ने टनकपुर स्थित निर्माणाधीन अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों को प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह बस टर्मिनल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विशेष प्राथमिकताओं में शामिल है। इस परियोजना के माध्यम से न केवल टनकपुर बल्कि सम्पूर्ण चम्पावत जनपद एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में एक सुदृढ़, आधुनिक एवं टिकाऊ परिवहन ढांचे का विकास सुनिश्चित होगा।

यह बस अड्डा एक मॉडल टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय और अंतर्राज्यीय परिवहन की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं शौचालय, शुद्ध पेयजल, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं के साथ-साथ आधुनिक डिज़ाइन, एटीएम तथा व्यावसायिक दुकानों की व्यवस्था भी की जा रही है। डीएम ने कहा कि इस टर्मिनल के माध्यम से मां पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं को भी बेहतर, सुलभ और व्यवस्थित आवागमन सुविधा प्राप्त होगी। इससे धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के प्रत्येक चरण में सुरक्षा मानकों, पर्यावरणीय दिशा निर्देशों और सामाजिक सुविधा आवश्यकताओं का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर एसपी अजय गणपति, एडीएम जयवर्धन शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, एसडीएम आकाश जोशी, अलकेश नौडियाल, सीओ वंदना वर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेन्द्र पटवाल आदि मौजूद रहे।


टनकपुर में निर्माणाधीन आईएसबीटी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मनीष कुमार।

मुक्केबाजों ने दिखाया दम

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : टनकपुर के मुक्केबाजों ने रोहतक (हरियाणा) में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच ललित मोहन कुंवर ने बताया कि 6वीa राष्ट्रीय जूनियर बॉक्सिंग बालक एवं बालिका प्रतियोगिता 19 जून से 25 जून तक रोहतक (हरियाणा) में आयोजित की गई।

जिसमें स्पोर्ट्स हॉस्टल टनकपुर के मुक्केबाजों ने अपने मुक्कों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हर्षित थापा ने 75 किलोग्राम भार में कांस्य पदक प्राप्त किया। टनकपुर के प्रियांशु वर्मा ने 48 किलो भार में रजत पदक जीता। जनपद चम्पावत के कुल 2 बालकों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले इन खिलाड़ियों को डीएम मनीष कुमार, सीडीओ डॉ. जीएस खाती, एसडीएम आकाश जोशी, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, स्टेडियम प्रभारी मुकेश शर्मा, फुटबॉल प्रशिक्षक गौरव खोलिया, बॉक्सिंग प्रशिक्षक सूरज पांडे, जगजीवन सिंह मेहता, रेखा पांडे, नवीन चौहान, आनंद सिंह मेहरा, दीपक छतवाल, विकास राय, आलोक अग्रवाल, मनोज कुमार, दीपक शारदा, ललित मोहन भट्ट, रचित वल्दिया आदि ने बधाई दी है।

पदक के साथ टनकपुर के खिलाड़ी।

कमलेश हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार: पिथौरागढ़ पुलिस ने कमलेश हत्याकांड का मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, वह नेपाल भागने की फिराक में था। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने गुरुवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गत सात जून को कमलेश दानू की हत्या का मामला सामने आया था।

मृतक के पिता गोवर्धन सिंह निवासी धारचूला ने आठ जून को इस मामले में धारचूला पुलिस को मामला दर्ज कराया था। हत्या का आरोप चन्दू खैर, सचिन नबियाल और उनके अन्य साथियों पर लगाया गया। गोवर्धन की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गयी थी। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन किया गया। साथ ही, एसओजी चम्पावत से भी मदद ली गई। यही नहीं पिथौरागढ़ पुलिस ने आरोपियों का पता बताने वाले को 10 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया। आखिरकार पुलिस को बीती रात यह सफलता मिली और मुख्य आरोपी चन्द्र सिंह खैर उर्फ चन्दू खैर निवासी सिर्खा थाना पांगला पिथौरागढ़ को टनकपुर के शारदा नहर के किनारे मनिहार गोठ से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार आरोपी नेपाल भागने की फिराक में था।

गाय के खौफ से लोग भयभीत

रानीखेत, अमृत विचार : पर्यटक नगरी के सदर बाजार सहित विभिन्न स्थानों में लोग विगत कई महीनों से एक घंटी वाली काले रंग की आक्रामक गाय के खौफ से भयभीत हैं। विगत दिनों में यह गाय नगर के एक सर्राफा मालिक, सरस्वती स्कूल के एक कर्मचारी, एक कपड़ा विक्रेता सहित दर्जनों स्थानीय लोगों पर धावा बोलकर चोटिल कर चुकी हैं। लोगों का कहना है इस गाय द्वारा नगर में कुछ अन्य मवेशियों के साथ बेख़ौफ़ घूमकर किसी पर भी हमला करना एवं दुकानों में घुसना अब आम बात हो गई है। लोगों का कहना कई बार स्थानीय छावनी परिषद एवं प्रशासन को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। भाजपा के नगर मीडिया प्रभारी रामेश्वर गोयल ने बताया की कुछ दिन पूर्व इसी गाय ने उनके संस्थान के बाहर उन पर भी जानलेवा हमला किया। लोगों ने कहा कि अगर ऐसे आवारा पशुओं पर शीघ्र कार्रवाई न हुई तो आंदोलन को बाध्य होंगे।

कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम आलोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय होमस्टे योजना के स्वीकृत, लंबित व निरस्त आवेदनों पर विस्तृत चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि बैंक एवं विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे और जनहित में कार्य हो। सरकारी योजनाओं को गंभीरता से लें, यह केवल औपचारिकता नहीं, जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही बैंक फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरुक करने व जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों को ऋण-जमा अनुपात सुधारने, कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देने, और लंबित वसूली प्रमाणपत्रों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। यहां बैठक में सीडीओ रामजीशरण शर्मा, डीडीओ संतोष कुमार पंत, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री, अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित बैंकों और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में गुरुवार को डीएलआरसी की बैठक लेते जिलाधिकारी।

सेंसेक्स 1000 अंक चढ़ा, बाजार झूमा

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से आई तेजी

मुंबई, एजेंसी

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया।

प. एशिया में तनाव कम होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 304.25 अंक बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अडाणी पोर्ट्स,



● अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी बाजार को मिला समर्थन

इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प. एशिया में शांति के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार 1% से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ, जिसके पीछे वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही।

तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9 .70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स में तीन सत्र में 1,859 .08 अंक या 2 .27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200 .71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700 .57 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई में 2,097 शेयर में तेजी आई, 1,900 में गिरावट आई तथा 156 शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

क्षेत्रवार सूचकांकों में भी रही बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0 .56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0 .12 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2 .28 प्रतिशत की तेजी रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 1 .88 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1 .68 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

एफआईआई ने 2427 करोड़ के शेयर बेचे

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0 .18% बढ़कर 67 .80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,427 .74 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,372 .96 करोड़ के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 700 .40 अंक उछलकर 82,755 .51 अंक पर और निफ्टी 200 .40 अंक चढ़कर 25,244 .75 अंक पर रहा था।

द्वैधाधिकार मॉडल: बढ़ता व्यापारिक रुझान

द्वैधाधिकार (दोहरी लाइसेंसिंग) एक व्यापारिक रणनीति है, जिसमें कोई कंपनी एक ही सॉफ़्टवेयर या उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंसों के तहत जारी करती है। आमतौर पर एक ओपन-सोर्स और दूसरा व्यावसायिक। यह मॉडल तकनीकी कंपनियों, विशेष रूप से सॉफ़्टवेयर विकास में आम है। इससे कंपनियों को उत्पाद की व्यापक स्वीकार्यता और व्यावसायिक लाभ दोनों मिलते हैं। उद्यमी ओपन-सोर्स संस्करण को मुफ्त में अपनाकर उत्पाद का मूल्य समझ सकते हैं, जबकि व्यावसायिक संस्करण उन कंपनियों के लिए होता है जिन्हें अतिरिक्त सुविधाएं, समर्थन या सुरक्षा चाहिए होती है।

क्या है द्वैधाधिकार

द्वैधाधिकार- एक ही उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंस शर्तों पर उपलब्ध कराना। सामान्यत:, एक ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत सॉफ्टवेयर को सार्वजनिक रूप से मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है, जबकि दूसरा- प्रोप्रायटरी या वाणिज्यिक लाइसेंस- भुगतान आधारित सुविधाओं और सेवाओं के साथ आता है। यह रणनीति तकनीकी स्टार्टअप्स, सॉफ़्टवेयर कंपनियों और ओपन-सोर्स परियोजनाओं में व्यापक रूप से अपनाई जाती है।

इस रणनीति से फायदे

- **बाजार विस्तार :** ओपन-सोर्स से उत्पाद का प्रसार, जिससे उपयोगकर्ता समुदाय बनता है।
- **राजस्व सृजन :** वाणिज्यिक लाइसेंस के माध्यम से कंपनियां राजस्व प्राप्त कर सकती हैं।
- **फीडबैक और सुधार :** फ्री उपयोगकर्ता फीडबैक देते हैं, जिससे उत्पाद बेहतर होता है।
- लचीली ग्राहक सेवा : ग्राहकों के अनुसार सेवाएं और सुविधाएं कस्टमाइज करना।

जोखिम को समझें

- **लाइसेंस भ्रम :** ग्राहकों को ओपन-सोर्स व वाणिज्यिक लाइसेंस की शर्तों में भ्रम होता है।
- **कस्टमर कन्वर्जन चुनौती :** सभी मुफ्त उपयोगकर्ता भुगतान ग्राहक नहीं बनते।
- **सुरक्षा :** ओपन-सोर्स संस्करण के कोड सार्वजनिक होने से साइबर जोखिम बढ़ सकता है।
- **कानूनी जटिलता :** लाइसेंस उल्लंघन पर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

किन क्षेत्रों में प्रभावी : आईटी कंपनियां, एंटरप्राइज सॉफ़्टवेयर कंपनियां, साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता, डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म

रेपो दर में 0.50% कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक :आरबीआई रिपोर्ट

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है।

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने

● **प्रमुख नीतिगत दर रेपो को केंद्रीय बैंक ने 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है**

के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक 6 जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50% की कटौती के कुछ ही दिन में अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।

इसी महीने रेपो दर में 0.50% की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 1% की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के 3% तक लाने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक के जून के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी फिर 20 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गुरुवार को 2% की तेजी आई और कंपनी की पूंजी (मार्केट कैप) फिर 20 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी का शेयर 1.90% की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14% चढ़कर 1,498.70 रुपये पहुंचा था। एनएसई पर शेयर 1.90% चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,837.9 करोड़ बढ़कर 20,23,375.31 करोड़ हो गया।

ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बनेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत अगले 6-7 वर्षों में ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन जाएगा। गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। सरकार एथनॉल, बायोडीजल, इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन को प्रोत्साहित कर रही है।

गडकरी ने कहा कि ईंधन बदलने से न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि लॉजिस्टिक लागत भी कम होगी। नई सड़कें बनाने और ईंधन में बदलाव से



● **केंद्रीय मंत्री बोले- ईंधन बदलने से प्रदूषण के साथ लॉजिस्टिक लागत भी होगी कम**

हमारी लॉजिस्टिक लागत एकल अंक में होगी और चालू वर्ष के अंत तक घटकर नौ प्रतिशत तक आ जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि नई सड़कें बनाने और ईंधन में बदलाव से आपकी लॉजिस्टिक्स लागत एकल अंक में यानी नौ प्रतिशत पर आ जाएगी और यह इस साल के अंत तक होगा। मंत्री ने कहा कि नवीनतम सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत की लॉजिस्टिक लागत में 6% की कमी आई है। आज दुनिया में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है, अमेरिका और यूरोपीय देशों में यह 12% है और भारत में यह 16% है, लेकिन अब चीजें तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मंत्री ने वैकल्पिक ईंधन या जैव ईंधन अपनाने की भी अपील की और कहा कि यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य है। गडकरी ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

सीतारमण ने की गिफ्ट आईएफएससी की समीक्षा

अहमदाबाद। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) का दौरा किया और इसकी प्रगति की समीक्षा की।

सीतारमण ने प्रमुख बाजार सहभागियों से बात की। समीक्षा बैठक में गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, वित्त सचिव, डीईए के सचिव, वित्त मंत्रालय व कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सभी विभागों के सचिव और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर शामिल हुए।

एक नजर

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। माओवादियों के माड़ डिवीजन के नक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।

बांग्लादेश सीमा के पास से सोने के 20 बिस्कुट बरामद

कोलकाता। बीएसएफ ने प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सोने के 20 बिस्कुट बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि जब्त हुए 2 .367 किलोग्राम सोने का अनुमानित बाजार मूल्य 2 .31 करोड़ रुपये से अधिक है। जीतपुर सीमा चौकी पर तैनात 59 बटालियन के जवानों ने बुधवार को सीमा पार करने की कोशिश कर रहे साइकिल सवार व्यक्ति को रोका और उसके पास से सोने के बिस्कुट बरामद किए।

शिअद नेता मजीठिया को सतर्कता रिमांड में भेजा

चंडीगढ़। मोहाली की अदालत ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को 7 दिन की सतर्कता रिमांड में भेज दिया। सतर्कता ब्यूरो ने 540 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ से अर्जित धन के शोधन में गिरफ्तार किया था। अदालत में पेश करने से पहले पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया जो प्रदर्शन कर रहे थे।

राष्ट्रीय

हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं

भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में गृह मंत्री शाह बोले- किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीय भाषाओं की सखी है और देश में किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सभी राज्य सरकारों से चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने की पहल करने भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कामकाज में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा, मेरा विश्वास

है कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति के स्वाभिमान को और बढ़ा सकती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से सभी को मुक्ति मिलनी चाहिए और जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा या अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा, किसी भाषा का विरोध नहीं है। किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा का गौरव बढ़ाने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा बोलने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा में सोचने की ललक होनी चाहिए। शाह ने कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। शाह ने कहा, भारतीय भाषाओं को जीवंत रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है। हमें आने वाले दिनों में सभी भारतीय भाषाओं, विशेषकर राजभाषा के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

मादक पदार्थ तस्करों पर प्रहार कर रही सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थ को युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बताते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। शाह ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत की लड़ाई में शामिल योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नशीले पदार्थ हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। इस खतरे से निपटने के लिए पूरी मोदी सरकार काम कर रही है, 'नार्को-कार्टेल' पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह दिन नशीले द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ देश के संकल्प को और मजबूत करेगा।

भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश : उद्धव

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और महाराष्ट्र में भाषाई आपातकाल लगा रही है।

उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मराठी भाषी राज्य में हिंदी भाषा थोपे जाने के खिलाफ जरूर है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने के मुद्दे पर जारी विवाद के बीच उन्होंने कहा कि हम किसी भाषा का विरोध या उससे नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।

● **उद्धव बोले- मराठी भाषी राज्य में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ**

उन्होंने अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा का गुप्त एजेंडा हिंदी को थोपने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया कि सत्तारूढ़ पार्टी भाषाई आपातकाल लगा रही है।

एक साथ चुनाव के मुद्दे पर संसदीय समिति के सामने पक्ष रखेंगे दो पूर्व सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वाले विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे। एक सूत्र ने गुरुवार को बताया कि संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति की अगली बैठक 11 जुलाई को तय है, जब समिति के सदस्य दोनों पूर्व सीजेआई से बात करेंगे। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईएम सुदर्शन नचियप्पन, जो कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर

स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भी हैं और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री एम वीरप्पा मोइली भी समिति के समक्ष उपस्थित होंगे। यह 39 सदस्यीय समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे से संबंधित दो विधेयकों की जांच कर रही है, जिसमें संविधान में संशोधन करने वाला विधेयक भी शामिल है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति का कार्यकाल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया गया है।

बचपन की मस्ती

गुजरात के राजकोट में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने इसे खेल का अवसर बना लिया और पानी भरे सड़को पर मस्ती करते नजर आएं। एजेंसी

सीबीआई का 42 ठिकानों पर छापा, नौ हिरासत में

देहरादून/नई दिल्ली, अमृत विचार। सीबीआई ने 700 से अधिक बैंक शाखाओं में 8.5 लाख ऐसे फर्जी या निष्क्रिय खातों का पता लगाया है, जिनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी वाले निवेश और यूपीआई-आधारित धांधली से कमाई के लिए हो रहा था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि इन खातों पर कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्र के तहत राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नौ संदिग्धों (दिल्ली से 3, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान से 2-2) को हिरासत में लिया गया, जिनमें कथित बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं। इन पर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है।

वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता को लेकर गलतफहमी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा के बारे में गलतफहमी है और अक्सर मध्यस्थता का मतलब यह माना जाता है कि दोनों पक्षों को एक साथ रहना होगा।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह ने एक स्थानांतरण याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, वैवाहिक मामलों में हमने पाया गया कि मध्यस्थता की अवधारणा को लेकर गलतफहमी है। जैसे ही हम मध्यस्थता की बात करते हैं, उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ

रहने को कह रहे हैं। हमें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे साथ हैं या अलग। हम बस मामले का हल चाहते हैं। हम चाहेंगे कि वे साथ रहें। सुप्रीम कोर्ट ने वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम, 2015 का उल्लेख किया, जिसमें मुकदमे से पहले मध्यस्थता और समाधान का प्रावधान है। पीठ ने कहा, वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम में भी आपको इससे गुजरना होता है।

कर्नाटक पुलिस की याचिका पर सुनवाई को शीर्ष सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपी की हिरासत से जुड़े आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा खारिज करने के खिलाफ राज्य पुलिस की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमत जताई। हाईकोर्ट ने ये कहते हुए हिरासत से जुड़े अधीनस्थ अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था कि आरोपी को गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया था। न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। विशेष अनुमति याचिका और स्थगन अर्जी पर नोटिस जारी करें।

न्यायालय ने चिकित्सकों की याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है और उसने शहर से बाहर स्थानांतरण के खिलाफ दायर चिकित्सकों की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के.विनोद चंद्रन की पीठ ने यह उल्लेख किया कि यदि चिकित्सकों का बेंगलुरु से बाहर तबादला किया गया है तो इसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं है। बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है। कर्नाटक के अन्य क्षेत्र भी विकसित हैं। आप समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग हैं। यदि आप स्थानांतरण का विरोध करेंगे तो दूसरों का क्या होगा। हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

एक महिला को इसलिए गुजारा भत्ते से वंचित नहीं कर सकते क्योंकि वह कमाती है : बंबई हाईकोर्ट

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि एक महिला को अलग रह रहे पति से मिलने वाली वित्तीय सहायता से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह कमाती है। न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने 18 जून के आदेश में कहा कि पत्नी उसी जीवन स्तर की हकदार है, जिस तरह का जीवन वह पति से अलग होने से पहले ससुराल में गुजार रही थी।

अदालत ने एक व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे अगस्त 2023 के कुटुम्ब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। कुटुम्ब अदालत ने व्यक्ति को पत्नी को 15,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसकी पत्नी 25,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक कमाती है, इसलिए उसे गुजारा भत्ते की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि पत्नी कमा रही है, लेकिन यह उसके भरण-पोषण को पर्याप्त नहीं है।

नीट स्नातक : दोषपूर्ण बायोमेट्रिक प्रणाली वाली याचिका पर एनटीए से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्टने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2025 में शामिल हुए अभ्यर्थी की दोषपूर्ण बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली के कारण मानसिक रूप से परेशानी पर क्षतिपूर्ति अंक देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने 20 जून को अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस जारी किया।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि परीक्षा से पहले प्रमाणीकरण प्रक्रिया के दौरान परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली काम नहीं कर रही थी, जिसके बाद उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश

● **दिल्ली हाईकोर्ट ने अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस किया जारी**

की अनुमति के लिए आवेदन जमा करने पर मजबूर किया गया। न्यायालय ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, लॉग बुक प्रविष्टियों और सभी अन्य रजिस्टर को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अभ्यर्थी ने 4 मई को उत्तर प्रदेश के मेरठ में 'त्रिशला देवी कनोहर लाल बालिका इंटर कॉलेज' में नीट-स्नातक 2025 की परीक्षा दी थी। याचिकाकर्ता ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रतिपूरक अंक और संबंधित परीक्षा केंद्र से सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने सहित राहत देने का अनुरोध किया था। उसे परीक्षा शुरू होने से 5 मिनट पहले प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

लीड्स का सकारात्मक पहलू बल्लेबाजी में बदलाव पटरी पर

महज एक मैच से फैसला नहीं लिया जा सकता, शीर्ष चार बल्लेबाजों ने लाइन-अप को मजबूत रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

महज एक मैच से ही कोई फैसला नहीं लिया जा सकता लेकिन भारत ने निश्चित रूप से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में संन्यास ले चुके सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी महसूस नहीं की और शीर्ष चार खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत बनाए रखा। रोहित और कोहली की कमी को पूरा करने में कितना समय लगेगा? यह सवाल हेडिंग्ले में शुरुआती टेस्ट से पहले चर्चाओं का विषय रहा।

नए कप्तान शुभमन गिल के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में रिकॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान करके ड्रेसिंग रूम का सम्मान हासिल किया। उन्होंने नंबर चार पर खेलते हुए शानदार शतक बनाया और मेहमान टीम ने दो पारियों में पांच शतक बनाए लेकिन फिर भी मैच हार गए क्योंकि भारत का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह से जसप्रीत बुमराह पर निर्भर है।

केएल राहुल ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया जिससे निकट भविष्य के लिए उनके बल्लेबाजी स्थान पर बहस बंद हो गई। उन्होंने दिखाया कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का तरीका क्या है। उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे की शुरुआत में यादगार शतक लगाया था और इंग्लैंड में अपनी पहली पारी में यही दोहराया। गिल ने जिस तरह

कप्तान शुभमन गिल ने शतक लगा इरादे जता दिए थे। बुमराह ने भी एक पारी में पांच विकेट लिए। ● एजेंसी

से अपने पैरों का इस्तेमाल किया, उसे खेल के महान खिलाड़ियों ने भी देखा जिसमें पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी शामिल थे जो उनके सुधार से हैरान थे। गांगुली ने हाल में पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों के 'मूवमेंट' को देखकर बहुत खुश हूं। उनके पैरों में बहुत सुधार हुआ है। शुभमन ने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया और कोई गलती नहीं की।

पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत ने परिपक्वता और तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट में दो शतक बनाने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पहली पारी में एक सहज गेंद पर आउट हो गए लेकिन दूसरी पारी में टिककर खेले। उम्मीद है कि उन्हें लंबे समय तक मौका दिया जाएगा और यही बात करुण नायर पर भी लागू होती है। लेकिन भारत को गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण विभाग में बहुत सुधार करना होगा, लेकिन बल्लेबाजी अभी ठीक लगती है।

पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा रोहित और कोहली के संन्यास के बाद बदलाव हुआ है या नहीं, हम सीरीज के अंत में बता पाएंगे। उन्होंने कहा बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन कोई हैरानी की बात नहीं है क्योंकि वे अनुभवी क्रिकेटर हैं। गिल, यशस्वी, पंत, राहुल सभी बेहतरीन हैं और लंबे समय से खेल रहे हैं। राहुल जब टेस्ट क्रिकेट में इस तरह से खेलते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं। कुलदीप यादव को शामिल करने की चर्चाओं के बावजूद प्रसाद एजबेस्टन में अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करना चाहते। पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने कहा शार्दुल ठाकुर को इसलिए चुना गया क्योंकि उन्होंने पिछले दौरों पर इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया था। मैं उन्हें एक और मौका देना चाहूंगा। पर निचले क्रम को बल्ले से और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। इंग्लैंड में कुछ यादगार पारियां खेलने वाले भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी बल्लेबाजों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा ज्यादातर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इसके अलावा आपके पास तीन बेहतरीन बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और देवदत्त पडीक्कल हैं जो टीम का हिस्सा भी नहीं हैं। वेंगसरकर ने कहा मुख्य बल्लेबाज फॉर्म में हैं और मुझे यकीन है कि करुण और साई भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

ऋषभ पंत।

ऋषभ पंत से अश्विन ने कहा कृपया दोहरे शतक लगाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के 'औसत' आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए।

भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े, लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं- रनों के हिसाब से नहीं। इंग्लैंड के क्षेत्ररक्षण के समय को बढ़ाएं और उन्हें मैदान पर रखने के समय को भी बढ़ाएं। उन्होंने कहा मैं एक बात कहूंगा - घबराएं नहीं और बहुत अधिक बदलाव नहीं करें। भारत अगले टेस्ट में श्रृंखला बराबर कर सकता है। लेकिन अगर हम इंग्लैंड की रणनीति को नहीं समझते हैं तो यह श्रृंखला बहुत जल्दी हमारे से दूर जा सकती है। अश्विन ने कहा कि चौथे दिन जल्दी आउट होने के बाद मैच भारत के हाथ से फिसल गया। उन्होंने कहा जब आपने पांचवें दिन तक बल्लेबाजी जारी नहीं रखी तो खेल खत्म हो गया। इंग्लैंड की इस टीम ने खुलकर यह प्रचार किया है कि वे लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे हासिल करने के लिए जाएंगे। पंत के मैच में दो शतक की प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी से उनकी तुलना करना उचित नहीं है क्योंकि धोनी ने कभी भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को टीम में शामिल किया

बर्मिंघम : इंग्लैंड ने दो जुलाई से भारत के खिलाफ यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए बृहस्पतिवार को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया। आर्चर पिछले कई वर्षों से अपने गेंदबाजी वाले हाथ में कोहनी से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट चार साल से भी अधिक समय पहले भारत के खिलाफ अहमदाबाद में खेला था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा दाएं हाथ का यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज फरवरी 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड के टेस्ट ढांचे में वापसी कर रहा है और एजबस्टन में अपने 13 टेस्ट मैच की संख्या में इजाफा करने की कोशिश करेगा।

इंग्लैंड की टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, हैरी ब्रूक, जो रूट, बेन डकेट, जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, सैम कुक, जैकब बेथेल, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, ब्राइडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

एक नजर

वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट किया

ब्रिजटाउन : वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट करने के बाद चार विकेट जल्दी गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 57 रन बनाए थे। ब्रेंडन किंग पदार्पण करते हुए 23 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई जो वेस्टइंडीज में उसका न्यूनतम स्कोर है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए लेकिन शामार जोसेफ सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ उस्मान ख्वाजा (47), ट्रेविस हेड (59) और कप्तान पैट कमिंस (28) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली : प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिए भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरुष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जाएंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। **टीम :** पुरुष एकल : अंश नेगी, हमार लालथाजुआला, रौनक चौहान, प्रणव राम एन। महिला एकल : रूजुला रामू, तन्वी शर्मा, तन्वी रेड्डी, वेन्नाला कालागोटला।

भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में तीनों खिताब जीते

कुआलालंपुर : भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 से जीत हासिल की।

राइडर अनुष अग्रवाला का घोड़ा सर कैरामेलो रिटायर हुआ

नई दिल्ली : भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने बृहस्पतिवार को अपने घोड़े सर कैरामेलो के रिटायर होने की घोषणा की। अनुष ने इसी घोड़े के साथ पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और वह लंबे समय से उनके साथ था। 25 साल के अनुष ओलंपिक खेलों की ड्रेसेज स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाले भारत के पहले राइडर हैं। अनुष पेरिस में ग्रुप ई में नौवें स्थान पर रहे थे और पदक दौर में जगह नहीं बना पाए थे। अनुष ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में लिखा सर कैरामेलो आपका धन्यवाद क्योंकि आप मेरे लिए सिर्फ एक घोड़ा नहीं बल्कि मेरे साथी, मेरी ताकत और सबसे महत्वपूर्ण, मेरे मित्र हैं।

सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में हुआ सफल आपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दायें ओर खेल हर्निया का सफल आपरेशन हुआ।

34 वर्ष के सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा- लाइफ अपडेट : पेट के निचले दायें ओर खेल हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है। यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा आपरेशन था। इससे पहले 2023 में उनके टखने का आपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी।

आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाए हालांकि मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की।

धवन बने लेखक, लिखे अपने संस्मरण

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है। जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढाव और खामोश पल भी रहे।

इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है।



● धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया

प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है।

इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। दिल्ली में पले बढे धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाये हैं। उन्होंने किताब में लिखा जब मैं भारतीय टीम में अपने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी, पर प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था। उन्होंने लिखा टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है। धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है मैं उसे एक बालीवुड मूवी में देखना चाहता था।

नए डब्ल्यूटीसी चक्र में 'स्टॉप क्लॉक' शुरू

दुबई, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक' नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर' पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने कहा क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा। इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार आईसीसी अब गेंद पर लार दिखने की स्थिति में अंपायरों के लिए गेंद को बदलना अनिवार्य नहीं करता। गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध अब भी लागू है। वेबसाइट के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम गेंद को बदलवाने के लिए जानबूझकर लार का इस्तेमाल कर सकती है लेकिन पुरुष टेस्ट क्रिकेट की खेलने की परिस्थितियों से जुड़े मौजूदा दस्तावेज में इस तरह के किसी बदलाव का जिक्र नहीं है।

इटावा के पैरालंपिक पदक विजेता डॉ. अजीत यादव बने डीपीआरओ

भरथना (इटावा)। तहसील क्षेत्र के मूल निवासी पैरालंपिक मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर डॉ.अजीत सिंह यादव को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला विधी (साम्हों) के मूल निवासी भाला फेंक के खिलाड़ी डॉ. अजीत सिंह यादव ने बताया कि इससे पहले वह मुम्बई में आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर-प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के अन्तर्गत चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर उनकी पंचायतीराज विभाग में जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है। डॉ. अजीत सिंह यादव ने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर से खेल एवं शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें लक्ष्मण पुरस्कार तथा वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया था।

अपने खेल में बदलाव पर काम कर रहीं सिंधू

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। वह बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल में जगह बना सकीं। यहां चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए सिंधू ने कहा महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है। उन्होंने कहा हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। सिंधू ने कहा बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है।

● संयम और ताकत का तालमेल बैठाने की कवायद चल रही

24 घंटे सूरज की रोशनी में गुलजार होंगे फुटबॉल मैदान

नुउक (ग्रीनलैंड), एजेंसी

यूं तो ग्रीनलैंड साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है, लेकिन जून से अगले तीन महीने यहां 24 घंटे सूरज की रोशनी रहती है। जिसका इंतजार फुटबॉल के दीवाने यहां के लोगों को बेसब्री से रहता है ताकि वे अपना पसंदीदा खेल देख सकें या मैदान पर अपना हुनर दिखा सकें।

करीब 56 हजार की आबादी वाले द्वीप में 10 प्रतिशत यानी करीब 5600 लोग पंजीकृत फुटबॉल खिलाड़ी हैं। जून की शुरुआत में जब मध्य अमेरिका, उत्तर परिसंघ और कैरेबियाई फुटबॉल संघ (कोंकाकाफ) ने मिलकर ग्रीनलैंड फुटबॉल संघ का सदस्य बनने का आवेदन खारिज कर दिया तो यहां के फुटबॉलप्रेमियों को करारा झटका लगा। खनिजों से भरे और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप पर कब्जा करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख्वाहिश के चलते कुछ लोगों ने इसके लिए राजनीति को दोषी ठहराया। कोंकाकाफ फीफा के अधीन छह उपमहाद्वीपीय महासंघों में से एक है। नाटो सहयोगी डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों की फटकार के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य बल के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं का कहना है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है और उन्होंने अर्ध-स्वायत्त डेनमार्क के क्षेत्र पर अमेरिका द्वारा खुफिया जानकारी जुटाने की रिपोर्टों की निंदा की है।

ग्रीनलैंड फुटबॉल टीम के कप्तान पैट्रिक फ्रेडरिकसेन ने हालांकि कहा कि यह फैसला आर्थिक कारणों से लिया गया है। उन्होंने कहा हम सभी को पता है कि ग्रीनलैंड यात्रा करना कितना कठिन है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका से ग्रीनलैंड की सीधी उड़ान यहां पहुंची। न्यूजर्सी से नुउक तक का एक तरफ का टिकट 1200 डॉलर है। बाकी उड़ाने आइसलैंड या कोपेनहेगन होकर आती हैं। इन सभी के बीच यहां के निवासियों की फुटबॉल को लेकर दीवानगी कम नहीं हुई है। अगले तीन महीनों में जब तापमान पांच से दस डिग्री सेल्सियस के करीब होगा, वे फुटबॉल खेलने में अधिकांश समय बिताना चाहते हैं। एक खिलाड़ी एंगुटिमारिक क्रेउत्जमैन ने कहा हम पूरी रात फुटबॉल खेलेंगे। अंधेरा नहीं होने वाला है तो हमारे पास समय ही समय है।

नुउक में एक क्लब के कोच आस्कर स्कॉट कार्ल ने कहा आपको यहां एक मैच देखना चाहिए। इतने सारे लोग इसे देखने के लिए जुटते हैं। इससे देश में एकजुटता की भावना आती है। सर्दियों के लंबे मौसम में अधिकांश खिलाड़ी फुटसाल खेलते हैं जो एक खास तरह की गेंद से हैंडबॉल कोर्ट पर खेला जाने वाला इंडोर फुटबॉल खेल है। इसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

ग्रीनलैंड

● साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है ग्रीनलैंड लेकिन जून से अगले तीन महीने तक 24 घंटे रहती है सूरज की रोशनी

बोनालु समारोह

तेलंगाना के हैदराबाद स्थित गोलकुंडा किले में आषाढ़ मास बोनालु समारोह के दौरान देवी काली की पोशाक में एक कलाकार की प्रस्तुति। बोनालु तेलंगाना की देवी महाकाली पर केंद्रित एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है जो आषाढ़ मास में हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों के साथ राज्य के अन्य हिस्सों में भी प्रतिवर्ष मनाया जाता है। एजेंसी

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन आसमान में चमत्कार

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक क्रांतिकारी उपलब्धि होने के साथ विज्ञान, तकनीक, सहयोग और मानव क्षमताओं का प्रतीक है। इसे अमेरिका की नासा, रूस की रॉस्कोमॉस, यूरोपीय संघ की ईएसए और जापान की जाक्सा समेत कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने मिलकर बनाया है। इस तरह ये अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का भी प्रतीक है जो दिखाता है कि वैज्ञानिक लक्ष्य राजनीतिक सीमाओं से ऊपर हो सकते हैं। आईएसएस सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगशाला है, जहां मानव शरीर पर अंतरिक्ष का प्रभाव, दवाओं और टीकों का विकास, गुरुत्वहीनता में द्रवों और गैसों का व्यवहार और ऐसे जैविक, भौतिक और रासायनिक प्रयोग किए जाते हैं जो पृथ्वी पर संभव नहीं हैं। इन प्रयोगों से पृथ्वी पर जीवन सुधारने और भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं को आसान बनाने में मदद मिलती है।



अत्याधुनिक लैब और तमाम उपकरण

अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और रूस की लैब, 250 केवी बिजली पैदा करने वाला सोलर पैनल, शक्तिशाली रोबोटिक आर्म, इनवायरोमेंटल कंट्रोल सिस्टम, कम्यूनिकेशन सिस्टम, ऑब्जर्वेशन डेक, एक्सप्रेस रैक, ड्रॉकिंग सिस्टम समेत 15 से ज्यादा मॉड्यूल और करीब दो दर्जन प्रणालियां इसे चलता-फिरता अंतरिक्ष शहर बनाते हैं।

भविष्य के मिशनों की तैयारी

आईएसएस को एक ट्रेनिंग और टेस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग किया जाता है। मंगल या चंद्रमा मिशन के लिए तकनीक की जांच की जाती है। अंतरिक्ष यात्रियों को लंबी अवधि के मिशन के लिए यहीं तैयार करने के साथ जीवन रक्षक तकनीकों का भी परीक्षण किया जाता है। आईएसएस 2000 से ज्यादा दिन से इंसानी उपस्थिति बनी हुई है जिसका मतलब है कि इंसान लंबी अवधि तक अंतरिक्ष में रह सकता है।

शैक्षिक भूमिका व तकनीकी विकास

आईएसएस से अंतरिक्ष यात्री धरती पर स्कूली छात्रों, वैज्ञानिकों और आम लोगों से संवाद करते हैं। इससे उनकी विज्ञान में रुचि बढ़ती है और स्पेस एजुकेशन को बढ़ावा मिलता है। आईएसएस के लिए बनाई गई तकनीकों का इस्तेमाल धरती पर भी होता है। इनमें जल शुद्धिकरण प्रणाली, ऊर्जा कुशल प्रणालियां और दूरसंचार और सौर पैनल तकनीक शामिल हैं। लगातार नई प्रणालियां विकसित की जा रही हैं।

फुटबॉल ग्राउंड जितना आकार

आईएसएस का निर्माण सन् 1998 में शुरू हुआ था। इस पर पहला इंसानी मिशन 2000 में हुआ। फुटबॉल ग्राउंड जितना बड़ा आईएसएस स्थापित करने पर करीब 150 अरब डॉलर की लागत आईथी। इसकी गति 28,000 किमी घंटा है, यह हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है। इसे 2030 तक सक्रिय रखने की योजना है। इसके बाद के लिए निजी स्पेस स्टेशन और चंद्रमा की कक्षा में लूनर गेटवे जैसे विकल्प तैयार किए जा रहे हैं।

दिलचस्प तथ्य

- आईएसएस हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है, अंतरिक्ष यात्री दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।
- अंतरिक्ष में सबसे महंगा घर है। इसकी अनुमानित लागत 150 अरब डॉलर यानी 12 लाख करोड़ रुपये है। ये सबसे महंगा मानव निर्मित ढांचा है।
- वजन 420,000 किलोग्राम है और इसका आकार फुटबॉल मैदान जितना है। इसमें 6 से 10 यात्री रह सकते हैं।
- अंतरिक्ष यात्रियों का पेशाब और पसीना फिर पीने योग्य पानी में बदला जाता है। नासा का मजाकिया नारा है- यस्टर्डेज कॉफी इस टूमारोज कॉफी।
- पृथ्वी से 400 किमी ऊंचाई पर स्थित आईएसएस पर वर्ष 2001 में एक रूसी कंपनी ने पिज्जा डिलीवर किया था जो पहली स्पेस डिलीवरी थी।
- आईएसएस से पृथ्वी की लाखों तस्वीरें खींची गई हैं। नासा अक्सर इन्हें इमेज ऑफ द डे में शेयर करता है। यहां 3000 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग हो चुके हैं।

एक नजर

अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में 10 प्रतिशत की गिरावट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम हमले के कारण पिछले साल की तुलना में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में इस साल 10 .19 प्रतिशत की गिरावट आई है। सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा, पहलगाम में घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद कमी आई। उपराज्यपाल ने कहा कि हमला होने से पहले करीब 2 .36 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षाबलों द्वारा उठाए गए कदमों से तीर्थयात्रियों में विश्वास लौट रहा है।

फ्रांस में तूफान से दो लोगों की मौत, 17 घायल

पेरिस। फ्रांस में हुई तूफान एवं मूसलाधार बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। इसके कारण पेड़ उखड़ गए, पेरिस की सड़कों पर पानी भर गया और प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान संसद भवन की छत से पानी टपकने लगा। प्रधानमंत्री फ्रांसवा बायरू ने पश्चिम एशिया पर भाषण देने के बाद नेशनल असेंबली की टपकती छत की ओर दिलाते हुए कहा, क्या आपने देखा कि बारिश हो रही है। बुधवार शाम को बारिश से पेरिस के मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया।

वियतनाम में आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड समाप्त

हनोई। वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत सरकार को हटाने की कोशिश, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेने में मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया।

म्यांमार ने 30 करोड़ डॉलर के मादक पदार्थ नष्ट किए

यांगून। मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस पर म्यांमार के प्रमुख शहरों में 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के जब्त अवैध मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। मादक पदार्थों को नष्ट करने की यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया के गोल्डन ट्रायंगल क्षेत्र और विशेष रूप से म्यांमा के पूर्वी शान राज्य में मेथामटामाइन के 'अभूतपूर्व' उत्पादन और तस्करी की चेतावनी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद हुई है।

अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा : खामेनेई

युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता का पहला बयान, कहा- हमने इजराइल पर विजय प्राप्त की

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल-ईरान के बीच हालिया युद्धविराम के बाद बृहस्पतिवार को अपने पहले सार्वजनिक बयान में दावा किया कि उनके देश ने इजराइल पर जीत हासिल की है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है।

खामेनेई ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में यह टिप्पणियां कीं। ईरान के सर्वोच्च नेता ने किसी भी अन्य अमेरिकी हमले के खिलाफ भी चेतावनी दी। इजराइली सेना की तेहरान पर बमबारी के बाद 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान 86-वर्षीय खामेनेई ने एक गुप्त स्थान पर शरण ली थी। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर उसने हस्तक्षेप नहीं किया, तो यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है।

खामेनेई ने सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरानी मिसाइल हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, इस्लामिक गणराज्य विजयी हुआ और उसने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा। खामेनेई ने चेतावनी दी, भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई दोहराई जा सकती है। ईरान की क्षेत्र में स्थित प्रमुख अमेरिकी अड्डों तक पहुंच है और जब भी वह आवश्यक समझे, वह कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा, यदि कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई को 13 जून को युद्ध छिड़ने के बाद एक गुप्त स्थान पर शरण लेने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया।

इजराइल ने ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किया था और शीर्ष सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। बाद में अमेरिका ने 22 जून को बंकर-बस्टर बमों से ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बाद युद्धविराम की घोषणा की, जो मंगलवार को प्रभावी हुआ।

ईरान में 13 जून से अब तक इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गये हैं और 4,870 अन्य घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख हुसैन करमनपुर ने 'एक्स' पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी तेहरान और पश्चिमी ईरान के करमनशाह में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य प्रभावित प्रांतों में खुजेस्तान, लोरेस्तान, इस्फहान, मरकजी, पूर्वी अजरबैजान, हमेदान, ज़ांजन और गिलान शामिल हैं। इजराइली हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए। इनमें ईरानी परमाणु वैज्ञानिक सेदिघी सबर भी शामिल हैं।

तेहरान में इजराइली हमले में मारे गए अर्धसैनिक बल के सदस्य के जनाजे में शामिल लोग।

दशकों से एक-दूसरे के दुश्मन हैं अमेरिका और ईरान

वाशिंगटन। ईरान के परमाणु स्थलों पर हाल में हुए अमेरिकी हमलों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है। यह बेहतर साबित हो सकता है या फिर और भी बुरा। लगभग आधी सदी के दौरान दुनिया ने दोनों देशों के बीच दुश्मनी के कई दौर देखे हैं। ईरान के लिए जहां अमेरिका सबसे बड़ा शैतान है तो वहीं अमेरिका की नजर में ईरान पश्चिम एशिया में फसाद की जड़ है। हालांकि इस दौर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लहजे में एक बदलाव भी दिखा जब उन्होंने कहा, ईश्वर ईरान का भला करे। यह बदलाव इस सप्ताह ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका की भीषण बमबारी, कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के जवाबी लेकिन संयमित हमले और इजराइल-ईरान युद्ध में ट्रंप की ओर से किए गए अस्थायी युद्ध विराम के बाद आया है।

इजराइल-ईरान युद्धविराम से स्थाई शांति संभव नहीं

येरूशलम। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कंजर्वेटिव सदस्य रिचर्ड बाल्फ ने कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम से सैन्य कार्रवाइयों में कमी आ सकती है लेकिन इससे स्थाई शांति समझौते की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात कहा था कि इजराइल और ईरान युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं जो 24 घंटे बाद से प्रभावी होगा और और इससे 12 दिनों के युद्ध का आधिकारिक अंत हो जाएगा। बाल्फ ने कहा, अगर यह काम करता है तो यह अच्छी खबर है, लेकिन चूंकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को बहुत नापसंद करते हैं, इसलिए इससे सैन्य कार्रवाई समाप्त हो सकती है लेकिन स्थायी समाधान की संभावना नहीं है।

जम्मूः बादल फटने से आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत

जम्मू, एजेंसी

- मरने वालों में दो बच्चे, चार लोगों को बचाया गया

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिले के विभिन्न इलाकों में बृहस्पतिवार को बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के कालाकोट उपमंडल के सियालसुई मौ गांव में एक नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण शकफत अली (14) और उसकी चचेरी बहन सफीना कौसर (11) डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में फंसी साइमा (10) को स्थानीय स्वयंसेवकों ने बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि बच्चे मवेशी चरा रहे थे कि तभी बादल फटने के कारण आई बाढ़ में वे बह गए।

बच्चों के शवों को बरामद कर अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि दुनाडी गांव निवासी बशारत हुसैन (32) का शव राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक बचाव टीम ने डोडा में लोपा नदी से निकाला। अधिकारी ने बताया कि 23 जून को नदी में नहाते समय हुसैन डूब गया था।

उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ ने बलदेव राज (35) और सुशील कुमार (25) को कठुआ के नागरी ब्लॉक में जरमल गांव के पास उफनती उझ नदी से बचाया।

भूस्खलनः मां वैष्णो देवी मंदिर का नया मार्ग बंद

कटरा/जम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाला नया मार्ग बारिश के कारण हुए भूस्खलन से बृहस्पतिवार को अवरुद्ध हो गया। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा पुराने मार्ग से सुचारू रूप से जारी है, जबकि बैटरी कार और हेलीकॉप्टर सेवा अभी निलंबित है। उन्होंने बताया कि हिमकोटि मार्ग पर सत्या व्यू प्वाइंट के निकट भूस्खलन हुआ हालांकि तीर्थस्थल बोर्ड ने भूस्खलन के खतरे के कारण तीर्थयात्रा को पहले ही पुराने मार्ग से कर दिया था। भैरव मंदिर की ओर जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे तीर्थयात्रियों की आवाजाही बाधित हो गई।

चीन अमेरिका के साथ निभाने का रास्ता तलाश कर लेगा

बीजिंग, एजेंसी

- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- तीन सिद्धांतों पर स्थापित होंगे संबंध

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनके देश को उम्मीद है कि चीन और अमेरिका जैसी दो प्रमुख शक्तियां सह-अस्तित्व के लिये सही रास्ता खोज लेंगी। श्री यी ने बुधवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ग्राहम एलिसन के साथ बीजिंग में हुई मुलाकात के दौरान यह बात कही।

बैठक के दौरान चीन के विदेश मंत्री ने उम्मीद जताई कि अमेरिकी पक्ष चीन के साथ आपसी मान्यता के बुनियादी मुद्दे को हल करने के लिए काम करेगा जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के 'तीन सिद्धांतों' के आधार पर सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

यी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और दोनों पक्षों के लिए बेहतर सहयोग के तीन सिद्धांत दिये हैं वही अमेरिकी मसलों से निपटने के उनके देश के 'मौलिक सिद्धांत' हैं।

गौरतलब है कि यह वार्ता दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव के बीच हई है। इस साल दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसने विभिन्न देशों से आयात पर दो-तरफा शुल्क लागू किया। इसके बाद नौ अप्रैल को श्री ट्रम्प ने घोषणा की कि चीन को छोड़कर उन 75 से अधिक देशों पर 90 दिनों पर 10% का 'बेसलाइन टैरिफ' लगाया जाएगा जिन्होंने जवाबी कार्रवाई नहीं की थी और बातचीत का अनुरोध किया था।

मध्य अफ्रीकी गणराज्य के स्कूल में विस्फोट, भगदड़ में 29 बच्चों की मौत

बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य)। मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी के एक उच्च विद्यालय में हुए विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में कम से कम 29 स्कूली बच्चों की मौत हो गई और करीब 260 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

- खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करते समय हुआ विस्फोट, 260 से ज्यादा लोग घायल

देश के राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को बांगुई के बार्थेलेमी बोगांडा उच्च विद्यालय के परिसर में लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद उसमें विद्युत आपूर्ति बहाल की जा रही थी और उसी दौरान विस्फोट हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट के बाद मची भगदड़ में 16 छात्राओं समेत ज्यादातर पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य की मौत अस्पताल में हुई। मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 260 लोग घायल हुए हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के समय, परीक्षाओं में शामिल होने के लिए स्कूल में करीब 5,000 विद्यार्थी मौजूद थे।

पाकिस्तान कर रहा है सीएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर में राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का किया पुरजोर खंडन

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की कश्मीर पर राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का पुरजोर खंडन किया है और इस्लामाबाद को संयुक्त राष्ट्र के बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक बताया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने बुधवार को सीएएसी एजेंडे पर एक बहस के दौरान बोलते हुए भारत को बदनाम करने और संयुक्त राष्ट्र प्रक्रियाओं को पटरी से उतारने के पाकिस्तान के अनुचित प्रयासों को खारिज कर दिया। हरीश ने यह बात पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद के उस बयान पर कही जिसमें उन्होंने कश्मीरी बच्चों का उल्लेख किया था जिन्हें जम्मू-कश्मीर में पीड़ित बताया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए इस्लामाबाद पर मानवाधिकार उल्लंघनों, विशेष रूप से बच्चों से जुड़े उल्लंघनों से ध्यान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को दर्ज किया गया है। इनमें स्कूलों, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूलों, स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले और अफगान बच्चों को प्रभावित करने वाली सीमा पार हिंसा की घटनाएं शामिल हैं।

मेटा के खिलाफ एआई प्रशिक्षण के लिए रचनाओं की चोरी का मुकदमा खारिज

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने फेसबुक की मूल कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स का पक्ष लेते हुए लेखकों के एक समूह द्वारा दायर कॉपीराइट उल्लंघन के मुकदमे को खारिज कर दिया है। लेखकों ने कंपनी पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण के लिए उनकी रचनाओं को चुराने का आरोप लगाया था।

- लेखकों ने लगाया था एआई ट्रेनिंग के लिए उनकी रचनाओं को चुराने का आरोप

अमेरिकी जिला न्यायाधीश विंस छाबड़िया ने बुधवार को फैसला सुनाया। सैन फ्रांसिस्को की संघीय अदालत का एक सप्ताह में यह दूसरा फैसला था, जिसमें एआई उद्योग के खिलाफ पुस्तक लेखकों के कॉपीराइट दावों को खारिज किया गया। छाबड़िया ने पाया कि मेटा पर मुकदमा करने वाले 13 लेखकों ने गलत दलील पेश कीं। उन्होंने मामले को खारिज कर दिया लेकिन यह भी कहा कि फैसला इस मामले में लेखकों तक ही सीमित है और इसका मतलब यह नहीं है कि कॉपीराइट वाली सामग्रियों का मेटा द्वारा उपयोग वैध है। वादियों में कॉमेडियन सारा सिल्वरमैन और लेखक जैकलीन वुडसन तथा ता-नेहिसी कोट्स जैसे लोग शामिल हैं।

नेपालः उच्च सदन में ओली सरकार अल्प मत में आई

काठमांडू, एजेंसी

- प्रमुख मधेसी सरकार ने गठबंधन से वापस लिया समर्थन

नेपाल में एक प्रमुख मधेसी पार्टी ने प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से औपचारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है, जिससे सरकार नेशनल असेंबली (उच्च सदन) में अल्पमत में आ गई है।

हालांकि, उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी, नेपाल के इस फैसले से गठबंधन सरकार पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त संख्याबल है। ओली की पार्टी ने कहा कि उन्हें जेएसपी के समर्थन वापस लेने का कोई कारण नहीं दिखता। जेएसपी ने 23 और 24 जून को आयोजित पार्टी की कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया।

जेएसपी के उपाध्यक्ष शिवलाल थापा ने बताया, अब कुछ दिनों में पार्टी अपने संसदीय दल की बैठक बुलाएगी और फिर संसद के अध्यक्ष को अपने फैसले से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार का नेतृत्व संभालते समय ओली ने भ्रष्टाचार खत्म करने, सुशासन सुनिश्चित करने, आर्थिक प्रगति लाने और संविधान में संशोधन करने का वादा किया था।

कनाडा में भारतीय युवती से लूटपाट

ओटावा। कनाडा के मैनिटोबा प्रांत की राजधानी विन्निपेग में भारतीय युवती पर उसके घर के पास बेरहमी से हमला कर लूटपाट की गई। इस घटना के सिलसिले में एक लड़की को गिरफ्तार किया गया है।

विन्निपेग पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक युवती की पहचान भारतीय समुदाय के सदस्यों ने तनप्रीत कौर (23) के रूप में की है। वह 23 जून को शाम की पाली खत्म करने के बाद विन्निपेग में अपने अपार्टमेंट जा रही थी। इसी दौरान आधी रात के बाद रोसलिन रोड के 1-99 ब्लॉक में दो अजनबियों ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया। विन्निपेग पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इलाके में आसपास खड़े लोगों ने हमला रोका, लेकिन संदग्धि पीड़िता को चाकू मार व लूटपाट कर भाग गए। बयान में कहा गया है कि पीड़िता को चाकू मारकर सेल फोन छीन लिया गया।

विमान हादसा

कोई रो तक नहीं पा रहा था, कोई बेटे के शव की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने को नहीं हुआ तैयार

यात्रियों का जो हाल हुआ, मुश्किल से स्वीकार कर पाए परिजन

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद मृतकों के परिजनों की मदद के लिए तैनात किए गए मनोचिकित्सकों ने बताया कि कई लोग अपने परिवार के सदस्य की मौत की बात को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे थे। मनोचिकित्सकों ने बताया कि उन्हें इन लोगों की मदद के लिए किन परिस्थितियों में काम करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि पत्नी की मौत से भावनात्मक रूप से टूट चुका एक व्यक्ति रो तक नहीं पा रहा था, क्योंकि उसने मौत को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। वहीं एक पिता अपने बेटे की पहचान के लिए डीएनए जांच कराने के लिए तैयार नहीं हुआ। चालक दल के एक सदस्य का परिवार डीएनए पुष्टि के लिए सात दिन तक इंतजार करने के कारण भावनात्मक रूप से टूट गया।

मनोचिकित्सकों ने कहा कि यह सिलसिला 12 जून से जारी रहा, जब लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद भीड़भाड़ वाले बी जे मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और मेडिकल कॉलेज के आसपास मौजूद 29 लोगों की मौत हो गई थी। विमान हादसे ने शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया।

कई लोगों के लिए, यह एक ऐसा अनुभव था जो उनकी कल्पना से कहीं अधिक कष्टदायक था। अफरातफरी के बीच बीजे मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। पांच सीनियर रेजिटेंड और पांच परामर्शदाताओं की मनोचिकित्सक टीम को अस्पताल के कसौटी भवन, पोस्टमॉर्टम बिल्डिंग और सिविल अधीक्षक कार्यालय में चौबीस घंटे तैनात किया गया। उनका काम त्रासदी के बाद मानसिक आघात का सामना कर रहे परिवारों को सहारा देना है।

त्रासदी झेल रहे परिवारों को समझाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज में बनाई गई थी टीम

सच्चाई मानने से इन्कार करते रहे लोग

बीजेएमसी की डीन और मनोचिकित्सा प्रमुख डॉ. मीनाक्षी पारीख ने कहा, दुर्घटना अकल्पनीय थी। यहां तक कि आसपास खड़े लोग भी परेशान थे। फिर किसी ऐसे व्यक्ति की क्या हालत होगी जिसने अपने प्रियजन को खो दिया हो। उन्होंने कहा, खबर सुनने वाले लोग इतने परेशान थे, तो हम उन लोगों के परिवार के सदस्यों की मन :स्थिति की कल्पना भी नहीं कर सकते जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। दुर्घटना की भयावह तस्वीरें प्रसारित होने के साथ ही स्तब्ध, हताश, और उम्मीद लगाए परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। एक अकेले जीवित बचे व्यक्ति का जिक्र सुनकर कई लोगों ने बताया कि वह उनका प्रियजन हो सकता है। डॉ. उर्विका पारीख ने कहा, लोग सच्चाई को मानने से पूरी तरह इनकार कर रहे थे। उन्हें समझाना बहुत मुश्किल था।